राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 149
लखनऊ, शुक्रवार 30 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



जया एकादशी पर कड़ाके की सर्दी में श्रद्धालुओं ने लगायी गंगा में डुबकी 10

जनहित में कैबिनेट ने लिये अहम निर्णय : केशव 03

# शिक्षकों-शिक्षामित्रों को मिलेगा कैशलेस इलाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को सुबह 11 बजे लोकभवन में सीएम योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ आज शिक्षकों और शिक्षामित्रों को बड़ा तोहफा दिया। जिसमें आज प्रदेश में राज्य कर्मचारियों की तरह सरकार शिक्षकों को कैशलेस ट्रीटमेंट की सुविधा भी लागु की गई और इस प्रस्ताव को योगी सरकार ने मंजूरी दी।

सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 32 प्रस्तावों में से 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उत्तर प्रदेश के लगभग 15 लाख शिक्षकों को कैशलेश चिकित्सीय सुविधा का तोहफा योगी सरकार ने दिया है।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। बैठक में शिक्षा विभाग से जुड़े अहम फैसले भी लिए गए।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत सभी शिक्षकों को अब कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

यह सुविधा आयुष्मान योजना के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जिससे लगभग 12 लाख शिक्षक लाभान्वित होंगे। इस निर्णय से शिक्षकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित होगा। वहीं, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने जानकारी दी कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले लगभग तीन लाख शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है और यह निर्णय उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। कैबिनेट के इन फैसलों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का हिस्सा माना जा रहा है, जिससे प्रदेश के लाखों शिक्षकों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी सामाजिक सुरक्षा मजबूत होगी।



### विस्थापित हिंदू बंगाली परिवारों के पुनर्वास को मंजूरी

यूपी मंत्रिमंडल ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से विस्थापित 99 हिंदू बंगाली परिवारों के पुनर्वास को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी है। वरिष्ठ मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह परिवार फिलहाल मेरठ जिले में झील की जमीन पर अवैध रूप से रह रहे हैं। मंत्रिमंडल बैठक के बाद जानकारी देते हुए वित्त और संसदीय कार्य मंत्री खन्ना ने कहा कि अभी मेरठ की मवाना तहसील के नगला गोसाई गांव में रह रहे इन परिवारों को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों के पालन में दूसरी जगह बसाया जाएगा। मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि पुनर्वास योजना के तहत, 50 परिवारों को कानपुर देहात जिले की रसूलबाद तहसील के भैंसया गांव में पुनर्वास विभाग के नाम पर दर्ज 11.1375 हेक्टेयर (27.51 एकड़) जमीन पर बसाया जाएगा, जबकि बाकी 49 परिवारों को ताजपुर तरसौली गांव में 10.530 हेक्टेयर (26.01 एकड़) जमीन पर बसाया जाएगा। हर परिवार को 30 साल के पट्टे पर 0.50 एकड़ जमीन दी जाएगी, जिसे हर बार 30 साल के लिए दो बार बढ़ाया जा सकेगा, जिसकी अधिकतम पट्टा अवधि 90 साल होगी। खन्ना ने बताया कि पट्टा तय प्रीमियम या पट्टा किराए के भुगतान पर दिया जाएगा।

**सीएम ने दिया बड़ा तोहफा, सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 32 प्रस्तावों में से 30 प्रस्तावों को मिली मंजूरी**

### शहरी पुनर्विकास नीति को भी मिली मंजूरी

अन्य अहम फैसलों के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए, खन्ना ने कहा कि मंत्रिमंडल ने नियोजित शहरी विकास के मकसद से शहरी पुनर्विकास नीति 2026 को मंजूरी दी है। यह नीति भवन मानचित्र की मंजूरी की प्रक्रिया को आसान बनाएगी ताकि नियमों का पालन हो सके, साथ ही संशोधित विकास शुल्क भी लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने बरेली और मुरादाबाद में साइंस पार्क और तारामंडल की स्थापना को भी मंजूरी दी है। खन्ना ने कहा कि मंत्रिमंडल ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को भी मंजूरी दी है। इस फैसले के तहत, आपदा प्रभावित परिवारों को सरकारी आवास और जमीन का पट्टा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले अधिकारियों को बहराइच जिले में आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए जमीन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था, जिसमें राजस्व गांव परतापुर भी शामिल है, जहां एक दुखद घटना में नदी पार करते समय नौ लोगों की मौत हो गई थी। प्रभावित इलाके का हवाई सर्वे किया गया और परतापुर गांव के परिवारों को बसाया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रभावित परिवारों को घर दिए जाएंगे, साथ ही जमीन के पट्टे भी दिए जाएंगे। खन्ना ने बताया कि कुल 136 परिवारों को घरों के साथ जमीन के पट्टे दिए जाएंगे, और उनकी खेती की जरूरतों के हिसाब से उन्हें खेती की जमीन भी पट्टे पर दी जाएगी।

# हवाई हादसे की सच्चाई जल्द आएगी सामने एयरपोर्ट से बरामद किया गया ब्लैक बॉक्स

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि बुधवार को बारामती हवाई पट्टी के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए लियरजेट 45 विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण होता है जो विमान की उड़ान के दौरान सभी तकनीकी और उड़ान संबंधी जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह विमान दुर्घटनाओं की जांच में अहम भूमिका निभाता है।

मंत्रालय ने कहा कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा इस दुर्घटना की जांच तेजी से की जा रही है। इस हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई थी। एएआईबी को 2,250 किलोग्राम या उससे अधिक कुल भार वाले विमानों और टर्बोजेट विमानों से जुड़ी सभी दुर्घटनाओं व गंभीर घटनाओं की जांच करने का अधिकार प्राप्त है। बुधवार को इसे इस दुर्घटना की जांच का निर्देश दिया गया था। नागर विमानन मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। दिल्ली स्थित वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित लियरजेट 45 विमान बारामती की हवाई पट्टी पर उतरने के दूसरे प्रयास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में पवार, उनके निजी सुरक्षा अधिकारी और परिचारक, साथ ही चालक दल के सदस्य पायलट-इन-कमांड सुमित कपूर और प्रथम अधिकारी शांभवी पाठक की मृत्यु हो गई थी। मंत्रालय ने कहा, एक पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसने कहा कि बारामती के पास हुई इस घटना के तुरंत बाद सभी आवश्यक प्रतिक्रिया और जांच तंत्र सक्रिय कर दिए गए थे। एएआईबी के दिल्ली के तीन और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मुंबई स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के तीन अधिकारियों ने 28 जनवरी को दुर्घटनास्थल का मुआयना किया था।

### राजकीय सम्मान के साथ अजित पवार को दी गई अंतिम विदाई



महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार का गुरुवार को यहां विद्या प्रतिष्ठान के मैदान में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। हजारों लोगों की उपस्थिति के बीच अजित पवार के बेटों पार्थ पवार और जय पवार ने अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं। इस दौरान उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार, चाचा शरद पवार और बहन सुप्रिया सुले तथा परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर सहित कई प्रमुख नेताओं ने अंतिम संस्कार में शिरकत की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस शोकपूर्ण अवसर पर महाराष्ट्र भर से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता बारामती पहुंचे थे। अंतिम रस्मों के दौरान शमशान में अजित दादा अमर रहे और अजित दादा परत या (अजित दादा वापस आओ) जैसे भावुक नारे गूंजते रहे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकंपा) के अध्यक्ष अजित पवार का बुधवार सुबह उस समय निधन हो गया था, जब उन्हें और चार अन्य लोगों को ले जा रहा विमान हादसे का शिकार हो गया था।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,79,000/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,64,100/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,34,290/10 ग्राम |
| चांदी | | = 4,10,000/किग्रा |



# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और यूजीसी को नोटिस जारी किया। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत ने फिलहाल यूजीसी के नए रेगुलेशन पर रोक लगा दी है और स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि तब तक 2012 के यूजीसी रेगुलेशन ही लागू रहेंगे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस मामले में सुनवाई की।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दलील दी कि उन्होंने यूजीसी के नए नियमों के सेक्शन 3सी को चुनौती दी है। उनका कहना था कि रेगुलेशन में भेदभाव की जो परिभाषा दी गई है, वह संविधान के अनुरूप नहीं है। विष्णु शंकर जैन ने तर्क दिया कि संविधान के अनुसार, भेदभाव का प्रश्न देश के सभी नागरिकों से जुड़ा है, जबकि यूजीसी के नए नियमों में भेदभाव को केवल विशेष वर्ग तक सीमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह परिभाषा न केवल अधूरी है, बल्कि संवैधानिक भावना के विपरीत भी है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मान लीजिए दक्षिण भारत का कोई छात्र उत्तर भारत में दाखिला लेता है या उत्तर का छात्र दक्षिण में पढ़ने जाता है और उसके खिलाफ कोई अपमानजनक टिप्पणी की जाती है, जबकि दोनों पक्षों की जाति की जानकारी नहीं है, तो ऐसी स्थिति में कौन-सा प्रावधान लागू होगा? इस पर विष्णु जैन ने जवाब दिया कि सेक्शन 3ई ऐसी परिस्थितियों को कवर करता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव होता है, तो उसके लिए अलग से प्रावधान मौजूद है और उस पर कार्रवाई की जा सकती है। एक अन्य याचिकाकर्ता के वकील ने सवाल उठाया कि यूजीसी के नए नियमों में रैगिंग से जुड़े प्रावधान क्यों हटाए गए हैं। उन्होंने आशंका जताई कि नया रेगुलेशन शिक्षा व्यवस्था को आगे ले जाने के बजाय पीछे की ओर धकेल रहा है। उनका कहना था कि भविष्य में ऐसा हो सकता है कि कोई फ्रेशर, जो सामान्य वर्ग से आता हो, पहले ही दिन अपराधी की तरह देखा जाने लगे और जेल तक पहुंच जाए। यह गंभीर चिंता का विषय है।



**केंद्र को कमेटी बनाने का दिया आदेश, कहा- इसकी भाषा में स्पष्टता नहीं**

### आजादी के 75 साल बाद भी हम समाज को जातियों से मुक्त नहीं कर सके : चीफ जस्टिस

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी हम समाज को जातियों से मुक्त नहीं कर सके हैं। सवाल यह है कि क्या इस नए कानून के जरिए हम और पीछे की ओर जा रहे हैं? याचिकाकर्ताओं ने अदालत से यूजीसी के नए रेगुलेशन को समाप्त करने और उस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि यदि अदालत अनुमति दे, तो वे इससे बेहतर और संतुलित रेगुलेशन तैयार कर सकते हैं। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह एक संवैधानिक मामला है। हालांकि, कोर्ट ने रेगुलेशन में प्रयुक्त भाषा को लेकर चिंता जताई। चीफ जस्टिस ने कहा कि रेगुलेशन में इस्तेमाल किए गए शब्दों से यह संकेत मिलता है कि इसके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं, जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने टिप्पणी की कि अदालत समाज में एक निष्पक्ष और समावेशी माहौल बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सेक्शन 2ई पहले से मौजूद है, तो फिर 2सी की प्रासंगिकता कैसे बनती है?

# लोकसभा में वित्त मंत्री ने पेश किया इकोनॉमिक सर्वे



**एजेंसी, नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा पेश की। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल समाप्त होते ही सदन में आर्थिक समीक्षा प्रस्तुत की। इसके बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सीतारमण आगामी रविवार, एक फरवरी को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश की। भारत की संभावित वृद्धि दर लगभग सात प्रतिशत आंकी गई है, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.8 से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है।

वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर प्रथम अग्रिम अनुमान के अनुसार 7.4 प्रतिशत और सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान। समीक्षा में कृत्रिम मेधा (एआईत) की तेजी से उत्पादकता में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने से व्यापक वित्तीय संकट के प्रति आगाह किया गया जिससे अत्यधिक आशावादी परिसंपत्ति मूल्यांकन में कमी आ सकती है। रुपये में गिरावट भारत की उत्कृष्ट आर्थिक बुनियाद को सटीक रूप से प्रतिबिंबित नहीं करती है। बाहरी वातावरण अनिश्चित बना हुआ है।

भारत को सतर्क रहने की जरूरत है लेकिन निराशावादी होने का कोई कारण नहीं है। समीक्षा में गिग कर्मियों के लिए काम की शर्तों को नया रूप देने वाली नीति की वकालत की गई है। यूरोप के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत की विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता, निर्यात क्षमता और रणनीतिक क्षमता को मजबूत करेगा। स्वदेशी को एक अनुशासित रणनीति के रूप में लागू करने के पक्षधरों का कहना है कि आयात प्रतिस्थापन के सभी विकल्प न तो व्यवहार्य हैं और न ही वांछनीय। समीक्षा में राष्ट्रीय कच्चा माल लागत कटौती रणनीति की मांग की गई है।

इसमें स्वदेशी से रणनीतिक अनिवार्यता की ओर बढ़ने का सुझाव दिया गया है ताकि दुनिया भारतीय उत्पाद खरीदने के बारे में सोचने से बिना सोचे समझे भारतीय उत्पाद खरीदने की ओर अग्रसर हो सके।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश के रूप में सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं की निरंतर मांग के कारण इनकी कीमतों में वृद्धि जारी रहने की संभावना है। केंद्र सरकार की राजस्व प्राप्तियां वित्त वर्ष 2024-25 (अस्थायी) में बढ़कर जीडीपी के 9.2 प्रतिशत पर पहुंच गईं। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां सितंबर, 2025 में घटकर 2.2 प्रतिशत पर आ गईं, जो कई दशक का निचला स्तर है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत मार्च, 2025 तक 55.02 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 36.63 करोड़ खाते ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं। वित्त वर्ष 2025-26 (दिसंबर 2025 तक) के दौरान 2.35 करोड़ डीमैट खाते जोड़े गए, जिससे इनकी कुल संख्या 21.6 करोड़ से अधिक हो गई। सितंबर, 2025 में विशिष्ट निवेशकों की संख्या 12 करोड़ के पार पहुंच गई जिनमें लगभग 25 प्रतिशत महिलाएं हैं। विकसित भारत जी राम जी, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का एक व्यापक वैधानिक सुधार है। इसका उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को विकसित भारत 2047 के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप बनाना है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के तहत 14 क्षेत्रों में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का वास्तविक निवेश आकर्षित हुआ है। इससे 18.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त उत्पादन बिक्री और 12.6 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं (सितंबर, 2025 तक)।

## संक्षिप्त समाचार

### मारा गया राज चौहान हत्याकांड का आरोपी, दो पुलिसकर्मी घायल

**आगरा।** पुलिस के एक अधिकारी की पिस्तौल छीनकर पुलिस दल पर गोली चलाने का आरोपी बृहस्पतिवार तड़के आगरा में एक पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जवाबी कार्रवाई में एक गोली अरबाज खान की छाती पर और दूसरी उसके दाहिने पैर में लगी। बयान के अनुसार, उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया और बाद में एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों घायल पुलिसकर्मियों को आगरा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड था।

### सफाई के दौरान सफाई कर्मियों की मौत के मामले में मिलेगा 30 लाख मुआवजा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि मैला ढोने और नालों की सफाई के कारण होने वाली मौतों के लिए मुआवजे को बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने का उसका आदेश पुराने मामलों पर भी लागू होगा, यदि उनमें अभी तक मुआवजा तय नहीं हुआ है या मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि न्यायालय ने अक्टूबर 2023 के बलराम मामले में ऐसी मौतों के लिए मुआवजे की राशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी थी। यह स्पष्टीकरण राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा शीर्ष अदालत के समक्ष दायर एक आवेदन के बाद आया है।

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर मुठभेड़ में मारे गए सात लाख के इनामी दोनों नक्सलियों की शिनाख्त

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पामेड थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों के जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है। मारे गए दोनों नक्सलियों की शिनाख्त सात लाख के इनामी प्रदीप उर्फ जोगा, पामेड़ एरिया कमेटी सदस्य इनामी 5 लाख एवं भीमा वेको, पार्टी सदस्य, पामेड़ एरिया कमेटी इनामी 2 लाख के रूप में हुई है। मुठभेड़ स्थल से मारे नक्सलियों के शव के साथ एक एके-47 रायफल, एक, 9 एमएम पिस्टल, गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई है।

# नौ फरवरी से शुरू होगा उप्र विधानमंडल का बजट सत्र, 11 फरवरी को पेश होगा बजट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र नौ फरवरी से प्रारंभ होगा। सत्र की औपचारिक शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से की जाएगी। इसके बाद 11 फरवरी को योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का आम बजट विधानसभा में प्रस्तुत करेगी।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि 9 फरवरी को विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा और 11 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। बजट सत्र के दौरान सरकार की आर्थिक नीतियों, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है।



माना जा रहा है कि इस बजट में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए रोजगार से जुड़े प्रावधानों पर विशेष फोकस रहेगा।

सत्र के दौरान विभिन्न विभागों के अनुदान मांगों पर भी विचार किया जाएगा, वहीं विपक्ष द्वारा सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की रणनीति भी देखने को मिल सकती है।

# चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड, कीमत चार लाख के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

वायदा कारोबार में चांदी की कीमत बृहस्पतिवार को चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गई जबकि सोने का भाव 1.8 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों की मजबूत मांग तेजी की प्रमुख वजह रही।




**बराबर की टक्कर पर रहा सोना**

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी के मार्च में आपूर्ति वाले अनुबंधों का वायदा भाव 22,090 रुपये या 5.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,07,456 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। सोने के वायदा भाव में भी तेजी रही।

एमसीएक्स पर फरवरी में आपूर्ति वाले अनुबंधों की कीमत 14,586 रुपये या 8.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,80,501 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स बाजार पर सोने के वायदा भाव ने पहली बार 5,600 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस का आंकड़ा पार कर दिया। अप्रैल में आपूर्ति वाले सोने का भाव 286.6 डॉलर या 5.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5,626.8 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कॉमेक्स बाजार में चांदी के वायदा भाव में भी तेजी रही और यह 119.51 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। विश्लेषकों का कहना है कि चांदी की औद्योगिक मांग में तेजी और कमजोर अमेरिकी डॉलर ने चांदी को और अधिक समर्थन दिया जो हाल के सत्रों में सोने से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अनिश्चितताओं और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच व्यापारियों द्वारा लगातार सुरक्षित निवेश के रूप में की जा रही खरीदारी से सोने की कीमतों में तेजी जारी रही।

# अयोध्या जिला जेल से भागे रेप-हत्या के आरोपी दो बंदी

## सुरक्षा में बड़ी चूक, जेल अधीक्षक समेत सात सस्पेंड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई। रेप और हत्या जैसे गंभीर मामलों में बंद दो कैदी जेल से फरार हो गए। दोनों बंदियों ने बैरक में लगी ग्रिल काटी और बांस के सहारे चारदीवारी पार कर ली, वहां सीसीटीवी कैमरों की निगरानी नहीं थी। घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया और पुलिस ने तत्काल तीन टीमें गठित कर तलाश अभियान शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों कैदी बैरक से बाहर निकलने के बाद जेल के पिछले हिस्से की ओर पहुंचे, जहां हरियाली अधिक होने के कारण निगरानी कमजोर थी। उन्होंने बांस और अन्य सामान का इस्तेमाल कर चारदीवारी फांदी और फरार हो गए। फरार बंदियों में अमेठी जिले के मुसाफिरखाना निवासी गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज अग्रहरि और सुल्तानपुर निवासी शेर अली शामिल हैं। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी के मुताबिक पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। जांच में पता चला कि दोनों बंदी जेल के पिछले हिस्से से बांस के ऊंचे पेड़ों का सहारा लेकर दीवार पार कर गए। गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमें लगाई गई हैं। एक बंदी हत्या के प्रयास के मामले में जबकि दूसरा बलात्कार के आरोप में जेल में निरुद्ध था।दो बंदियों के फरार होने के मामले में जेल प्रशासन पर बड़ी कार्रवाई की गई है। डीजी जेल पीसी मीणा ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक यूसी मिश्रा को निलंबित कर दिया है। जेलर जेके यादव और डिप्टी जेलर मयंक त्रिपाठी भी सस्पेंड हुए है। लापरवाही बरतने पर एक हेड जेल वार्डर और तीन जेल वार्डरों को भी निलंबित कर दिया गया है। डीआईजी जेल ए.के. मैत्रेय अयोध्या पहुंच गए हैं। डीएम निखिल टीकाराम और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर जिला जेल पहुंचे और हालात का जायजा लिया। डीआईजी जेल ए.के. मैत्रेय ने बताया कि दोनों बंदी विशेष बैरक नंबर चार में बंद थे। उन्होंने रोशनदान की ईंटें तोड़कर बाहर निकलने का रास्ता बनाया। मौके से करीब 25 फीट लंबा बांस, 30 फीट की सरिया और एक कंबल बरामद किया गया है। कंबल को रस्सी का रूप देकर दोनों ने बाउंड्री वॉल कूदकर जेल से बाहर निकलने में काम लिया।

**तैयारी** | संपत्ति पंजीकरण में पारदर्शिता के लिए यूपी में लागू होगी आधार प्रमाणीकरण व्यवस्था

# फर्जी रजिस्ट्रियों पर लगेगी प्रभावी रोक

**एक फरवरी से उप निबंधक कार्यालयों में आधार आधारित पहचान सत्यापन अनिवार्य**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के स्टाम्प तथा पंजीयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल ने दस्तावेजों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं संपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में संपत्ति पंजीकरण प्रणाली में आधार प्रमाणीकरण व्यवस्था को लागू किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में 28 अगस्त 2025 को सम्पन्न स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की समीक्षा बैठक में संपत्ति पंजीकरण के दौरान छद्म व्यक्तियों द्वारा की जाने वाली फर्जी रजिस्ट्रियों पर प्रभावी रोक लगाने हेतु आधार प्रमाणीकरण लागू किए जाने के निर्देश दिए गए थे। 2 अगस्त 2024 के माध्यम से रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-69 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश ऑनलाइन दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 2024 को प्रवृत्त किया गया है। इसके अंतर्गत आधार संख्या धारकों की पहचान ई-केवाईसी, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण एवं ई-हस्ताक्षर के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप में स्थापित की जाएगी। विलेख पंजीकरण के दौरान निष्पादकों, पक्षकारों एवं गवाहों की पहचान सत्यापन हेतु आधार प्रमाणीकरण व्यवस्था 1 फरवरी से प्रदेश के उप निबंधक कार्यालयों में लागू कर दी जाएगी।



इस संबंध में समस्त उप निबंधक कार्यालयों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से छद्म व्यक्तियों द्वारा पंजीकरण पर प्रभावी रोक लगेगी, पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी तथा भूमि एवं अचल संपत्ति से जुड़े फर्जीवाड़े, कूटरचित दस्तावेज और विवादों में उल्लेखनीय कमी आएगी। इस अवसर पर महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा तथा विभाग अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## 10 वर्षीय बालक पर गलत आरोप लगाने के मामले में खूनी संघर्ष

- दो लोगों को आई गंभीर चोटें अन्य को मामूली चोटें, पुलिस पर गंभीर आरोप



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के सधुवापर गोकुलपुर ग्राम पंचायत के मंगलपुरवा में 10 वर्षीय बालक पर गंभीर आरोप लगाने के मामले में छिड़े विवाद में हुआ खूनी संघर्ष। मारपीट में दोनों पक्षों से करीब पांच लोग चोटिल हुए। जिनमें दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घायल अमृत लाल पुत्र कल्लू ने बताया कि 26 जनवरी को मेरे 10 वर्षीय बेटे पर लायक राम आदि लोगों ने चाची के साथ गलत नियत का आरोप लगाते हुए गाली दे रहे थे। जिसकी शिकायत थाने पर की गई थी। लेकिन पुलिस की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई। लिहाजा लायक राम और उनके पिता किशोरी का हौसला बढ़ गया और आज एक राय होकर लाठी डंडा से हमला कर दिया। जिससे मुझे और मेरे दो पुत्र तथा पत्नी को चोटें आई हैं।

वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि अमृत लाल आदि लोगों ने हमला किया है। जिससे लायक राम और किशोरी लाल को चोटें आई हैं।

## मिहींपुरवा सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं ठप, डॉक्टर ड्यूटी से गायब

- निजी अस्पताल चलाने में व्यस्त चिकित्सक, सरकारी मरीज भगवान भरोसे

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत जाननी हो तो मिहींपुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति काफी है। यहां डॉक्टरों की मनमानी इस कदर बढ़ चुकी है कि अस्पताल में तैनात कई चिकित्सक महीनों से ड्यूटी पर ही नहीं आ रहे, जबकि दूर-दराज से आए मरीज इलाज के लिए भटकने को मजबूर हैं। गुरुवार को समृद्धि न्यूज़ के संवाददाता के निरीक्षण में सामने आया कि सीएचसी में तैनात डॉक्टर जसमीत सिंह और लेडीज मेडिकल ऑफिसर डॉ. नीलू पोस्टिंग के बाद से अब तक अस्पताल में कभी दिखाई नहीं दीं। इसके अलावा डॉ. जुल्फिकार रिज़वी और





स्टाफ नर्स मुनीर भी ड्यूटी से नदारद मिले।डॉक्टरों की अनुपस्थिति का सीधा असर मरीजों पर पड़ा। सुबह से लाइन में लगे मरीज घंटों इंतजार करते रहे। स्थिति यह रही कि पूरे अस्पताल में केवल एक से दो डॉक्टर ही मरीजों का इलाज करते नजर आए, जिससे अव्यवस्था फैल गई। सबसे चौंकाने वाली और गंभीर बात यह रही कि अस्पताल परिसर में कुछ निजी युवक मरीजों का इलाज करते पाए गए। सवाल यह है कि जब अस्पताल में तैनात डॉक्टर मौजूद नहीं रहते तो निजी लोगों को इलाज करने की अनुमति किसके आदेश पर दी जा रही है? क्या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर अब निजी लोगों के हवाले कर दिया गया है? सूत्रों के अनुसार, सीएचसी में तैनात कई डॉक्टरों के निजी अस्पताल संचालित हैं। आरोप है कि चिकित्सक सरकारी ड्यूटी छोड़ निजी प्रैक्टिस में व्यस्त रहते हैं और उनकी गैरहाजिरी पर जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे हुए हैं। बताया जा रहा है कि सीएचसी अधीक्षक से लेकर सीएमओ कार्यालय तक सब कुछ 'मैनेज' है। जब इस पूरे मामले को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने एक बार फिर जांच कर कार्रवाई किए जाने की बात कही। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जवाब वर्षों से दोहराया जा रहा है, लेकिन आज तक किसी के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हुई।


ग्रामीणों और मरीजों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में डॉक्टर मनमानी कर रहे हैं। यदि जल्द ही सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो सरकारी अस्पतालों से आम जनता का भरोसा पूरी तरह टूट जाएगा।

## प्रशासन की चुप्पी बनी भ्रष्टाचार की ढाल

### लेखपाल की मनमानी पर सवालों के घेरे में तहसील और जिला अफसर

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जनपद की मिहींपुरवा/मोतीपुर तहसील में जो कुछ हो रहा है, वह सिर्फ एक लेखपाल की मनमानी नहीं बल्कि प्रशासनिक संरक्षण में पनप रहा भ्रष्टाचार प्रतीत होता है। ग्राम रायबोझा, परगना नानपारा में आय प्रमाण पत्रों से लेकर जमीन मामलों तक लगे गंभीर आरोप अब सीधे-सीधे तहसील और जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल खुलेआम आय प्रमाण पत्रों में हेरफेर कर गरीबों को सरकारी योजनाओं से बाहर कर रहा है, जबकि रसूखदारों को नियमों के विपरीत लाभ पहुंचाया जा रहा है। सवाल यह है कि बिना उच्च अधिकारियों की जानकारी के क्या यह सब संभव है? अगर जानकारी नहीं है, तो यह प्रशासनिक विफलता है, और अगर जानकारी है, तो यह सीधा संरक्षण। आरोप है कि गरीब मजदूरों की आय जानबूझकर बढ़ाकर दर्ज की जाती है, जिससे वे छात्रवृत्ति, पेंशन, आवास और राशन जैसी योजनाओं से



वंचित रह जाएं। दूसरी ओर, प्रभावशाली लोगों की आय कम दिखाकर उन्हें सरकारी लाभों की सूची में शामिल किया जाता है। यह केवल घोटाला नहीं, बल्कि गरीबों के हक पर प्रशासनिक डाका है। इतना ही नहीं, ग्रामीणों का कहना है कि लेखपाल की कथित मिलीभगत से कृषि भूमि पर अवैध कब्जे कराए जा रहे हैं। विरोध करने वालों को फर्जी मुकदमों में फंसाने और राजस्व अभिलेखों में हेरफेर की धमकियां दी जाती हैं। बड़ा सवाल यह है कि जब गांव में डर का माहौल है, तो प्रशासन कहां है? ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतें देने के बावजूद तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं प्रशासन की चुप्पी ही भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी ताकत तो नहीं बन गई है।

**अब पूछ रही है जनता**

क्या प्रशासन लेखपाल से ऊपर है या लेखपाल प्रशासन से? क्या गरीबों को न्याय सिर्फ कागजों में ही मिलेगा? और अगर यही हाल रहा, तो जनता भरोसा किस पर करे? ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, संबंधित लेखपाल को तत्काल निलंबित किया जाए और पूरे प्रकरण में शामिल अधिकारियों की भूमिका की भी जांच हो। साथ ही लेखपाल की आय से अधिक संपत्ति की जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाए। अब गेंद प्रशासन के पाले में है। अगर इस बार भी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह साफ हो जाएगा कि यह सिर्फ लेखपाल की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विफलता है।

## कुष्ठ उन्मूलन की दिशा में बहराइच बना प्रदेश का मॉडल जिला

- प्रदेश स्तरीय समीक्षा में जनपद को मिला प्रथम स्थान



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस के अवसर पर जनपद ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कुष्ठ रोग नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य के लिए बहराइच को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान 23 जनवरी को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य द्वारा स्वास्थ्य भवन, लखनऊ में आयोजित इंडिकेटर-वार समीक्षा बैठक में दिया गया। यह उपलब्धि वर्षों की सतत निगरानी, समय पर पहचान, गुणवत्तापूर्ण उपचार और समुदाय आधारित हस्तक्षेपों का परिणाम है, जिससे जनपद में कुष्ठ रोग का प्रसार प्रभावी रूप से नियंत्रित हुआ है।

**जागरूकता से टूट रही भ्रांतियाँ**

जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. विनय श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में जनपद में कुष्ठ रोग की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। वर्ष 2022-23 में 214 नये रोगी और प्रसार दर 0.50 थी। 2023-24 में यह 252 रोगियों के साथ 0.59 रही। इसके बाद 2024-25 में यह फिर घटकर 0.50 और 2025-26 में 205 नये रोगियों के साथ प्रसार दर और कम होकर 0.43 पर आ गई है। उन्होंने बताया कि एक समय जनपद की स्थिति चिंताजनक थी। वर्ष 2010-11 में 565 रोगी और प्रसार दर 1.81, 2011-12 में 756 रोगी और प्रसार 2.17, तथा 2012-13 में 774 रोगी और प्रसार 2.09 था। लेकिन अब समय पर पहचान, पूर्ण उपचार और संपर्कियों को पोस्ट एक्सपोज़र प्रोफाइलेक्सिस (क्षक्षक) देने से कुष्ठ रोग पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ है।

**नये रोगियों की संख्या को एक से कम करना**

जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. पवन कुमार वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम का लक्ष्य प्रति 10 हजार जनसंख्या पर नये रोगियों की संख्या को एक से कम करना है। इस दिशा में जनपद में सभी नये कुष्ठ रोगियों के संपर्क में आने वालों को एकल खुराक रिफाम्पिसिन दी जा रही है, जिससे संक्रमण का फैलाव न्यूनतम स्तर पर है।

**कुष्ठ रोग के लक्षण**

डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि यदि त्वचा के रंग में बदलाव, सुन्नपन, चमकीली या तैलीय त्वचा, कान के पल्लव का मोटा होना, त्वचा पर गांठें, आंखों से पानी आना, भौंहों का झड़ना, हाथ-पैर में दर्द रहित घाव, बटन बंद करने में दिक्कत, उंगलियों का ठीक से न मुड़ना या चलते समय पैर घिसटने जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल, आशा या स्वास्थ्यकर्मी से संपर्क करें। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर कुष्ठ रोग की जांच और उपचार निःशुल्क उपलब्ध है।

## खबरें एक नजर में

### बैंक के साथ धोखाधड़ी और सरकारी धन के आरन के मामले में न्यायालय ने दिया प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज ( जू0डि0 ) प्रतिभा शुक्ला ने अभियुक्त द्वारा बैंक में कूटरचित प्रपत्र (खेतौनी) दाखिल कर छलपूर्वक बैंक के साथ धोखाधड़ी और सरकारी धन का अनुचित तरीके से आहरण करने के मामले में भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा के प्रबंधक के आवेदन पर विपक्षी विजय शंकर निवासी ग्राम लाल नगर कलहंस पर थाना कोतवाली नगर को एफ आई आर दर्ज करने का आदेश दिया है। भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिवक्ता सरदार राजेन्द्र सिंह खुराना ने बताया कि विपक्षी विजय शंकर निवासी लाल नगर कलहंस ने अपने कृषकीय भूमि पर दिनांक 20अगस्त 2013 को दो लाख अठहत्तर हजार रुपये भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा से के सी सी ऋण प्राप्त किया तथा बंधकशुदा भूमि को दूसरे को विक्रय कर दिया और बैंक में झूठा शपथ पत्र भी दिया की ऋणी ने इससे पूर्व किसी संस्था से ऋण प्राप्त नहीं किया न ही बिना ऋण अदायगी के किसी भी संस्था या बैंक से ऋण लेगा या विक्रय करेगा।अभियुक्त ने बैंक के साथ कूटरचित प्रपत्र खेतौनी दाखिल कर छलपूर्वक के साथ धोखाधड़ी करते हुए अनुचित तरीके से धन आहरण कर लिया है जो आपराधिक कृत्य है।बैंक के अधिवक्ता की प्रभावी बहस और दाखिल कागजात के अधार पर न्यायालय ने विपक्षी द्वारा बैंक के साथ धोखाधड़ी और छल पूर्वक आपराधिक कृत्य को गंभीर मानते हुए कोतवाली नगर को एफ आई आर दर्ज करने का आदेश देते हुए पंद्रह दिवस के भीतर आख्या भी तलब किया है।



### ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी अभियुक्त को 3 वर्ष का कारावास

15 हजार अर्थदण्ड की सजा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** दिनांक 23.09.2022 को थाना मोतीगंज क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना मोतीगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी नाबालिग लड़की के साथ विपक्षी रोहित कुमार पुत्र सुन्दरलाल नि0 कहोबा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा द्वारा स्कूल जाते समय छेड़छाड़ की जाती है। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना मोतीगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। जिसमें मोतीगंज पुलिस द्वारा रोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। तत्कालीन विवेचक द्वारा साक्ष्य संकलन व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र दिनांक 16.11.2022 को न्यायालय में प्रेषित किया गया। **दोषसिद्धि का विवरण-**

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे आज दिनांक 29.01.2026 को उक्त अभियोग में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट निर्भय प्रकाश द्वारा मॉनिटरिंग सेल, अभियोजक सुनील मिश्रा, कोर्ट मोहर्रिर म0का0 वंदना व थाना मोतीगंज की पैरोकार म0आ0 सारिका की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दोषी अभियुक्त रोहित कुमार को 03 वर्ष का कारावास व 15,000/- रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### रेल परियोजना से प्रभावित किसानों को नौकरी देने की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** निर्माणाधीन खलीलाबाद-बहराइच रेलमार्ग परियोजना में किसानों की भूमि अधिग्रहण को लेकर अब रोजगार का मुद्दा भी जोर पकड़ने लगा है। रेलवे लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष कमाल अहमद सिद्दीकी ने इस संबंध में केन्द्र सरकार को पत्र भेजकर किसानों के हित में अहम मांग उठाई है। उन्होंने अधिग्रहित की गई भूमि के बदले किसानों के परिवार के एक सदस्य को रेलवे विभाग में नौकरी दिए जाने की मांग की है। अपने मांग पत्र में कमाल अहमद सिद्दीकी ने उल्लेख किया है कि यह रेलवे परियोजना क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके क्रियान्वयन में बड़ी संख्या में किसानों की आजीविका प्रभावित हो रही है। रेलवे विभाग द्वारा किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है, जबकि इस क्षेत्र के अधिकांश किसान केवल कृषि पर ही निर्भर हैं और उनके पास रोजगार का कोई वैकल्पिक साधन उपलब्ध नहीं है। उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि उतरौला क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में किसी प्रकार के औद्योगिक प्रतिष्ठान या फैक्ट्रियां नहीं हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा हो सकें। ऐसी स्थिति में जमीन खो चुके किसान और उनके परिवार के सदस्य रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे प्रदेशों की ओर पलायन करने को विवश हो रहे हैं, जिससे सामाजिक और आर्थिक समस्याएं बढ़ रही हैं। संघर्ष समिति के अध्यक्ष ने केन्द्र सरकार और रेलवे विभाग से मांग की है कि रेलवे परियोजना के अंतर्गत जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है।

## तहसील तरबगंज के विकासखण्डों की फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद के विभिन्न विकासखण्डों में फार्मर रजिस्ट्री के प्रगति कार्यों की गहन समीक्षा करना था। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड तरबगंज, वजीरगंज, नवाबगंज तथा बेलसर के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों एवं फील्ड कर्मचारियों, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम पंचायत सचिव, कृषि विभाग के अधिकारीगण को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ



समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से डोर-टू-डोर सर्वे कर वास्तविक किसानों की पहचान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सर्वे के दौरान मृतक किसानों को चिन्हित कर उनकी प्रविष्टियों को अलग किया जाए, जिससे अभिलेखों की शुद्धता बनी रहे और किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण आधार है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने भी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विकासखण्डों में आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जाए तथा प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण किया जाना आवश्यक है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड स्तर पर सतत निगरानी रखते हुए कार्य को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उपनिदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बच्चों का किया गया निपुण आकलन

### बच्चों से हिंदी तथा गणित के प्रश्न पूछ कर किया आकलन

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर आशीष कुमार सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा के निर्देश पर जनपद के समस्त प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा एक तथा दो के 12 -12 छात्रो का निपुण आकलन करने का निर्देश जारी किया गया था।विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि निपुण आकलन के आदेश के अनुपालन में गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा में कक्षा 1 व 2 के 12 -12 बच्चों का आकलन टेस्ट ऑनलाइन किया गया। निपुण आकलन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर में डीएलएड प्रशिक्षण कर रही छात्राओं प्रतीक्षा मिश्रा तथा आकांक्षा पाण्डेय ने किया। इसमें बच्चों से हिंदी भाषा तथा गणित के प्रश्न पूछ कर आकलन किया गया। निपुण आकलन एक उत्सव के रूप में विद्यालय में मनाया गया। निपुण आकलन कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र, नोडल शिक्षक संकुल अजय कुमार श्रीवास्तव, शिक्षक दिनेश कुमार आकलन आयोजक महिमा दुबे,रतना सिंह, महेश चंद्र ने बच्चों का आकलन करने में पूरी मदद की।




## गन्ना विकास परिषद ने किसानों को किया प्रशिक्षित



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** गन्ना विकास परिषद उतरौला, बलरामपुर द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत 10 कृषकों को प्रशिक्षण हेतु उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर भेजा गया। परिषद क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से इच्छुक गन्ना कृषकों को 28 जनवरी 2026 को अपराहन 12:00 बजे वाहन को हरि झंडी दिखाते हुए नरेंद्र कुमार सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, उतरौला एवं डॉ0 आर0पी0 शाही, महाप्रबंधक गन्ना चीनी मिल इटई मैदा द्वारा प्रशिक्षण हेतु रवाना किया गया।जनपद बलरामपुर से गए हुए 50 कृषक शोध केंद्र पर वैज्ञानिकों तथा विषय विशेषज्ञ द्वारा गन्ने के नवाचार, गन्ने में तकनीकी का उपयोग,सहफसली, पेड़ी प्रबंधन, जैव उर्वरक, मृदा स्वास्थ्य आदि के बारे में प्रशिक्षित किए जाएंगे। साथ ही शोध केंद्र पर उन्हें गन्ने के वैज्ञानिक खेती से संबंधित प्रशिक्षण सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी।इस दौरान कृषक प्रशिक्षणार्थियों को वैज्ञानिक व्याख्यान, शोध प्रक्षेत्र भ्रमण तथा प्रयोगशाला भ्रमण के माध्यम से भी प्रशिक्षित किया जाएगा।ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह द्वारा इस दौरान अवगत कराया गया कि प्रशिक्षित कृषक नवीन तकनीक से प्रशिक्षित होने के पश्चात अपने खेतों पर गन्ना का अधिक उत्पादन कर सकेंगे। साथ ही स्थानीय कृषक को भी प्रशिक्षित करेंगे। डॉ0 शाही द्वारा ऐसे कार्यक्रमों को कृषकों के आमदनी बढ़ाने तथा लागत को कम करने की दिशा में भी सराहनीय कदम बताया गया। इस अवसर पर कृषक फकीरी लाल, सुखराम, राजमान, परशुराम एवं गन्ना पर्यवेक्षक अतुल कुमार सिंह, सनोज कुमार रावत, मनोज श्रीवास्तव, अमित कुमार शाह, परमेश्वर कुशवाहा, अजीत कुमार चौधरी, अखिलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण व संरक्षण समिति की बैठक संपन्न



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य जनपद में बच्चों के संरक्षण, कल्याण एवं उनके अधिकारों से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करना रहा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने चाइल्ड प्रोटेक्शन सिस्टम, बाल श्रम उन्मूलन, बाल विवाह रोकथाम, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल देखभाल संस्थाओं की स्थिति, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्यवाही की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों का सुरक्षित वातावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मानसिक विकास प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित मामलों में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र बच्चों तक अनिवार्य रूप से पहुंचे। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग, जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन एवं फील्ड-लेवल पर सक्रिय निगरानी पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक, सहायक श्रमायुक्त, बलरामपुर, अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, सहायक मुख्य विधिक सहायता एवं प्रतिरक्षा, परामर्शदाता (प्रतिनिधि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण), विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई, मैनेजर/को-ऑर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन, मैनेजर/को-ऑर्डिनेटर राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई, केस वर्कर वन स्टॉप सेन्टर, श्री अर्पित श्रीवास्तव (रोज़ा संस्था) सहित जिला बाल संरक्षण इकाई एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनुशासनहीनता पर सपा की सख्त कार्रवाई, जिला सचिव फिरोज़ खान निष्कासित

**उतरौला (बलरामपुर)।**

समाजवादी पार्टी में अनुशासन और संगठनात्मक मर्यादा को लेकर जनपद स्तर पर कड़ा रुख अपनाया गया है। पार्टी नेतृत्व ने अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए बड़ी कार्रवाई की है। समाजवादी पार्टी जनपद-बलरामपुर के जिला अध्यक्ष डॉ. मणिक लाल कश्यप ने संगठन की गरिमा और अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से जिला सचिव फिरोज़ खान को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी द्वारा जारी आधिकारिक पत्र में उल्लेख किया गया है कि फिरोज़ खान द्वारा समय-समय पर पार्टी की मर्यादा, अनुशासन तथा संगठनात्मक निर्देशों की लगातार अवहेलना की जा रही थी। उनके आचरण को लेकर संगठन के विभिन्न स्तरों पर गंभीर आपत्तियां सामने आई थीं।

## जनपद में किशोरी जीवन कौशल व नेतृत्व कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार तथा मिलान संस्था द्वारा आज दिनांक 29 जनवरी 2026 को विकास भवन सभागार, बलरामपुर में एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (आईसीडीएस) के अंतर्गत किशोरियों के जीवन कौशल एवं नेतृत्व विकास कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के आकांक्षात्मक जिला कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित जिलों में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य 11 से 18 वर्ष की आयु की किशोरियों की नियमित सहभागिता को सुदृढ़ करना तथा शिक्षा में निरंतरता, स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता, जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता से जुड़े परिणामों में



सुधार लाना है। वर्तमान में यह कार्यक्रम बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में संचालित किया है। कार्यक्रम को मौजूदा सरकारी प्रणालियों के भीतर समाहित करते हुए इसका क्रियान्वयन आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा। इसके अंतर्गत गाँव स्तर पर किशोरियों के सुरक्षित समूहों का गठन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों की क्षमता सुदृढ़ीकरण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, मिशन शक्ति एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच विभागीय समन्वय को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य किसी समानांतर संरचना का निर्माण किए बिना संस्थागत सुदृढ़ीकरण एवं दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करना है।

# यूजीसी नए नियम पर रोक का यूपी के जिलों में स्वागत

▸ वाराणसी में जश्न, अबीर-गुलाल संग हनुमान चालीसा पाठ





लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में जाति आधारित भेदभाव को रोकने से संबंधित हालिया यूजीसी समानता विनियमन पर रोक लगा दी और कहा कि ये विनियम प्रथम दृष्ट्या अस्पष्ट प्रतीत होते हैं और इनका दुरुपयोग किए जाने की आशंका है।

शीर्ष अदालत ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि अगर इस मामले में हस्तक्षेप नहीं किया गया तो इसका खतरनाक प्रभाव पड़ेगा और समाज में विभाजन पैदा होगा।

उच्चतम न्यायालय द्वारा यूजीसी के नए कानून पर रोक लगाए जाने के बाद जौनपुर में सवर्ण सेना, करणी सेना समेत सभी सवर्ण संगठनों ने फैसले का स्वागत किया है। संगठनों ने कहा कि उन्हें देश की न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और न्यायालय का हर निर्णय उन्हें स्वीकार्य होगा। सवर्ण संगठनों का कहना है कि यूजीसी द्वारा 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित नए विनियमों को लेकर देशभर में असंतोष था।

इन नियमों के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में समान अवसर केंद्र, इक्विटी कमेटी और 24 घंटे की हेल्पलाइन अनिवार्य की गई थी, लेकिन जाति-आधारित भेदभाव की परिभाषा को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नई नियमावली पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के बाद वाराणसी में विरोध प्रदर्शन जश्न में बदल गया। जिला मुख्यालय पर बीते कई दिनों से चल रहा धरना गुरुवार को कोर्ट के आदेश की खबर मिलते ही उत्सव में तब्दील हो गया। प्रदर्शनकारी एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाइयां देते नजर आए। जश्न के दौरान लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

पूरे क्षेत्र में जयकारों और नारों के साथ खुशी का माहौल देखा गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह फैसला सामाजिक समरसता और समानता के पक्ष में है, जिससे समाज में फैल रही असमानता को रोका जा सका है। अधिवक्ता सारिका दुबे ने कहा कि पिछले तीन दिनों से जिला मुख्यालय पर लगातार यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ विरोध हो रहा था। उन्होंने इसे सनातन धर्म और सामाजिक न्याय की जीत बताते हुए कहा कि यह नियमावली आपसी भाईचारे और सौहार्द को प्रभावित करने वाली थी। केसरिया भारत संस्था के गौरीश सिंह और अधिवक्ता संतोष सिंह ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। उनका कहना था कि यह किसी वर्ग विशेष की जीत या हार नहीं, बल्कि समानता और न्याय की जीत है। उन्होंने कहा कि किसी भी नियम को लागू करने से पहले उसके सामाजिक प्रभावों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अखिलेश ने किया स्वागत



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाने के फैसले का स्वागत किया और कहा कि सच्चा न्याय यह सुनिश्चित करने में है कि किसी पर भी अत्याचार या अन्याय न हो। यादव ने 'एक्स पर पोस्ट किया, ''सच्चा न्याय किसी के साथ अन्याय नहीं होता है, माननीय न्यायालय यही सुनिश्चित करता है। कानून की भाषा भी साफहोनी चाहिए और भाव भी। बात सिर्फनियम नहीं, नीयत की भी होती है। उन्होंने कहा, ''न किसी का उत्पीड़न हो, न किसी के साथ अन्याय, न किसी पर जुल्म-ज्यादती हो, न किसी के साथ नाइंसाफी। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हालिया नियमों के खिलाफदायर कई याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए इस पर रोक लगा दी। इन याचिकाओं में दलील दी गई थी कि आयोग ने जाति-आधारित भेदभाव की गैर-समावेशी परिभाषा अपनाई है और कुछ श्रेणियों को संस्थागत संरक्षण से बाहर रखा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने विनियमन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी किए। उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव संबंधी शिकायतों की जांच करने और समानता को बढ़ावा देने के लिए सभी संस्थानों द्वारा ''समानता समितियां गठित करने को अनिवार्य बनाने संबंधी नए नियम 13 जनवरी को अधिसूचित किए गए थे।

# जनहित में कैबिनेट ने लिये अहम निर्णय : केशव

▸ डबल इंजन सरकार प्रत्येक क्षेत्र में विकास के पथ पर दिन-प्रतिदिन बढ़ रही



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार प्रत्येक क्षेत्र में विकास के पथ पर दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है।

कैशलेस चिकित्सा सुविधा माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत लाखों शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा को मंजूरी दी गई है।

अमृत-2.0 योजना के तहत गोरखपुर,वाराणसी दो प्रमुख शहरों में सीवरेज परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। शहरों के जीर्ण-शीर्ण और अंडरयूटिलाइज्ड क्षेत्रों के भौतिक और आर्थिक सुधार के लिए यह नीति लागू की जाएगी, जिससे रियल एस्टेट और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

पीएम मित्रा टेक्सटाइल पार्क लखनऊ-हरदोई पार्क में औद्योगिक जलापूर्ति की मंजूरी दी गई है। मुरादाबाद में विज्ञान पार्क एवं नक्षत्रशाला की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं।

सामाजिक पुनर्वास एवं आपदा राहत के माध्यम से बहराइच के ग्राम भरथापुर और अन्य प्रभावित गांवों के 136 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भूमि आवंटित कर आवास और बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी एवं मेरठ एवं कानपुर देहात पुनर्वास के तहत भूमि आवंटन और पट्टे की व्यवस्था की गई है एवं अन्य जनकल्याणकारी निर्णय लिये गये हैं।

## खबरें एक नजर में

### अवैध गैस रिफिलिंग के दौरान सिलेंडर फटा, दुकानदार झुलसा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बीबीडी थाना क्षेत्र स्थित जुग्गौर इलाके में गुरुवार सुबह अवैध गैस रिफिलिंग के दौरान सिलिंडर फट गया। हादसे में रिफिलिंग कर रहा दुकानदार करन गंभीर रूप से झुलस गया। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज करीब 1 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। आसपास के मकानों से लोग निकलकर बाहर भाग गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने झुलसे युवक को अस्पताल भेजा, जहां उसका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, जुग्गौर इलाके में लंबे समय से बड़े पैमाने पर अवैध गैस रिफिलिंग का काम चल रहा था। इस वजह यह हादसा हुआ। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना के समय करन ही दुकान में मौजूद था। अवैध गैस रिफिलिंग से जुड़े लोगों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

### धूप को बेअसर कर रही पछुआ हवा बारिश के बाद बढ़ी ठंड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बुधवार की बारिश के बाद गुरुवार सुबह बादल छाए रहे। इससे ठंड बढ़ गई। 9 बजे तक में धूप निकल आई, लेकिन तेज पछुआ हवा भी चलने लगी। 20 किमी प्रति घंटे से भी तेज चली हवा से धूप बेअसर रही। सर्द हवा से ठंड का अहसास दोपहर में भी बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 3 दिन तक मौसम इसी तरह अस्थिर बना रहेगा। आज से मौसम में हल्का सुधार आता जाएगा। अनुमान है कि 2 फरवरी से मौसम एकदम साफहो जाएगा। इस हवा के कारण वातावरण में नमी कम हो रही है और ठंड का असर तेज हो गया है। आज सुबह लखनऊ के बाहरी और गोमती किनारे वाले इलाकों में हल्का कोहरा भी देखने को मिला। आज अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

### 2 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें लखनऊ डायवर्ट, खराब मौसम की वजह से काठमांडू में नहीं हो पाई लैंड

**लखनऊ।** काठमांडू में खराब मौसम के कारण गुरुवार सुबह 2 उड़ानों को लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। ये उड़ानें कुवैत और शारजाह से काठमांडू जा रही थीं, लेकिन वहां लैंडिंग नहीं कर सकीं। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, काठमांडू में घना कोहरा और कम विजिबिलिटी के कारण विमानों की लैंडिंग प्रभावित हुई। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने सुरक्षा कारणों से विमानों को उतरने की अनुमति नहीं दी, जिसके बाद उन्हें लखनऊ भेजा गया। सूत्रों ने बताया कि कुवैत से काठमांडू जा रही जजीरा एयरलाइंस की उड़ान संख्या जे9539 को सुबह 6.40 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। इस विमान में 169 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। मौसम अनुकूल होने के बाद विमान को काठमांडू के लिए रवाना किया जाएगा। इसी क्रम में, शारजाह से काठमांडू जा रही एयर अरेबिया की उड़ान संख्या जी9536 को भी काठमांडू में लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। यह विमान काठमांडू एयरपोर्ट के ऊपर कई चक्कर लगाने के बाद सुबह 7.40 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा। इस उड़ान में 167 यात्री सवार थे। खराब मौसम का असर लगातार अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाओं पर देखा जा रहा है, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### पद्मश्री से अलंकृत होने पर वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल रस्तोगी का हुआ सम्मान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ हरिश्चन्द्र वंशीय समाज की ओर से बृहस्पतिवार को पद्मश्री से अलंकृत होने पर वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल रस्तोगी को सम्मानित किया गया। डा. रस्तोगी के आवास पर हुए सम्मान कार्यक्रम में पहुंचे समाज के अध्यक्ष राजन रस्तोगी, रस्तोगी स्वास्थ परीक्षण समिति के अध्यक्ष दीपक, दर्पण समिति के अध्यक्ष गिरीश, स्टार्टअप के अध्यक्ष सुधांशु, लखनऊ समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव, महामंत्री प्रदीप एवं संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी ने डॉक्टर अनिल रस्तोगी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. अनिल रस्तोगी ने समाज से जुड़ी यादों को साझा करते हुए कहा कि अभिनय के क्षेत्र में वह बचपन में रस्तोगी समाज द्वारा किए जा रहे थियेटर में अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद रंगमंच से लेकर अनेक फिल्मों तक काम किया। उन्होंने बताया कि उनके बड़े भाई स्वर्गीय श्री चंद्र किशोर रस्तोगी ने अपना जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया आज मैं जो भी थोड़ा बहुत काम कर रहा हूँ वह बड़े भाई की प्रेरणा से ही संभव हुआ है।

# खेतों पर दिखे कृषि अनुसंधान का असर : शाही

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद उपकार के सभागार में समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उपकार के प्रतिनिधिमंडल द्वारा एक्रीसेट और समिटि की संस्तुतियों, विशेष रूप से कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान के वर्गीकरण को अलग करने तथा उनके क्रियान्वयन योग्य पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अरहर सहित अन्य दालों की उत्पादकता बढ़ाने, कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि विभाग के फार्मो की कार्यप्रणाली और अनुसंधान के विभिन्न विषयों की गहन समीक्षा की गई।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि वैज्ञानिकों को बदलते मौसम के मिजाज और किसानों की वास्तविक जरूरतों को केंद्र में रखकर शोध कार्य करने की आवश्यकता है। शोध कार्यों के लिए आवंटित बजट और संसाधनों का परिणाम धरातल पर दिखना चाहिए ताकि किसानों को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नई किस्मों के विकास वैरायटी डेवलपमेंट के साथ कृषि क्षेत्र में कुल उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए ठोस रणनीति तैयार की जाए।

उन्होंने वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि वे वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग करते हुए बेहतर जर्मप्लाज्म तैयार करें और गुणवत्तापूर्ण बीजों के विकास की दिशा में तेजी से कार्य करें। किसानों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने एक ऐसी प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए जिससे मौसम संबंधी सटीक जानकारी तत्काल किसानों के मोबाइल तक पहुंच सके, ताकि प्रतिकूल मौसम से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। इस अवसर पर सचिव कृषि इंद्र विक्रम सिंह, अध्यक्ष उपकार कैप्टन विकास गुप्ता, निदेशक कृषि डॉ. पंकज त्रिपाठी महानिदेशक उपकार डॉ. संजय सिंह विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कृषि वैज्ञानिक तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग के तीन प्रस्तावों को कैबिनेट की मिली मंजूरी : दयाशंकर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कैबिनेट बैठक में परिवहन विभाग के तीन प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रदेश में 351 सहायक मोटरयान निरीक्षक के पद सृजित किये गये हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन अधीनस्थ प्राविधिक सेवा यथा संशोधित नियमावली, 1980 में मोटरयान निरीक्षक हेतु उपबन्ध किये गये हैं। नियमावली में ही अपेक्षित संशोधन करते हुए सहायक मोटरयान निरीक्षक के नवसृजित 351 पद हेतु उपबंध के संबंध में परिवहन अधीनस्थ प्राविधिक सेवा षष्ठम संशोधन नियमावली, 2026 के प्रख्यापन के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया है।

परिवहनअधीनस्थ प्राविधिक सेवा षष्ठम संशोधन नियमावली, 2026 के प्रख्यापन के उपरांत प्रदेश में 351 सहायक मोटरयान निरीक्षकों की भर्ती,चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। अगस्त 2016 द्वारा सृजित संभागीय अधिकारी के पद पर दिसम्बर, 2024 द्वारा सृजित सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी साधारण वेतनमान के 36 पद जुलाई, 2025 द्वारा सृजित उप परिवहन आयुक्त के 3 पद, प्रति परिक्षेत्र उप परिवहन आयुक्त हेतु प्रधान सहायक एवं आशुलिपि के 1-1 पद के सृजन के उपरांत सृजित पदों के विधिक स्परूप हेतु पदों की प्रास्थिति को विधि मान्यता प्रदान किये जाने के दृष्टिगत परिवहन सेवा सप्तम संशोधन नियमावली 2026 के प्रख्यापन पर अनुमोदन प्रदान किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। प्रवर्तन कार्य हेतु अधिक कार्मिकों की उपलब्धता होने से विभाग राजस्व वसूली के लक्ष्यों को पूर्ण करने में समर्थ होगा। फील्ड स्तर पर परिक्षेत्र का पुनर्गठन करते हुए वर्तमान में प्रभावी 6 परिक्षेत्र में वृद्धि कर तीन नये परिक्षेत्र गोरखपुर, बुन्देलखण्ड झांसी एवं अयोध्या के गठन से विभागीय कार्यों का बेहतर अनुश्रवण तथा बेहतर क्रियान्वयन हो सकेगा। राजकीय सेवाओं में पदों की संख्या में वृद्धि होने से रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे।

नये परिक्षेत्रों के गठन से स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि हल्के व्यावसायिक यात्री वाहनों यथा-दो पहिया, तीन पहिया वाहन एवं मोटर कैब मैक्सी कैब, हल्के माल वाहनों 7500 किलोग्राम से अनधिक सकल यान भार वाले वाहन, एवं निर्माण उपस्कर वाहनों पर एकमुश्त कर व्यवस्था लागू करने हेतु कर की दर का निर्धारण करने के लिए उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1997 यथासंशोधित 2025 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत नवीन अधिसूचना जारी की जाएगी।उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति, 2022 यथासंशोधित 2025 के क्रम में नीति की प्रभावी अवधि के चौथे और पांचवें वर्ष में प्रदेश में क्रयकृत और पंजीकृत शुद्ध विद्युत वाहनों हेतु पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स में शतप्रतिशत छूट प्रदान किये जाने हेतु समदिनांकित दो अधिसूचनायें 5 नवम्बर 2025 निर्गत की गई है।



▸ 351 सहायक मोटरयान निरीक्षक के पद सृजित

उक्त शुद्ध इलेक्ट्रिक वाहनों हेतु उपरोक्तानुसार अवधि के लिए पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट प्रदान किये जाने हेतु कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किया गया। जनसामान्य को सुगम शासकीय सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग की 4 सेवाओं-ड्राइविंग लाइसेंस में जन्मतिथि बदलना, पहाड़ी क्षेत्र में वाहन चलाने की अनुमति प्राप्त करना, पंजीकरण संख्या का प्रतिधारण एवं गैर-उपयोग सूचना परमिट को फेसलेस मोड में लाइव किया जाना है। इन सेवाओं को फेसलेस मोड में लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली, 1998 में यथास्थान संशोधन करते हुए उत्तर प्रदेश मोटरयान बत्तीसवां संशोधन नियमावली, 2026 का प्रख्यापन किया गया।

# पत्रकारिता की गरिमा व पहचान के लिए एकजुट हुई कलम की ताकत

▸ ड्रेस कोड अभियान बना पत्रकारों की एकता का प्रतीक
▸ विधान भवन के सामने दिखी चौथे स्तंभ की संगठित चेतना



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पत्रकारिता के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी पहल के रूप में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित) के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार प्रभात त्रिपाठी के आह्वान पर आज विधान भवन के सामने पत्रकारों की अभूतपूर्व एकजुटता देखने को मिली। यह आयोजन किसी एक व्यक्ति का निजी अभियान नहीं, बल्कि पत्रकारिता की सामूहिक पहचान, गरिमा और एकता को पुनः स्थापित करने की दिशा में उठाया गया सशक्त कदम माना जा रहा है।

संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने अपने संबोधन में स्पष्ट शब्दों में कहा कि ड्रेस कोड अभियान किसी विचारधारा को थोपने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह पत्रकारों के बीच अनुशासन, सम्मान और सामाजिक पहचान को मजबूत करने का एक सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने कहा कि सहमति और असहमति लोकतंत्र की आत्मा है, किंतु आपसी कटुता, कटाक्ष और व्यक्तिगत आक्षेप पत्रकारिता की साख को कमजोर करते हैं। यदि हम अपने चौथे स्तंभ को समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाना चाहते हैं, तो हमें पहले आपसी एकजुटता और मर्यादा को अपनाना होगा।

प्रभात त्रिपाठी ने कहा कि विचारधाराएं भिन्न हो सकती हैं, मत अलग हो सकते हैं, लेकिन हम सभी समाज के पढ़े-लिखे, जिम्मेदार और सच के पक्षधर कलम के सिपाही हैं। एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताक़त है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे उनसे कोई सहमत हो या असहमत, यहां तक कि व्यक्तिगत आलोचना भी करे, लेकिन वे जीवनपर्यंत पत्रकारों के अधिकार, सम्मान और हितों के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

इस आह्वान का असर साफ दिखाई दिया। लखनऊ के पत्रकार विधान भवन के सामने एकत्र हुए और यह संदेश दिया कि पत्रकार समाज बिखरा हुआ नहीं है, बल्कि समय आने पर एकजुट होकर अपनी पहचान और गरिमा के लिए खड़ा हो सकता है। ड्रेस कोड में पहुंचे पत्रकारों ने यह साबित किया कि वे न केवल समाज का एक शिक्षित वर्ग हैं, बल्कि अनुशासन और संयम के साथ अपनी बात रखने की क्षमता भी रखते हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्रभात त्रिपाठी ने सभी पत्रकार साथियों से हाथ जोड़कर अपील की कि यह अभियान किसी व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि अपनी सामूहिक पहचान के लिए है। इसे उन्होंने पत्रकारिता की पहचान स्थापित करने का महायज्ञ बताते हुए आगे कार्यक्रमों अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया। आयोजन ने यह साफ कर दिया कि जब कलम एकजुट होती है, तो उसकी ताक़त पूरे समाज को दिशा देने में सक्षम होती है। कई दर्जन पत्रकार एकत्र होकर एक साथ फोटो खिंचवाई और प्रभात त्रिपाठी द्वारा ड्रेस भी वितरित की गई। आज के आयोजन में विजय शंकर पंकज, भास्कर दूबे,शाश्वत तिवारी,अविनाश चंद्र शुक्ला,उमेश चंद्र मिश्रा,अजीत कुमार सिंह,रवि उपाध्याय,अजय वर्मा,आईना आदि कई पत्रकार मौजूद रहे।

# विधान सभा जनआकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का सर्वोच्च मंच : सतीश महाना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रत्यक्ष रूप से समझने के लिए कानपुर के द जैन इंटरनेशनल स्कूल मैनावती मार्ग तथा सुरजन सिंह इंटर कॉलेज महाराजपुर के छात्र-छात्राओं का एक संयुक्त दल गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधान सभा के शैक्षिक भ्रमण पर पहुँचा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के मन में जिज्ञासा, उत्साह और सीखने की उत्कंठा स्पष्ट दिखाई दे रही थी क्योंकि वे देश की विधायी प्रक्रिया, उसकी गरिमा और लोकतांत्रिक परंपराओं से साक्षात् परिचय प्राप्त करने आए थे। छात्र-छात्राओं ने विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की। श्री महाना ने अत्यंत सरल, सहज एवं प्रभावी शब्दों में विधान सभा के संचालन, उसकी कार्यशैली, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा संवैधानिक भूमिका के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधान सभा जनआकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का सर्वोच्च मंच है, जहाँ संवाद, सहमति और निर्णय के माध्यम से लोकतंत्र को दिशा मिलती है।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रश्नकाल, विधायी प्रक्रिया, सदन की कार्यवाही, अनुशासन तथा जनप्रतिनिधियों के दायित्वों से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। श्री महाना ने प्रश्नों का उत्तर उदाहरणों सहित देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। स्पीकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूक, शिक्षित और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक ही लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अध्ययन के साथ संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रहित को अपने जीवन का आधार बनाएं।

## सराहनीय | कचरे को रिसाइकिल कर बनाया अनोखा संविधान पार्क

# खेल- खेल में बच्चे समझेंगे संविधान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



संविधान को समझना अब केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेगा। बागपत के बड़ौत नगर पालिका परिसर में ऐसा अनोखा संविधान पार्क विकसित किया गया है, जहां बच्चे खेल-खेल में संविधान के मूल्यों को सीखेंगे, युवा नागरिक कर्तव्यों से जुड़ेंगे और आमजन स्वस्थ जीवन के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा पाएंगे। कचरे को रिसाइकिल कर बनाए गए इस पार्क ने वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को जमीन पर उतारते हुए देश के लिए एक नई मिसाल पेश की है।यह पार्क सिर्फहरियाली या टहलने की जगह नहीं, बल्कि एक ओपन क्लासरूम और स्ट्रीट लाइब्रेरी के रूप में विकसित किया गया है। न्याय, समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे संविधान के मूल आदर्शों को प्रतीकों, बोर्डों और संरचनाओं के माध्यम से इस तरह प्रस्तुत किया गया है कि हर आयु वर्ग का व्यक्ति सहजता से उनसे जुड़ सके। बच्चों के लिए यह पार्क सीखने का आनंददायक माध्यम बन गया है, जहां पढ़ाई बोझ नहीं, अनुभव बन जाती है। संविधान पार्क की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित 600 किलोग्राम की संविधान की किताब की विराट प्रतिकृति है। 11 फीट ऊंची और 14 फीट चौड़ी यह प्रतिकृति न केवल आकार में भव्य है, बल्कि अपने संदेश में भी अत्यंत प्रभावशाली है। संविधान की मूल प्रस्तावना की प्रतिकृति बड़ौत नगर पालिका में स्थापित की गई है। इसका लोकार्पण राज्य मंत्री केपी मलिक और जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किया है। रिसाइकल्ड मटीरियल से निर्मित यह प्रतिकृति पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार विकास का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती है। कचरा नवाचार और संदेश का माध्यम बन सकता है।जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि पार्क में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का चरखा आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी आंदोलन की भावना को जीवंत करता है। वहीं बागपत के प्राचीन नाम 'व्याघ्रप्रस्थ' की थीम पर विकसित वाटर कियोस्क स्थानीय संस्कृति और इतिहास से जुड़ाव को दर्शाता है। बदलते शहरी परिवेश में भी अपनी जड़ों से जुड़े रहने का यह संदेश पार्क को खास बनाता है। बागपत का संविधान पार्क बेहतर सेहत के साथ-साथ नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की समझ देता है।

# युवा पीढ़ी को पर्यटन से जोड़ने का प्रयास कर रही लखनऊ दर्शन बस सेवा : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी ने शिक्षा को अनुभव से जोड़ने की दिशा में एक विशेष पहल करते हुए स्कूली बच्चों को रियायती दरों पर लखनऊ दर्शन बस के माध्यम से राजधानी भ्रमण कराया।


इस पहल के तहत कक्षा 6 और 7 के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने लखनऊ की ऐतिहासिक और आधुनिक पहचान से रूबरू होते हुए विधानसभा सहित प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया।

यह शैक्षिक भ्रमण विद्यालय के पाठ्यक्रम का हिस्सा रहा, जिससे बच्चों को लोकतांत्रिक व्यवस्था और शहर की विरासत को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीएसटीडीसी की यह पहल सरकार की अनुभव आधारित पर्यटन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लखनऊ दर्शन के माध्यम से युवा होती पीढ़ी को कक्षा की चारदीवारी से बाहर निकलकर अपने शहर को जानने-समझने का अवसर मिला।

यह अनुभव विद्यार्थियों को विरासत से जोड़ने के साथ भविष्य के लिए जिम्मेदार पर्यटक बनाना है। शैक्षिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूपीएसटीडीसी की ओर से स्कूली विद्यार्थियों को टिकट दर में 20 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की गई।

नियमित रूप से 400 रुपए प्रति विद्यार्थी के किराए के स्थान पर 320 रुपए रियायती दर पर यह सुविधा उपलब्ध कराई गई। यह कदम शैक्षणिक संस्थानों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। छात्रों के लिए इस भ्रमण का सबसे महत्वपूर्ण अनुभव उत्तर प्रदेश विधान सभा का दौरा रहा।



विद्यार्थियों ने विधानसभा कक्ष देखा। छात्र अथर्व त्रिपाठी ने बताया कि विधानसभा जाना और मुख्य सदन को देखना अविस्मरणीय अनुभव रहा। हम लोकतंत्र के बारे में किताबों में पढ़ते हैं, लेकिन जहां महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं, उसे प्रत्यक्ष देखना बिल्कुल अलग अनुभव था।

छात्रा सान्वी शुक्ला ने बताया कि, लखनऊ दर्शन बस की यात्रा रोमांचक और शिक्षाप्रद रही। वहीं मोनिशा वर्मा ने बताया कि इस यात्रा ने हमें शहर के इतिहास को बेहतर ढंग से समझने में मदद की। पर्यटन विभाग ने भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के लिए सहज और उत्साहपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया।

यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को हल्का नाश्ता और स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने बताया कि लखनऊ की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासत से विद्यार्थियों और पर्यटकों को रूबरू कराने वाली लखनऊ दर्शन बस सेवा ने थोड़े समय में ही विशिष्ट पहचान बनाई है।

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित यह सेवा न केवल शहर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों को जोड़ रही है, बल्कि स्कूली छात्रों को पर्यटन से जोड़ते हुए शैक्षणिक अनुभव का भी सशक्त माध्यम बन रही है।

## खबरें एक नजर में

### भैंस चोरी जाने के तीन माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** भैंस चोरी के तीन माह बाद पुलिस ने पीड़ित महिला की ओर से अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव बिहारी पुर मुड़िया निवासी सोमवती पत्नी देशराज ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी एक भैंस तीन माह पहले एक नवंबर 2025 को चोरी हो गयी थी। काफी तलाश की लेकिन भैंस का कोई सुराग नहीं लग सका। भैंस एक साल पहले उसने 81 हजार रुपए में खरीदी थी। गौर तलब है कि उक्त भैंस चोरी जाने के बाद से पीड़िता सोमवती निरंतर कोतवाली पुलिस के चक्कर काटते हुए भैंस बरामदगी की पुलिस से गुहार लगाती रही। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

### 31 को ग़ज़ल संग्रह जज़्बात के रंग हज़ार का विमोचन

**शाहजहांपुर।** अपनी भावनाओं को कैनवास पर उकेरने के साथ ही शब्दों की लड़ी बुन कर ग़ज़ल कहने वाले प्रोफेसर एसए ज़ाफर जो साहित्य जगत में तौक़ीर सा के नाम से जाने जाते है। जिनकी शायरी की तीसरी किताब जिसमें 200 ग़ज़लों का संग्रह जज़्बात के रंग हज़ार का विमोचन 31 जनवरी को तौक़ीर आर्केड, आर्ट फैमिली मार्ग, बाड़ूजई द्वितीय में होगा इस अवसर पर काव्य गोष्ठी एवं मुशायरे का भी आयोजन किया गया है, जिसमे जनपद के अलावा लखनऊ और लखीमपुर के कवि और शायर आमंत्रित किए गए है। ये जानकारी तौक़ीर आर्केड के संचालक डॉ मोहम्मद कमर ने दी है।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** शुक्रवार को पुलिस ने नगर के पक्का तालाब पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दस वाहनों का चालान पुलिस ने किया। इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। नगर से लेकर ग्रामीण निकायों तक अपराध नियंत्रण को लेकर शासन की ओर से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। हर हाल में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। इसके मद्देनजर पिछले दिनों पुलिस ने सड़क पर शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया था। पुलिस ने रात्रि में शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर सख्ती की थी। प्रशासन का मानना है कि आमतौर पर अपराध की वृद्धि में इनकी अहम भूमिका होती है। उधर बाइक सवारों पर पुलिस की कड़ी नजर है। इसी के मद्देनजर रखते बुधवार को कटरा खुदागंज फरीदपुर रोड पर पक्का तालाब पर वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान संदिग्ध नजर आए वाहनों की तलाशी भी की गई वहीं उनके कागजात भी चेक किए गए। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि आगे भी अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह उपनिरीक्षक दिनेश यादव, उपनिरीक्षक टीकम सिंह, उप निरीक्षक तनु चौधरी, कांस्टेबल आलोक चौधरी कांस्टेबल राहुल यादव कांस्टेबल अभिषेक यादव, कांस्टेबल अंकित चौधरी, कांस्टेबल गौरव शर्मा सहित कई संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### सर्राफा व्यापारी ने गिरवी रखे सोने-चांदी के जेवर हड़पे, व्यापारी दुकान बंद कर फरार, महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** स्थानीय निवासी देवकी पत्नी पप्पू ने सर्राफा व्यापारी महेश वर्मा के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि व्यापारी ने देवकी के सोने-चांदी के जेवरों को गिरवी रखने के बाद हड़प लिया और दुकान बंद कर फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि तीन साल पहले आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने अपने जेवर—एक कमर का चांदी का बिछुआ, एक जोड़ी चांदी की पायल, दो सोने की अंगूठियां, एक सोने का गले का पेंडल, दो जोड़ी सोने की झुमकी और एक सोने का गले का ओम—कुल 50 हजार रुपये में पीपल वाली गली के पास स्थित महेश वर्मा की दुकान पर गिरवी रखे थे। देवकी ने समय-समय पर ब्याज चुकाया, लेकिन जेवर छुड़वा न सकीं। हाल ही में जब वे जेवर लेने गईं, तो दुकान बंद मिली। सुराग लगाकर महेश के पास पहुंचीं तो उसने न सिर्फ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया और जातिसूचक गाली दी, बल्कि दुकान पर दोबारा न आने और जान से मारने की धमकी भी दी। देवकी ने बताया कि महेश की नियत खराब हो चुकी है और वह जेवर लौटाना ही नहीं चाहता। इससे उन्हें और उनके परिवार को जान-माल का खतरा है प्रार्थना पत्र में देवकी ने महेश वर्मा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेवर वापस दिलाने की मांग की है। थाना जलालाबाद में शिकायत दर्ज हो चुकी है, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़िता मोहल्ला अम्बेडकर नगर, तहसील व कस्बा जलालाबाद, जिला शाहजहांपुर की रहने वाली हैं। उनका मोबाइल नंबर 8528926371 है।स्थानीय लोगों में सर्राफा व्यापारियों के खिलाफ रोष है। पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग हो रही है।

# प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट

- पत्नी व प्रेमी (भांजे) ने दिया घटना को अंजाम, इलाके में हड़कंप
- मृतक के माता-पिता ने आरोपियों को फांसी दिए जाने की मांग की, आरोपी पत्नी को पुलिस ने लिया हिरासत में, प्रेमी फरार





**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रेम-प्रसंग के चलते युवक के गला रेत कर हत्या की खबर गुरुवार सुबह इलाके में फैल गई। मामला पुवायां कोतवाली के गांव भटपुरा चंदू का है। भटपुरा चंदू के 30 वर्षीय बलराम उर्फ बल्ला की पत्नी पूजा का बलराम के भांजे आदेश से दो-तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों के अनुसार बलराम जब घर पर नही होता तो आदेश आए दिन घर पर आता था जिस पर बलराम को अपने भांजे आदेश और पत्नी पूजा को लेकर संदेह हो गया तो बलराम ने भांजे के आने पर आपत्ति जताई। आदेश के आने जाने पर प्रतिबंध लगने के बाद दोनों एक दूसरे के लिए बेकरार रहने लगे। जब प्रेम सर पर चढ़ गया तो दोनों को अलग-अलग रहना मुश्किल हो गया जिसके चलते बीते दो वर्ष में पूजा अपने भांजे आदेश के साथ तीन बार घर से भाग गई। इधर बलराम भी अपनी पत्नी से बेहद प्यार करता था और बार-बार घर से भागने के बाद भी वह अपनी पत्नी पूजा को घर वापस लता रहा। लगभग आठ माह पूर्व पूजा अपने प्रेमी भांजे आदेश के साथ भाग गई थी जिसके बाद बलराम के द्वारा पुलिस कार्रवाई किए जाने पर कोतवाली में पंचायत होने के बाद पूजा को बलराम के साथ घर भेज दिया गया जिसके बाद बलराम ने आरोपी भांजे आदेश को सख्त हिदायत दी कि दोबारा ऐसा मत करना। इसी दिन से आदेश की आंखों में खून उतर आया और उसने अपने मामा की हत्या कर, प्रेमिका मामी के साथ हमेशा हमेशा के लिए एक दूसरे के होनी की योजना बनानी शुरू कर दी। बुधवार की रात आदेश ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर अपनी प्रेमिका पूजा के साथ अपने मामा तथा पूजा के पति बलराम की चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों ने आपस में प्यार भरा एहसास करते हुए कुछ समय एक साथ बिताया जिसके बाद आदेश अपने दो साथियों के साथ फरार हो गया। आदेश के जाने के बाद पूजा अपने पति बलराम के शव के पास रात भर बैठी रही और मन ही मन एक कहानी बनाई कि उसे नहीं पता कैसे पति की हत्या हो गई। बलराम के भाई राजू ने जब अपने मकान से खिड़की से देखा तो बलराम का शव खून से लथपथ चारपाई पर पड़ा था। राजू की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल कर पूजा को हिरासत में लिया और पूछताछ की तो पूजा ने हत्या की पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दे दी।

### पत्नी ने पकड़े पैर और प्रेमी ने चाकू से काटा गला

**पुवायां।** प्रेम प्रसंग में हुई बलराम की हत्या के मामले में पुलिस ने हथियारों की पत्नी पूजा से पूछताछ की तो पूजा ने बताया कि उसका प्रेमी आदेश बहुत दिनों से उसके पति की हत्या करना चाह रहा था लेकिन वह उसको मना कर देती थी बुधवार की रात आदेश अपने साथियों के साथ आया और उसने पति की हत्या करने के लिए हमला किया जिस पर हाथापाई होने लगी तो पूजा ने प्रेमी का साथ देते हुए पति को चारपाई पर गिराकर दोनों पैर पकड़ लिए इसी का फायदा उठाकर प्रेमी आदेश ने चाकू से गला रेत कर बलराम की हत्या कर दी।

### पांच वर्षीय बेटे ने बताई आँखों देखी

रात में भइया के साथ दो लोग आए थे तभी मम्मी ने दरबाजा खोला था। दोनों ने मम्मी के साथ मिलकर पापा का चाकू से गला काट दिया। उसके बाद हमे भी चाकू दिखाकर धमकाया उसके बाद वह लोग घर से चले गए। मम्मी पूरी रात पापा के पास बैठी रही। सुबह चाचा आए तो हम लोग कमरे से बाहर निकलें।

### बूढ़ी मां व चार छोटे-छोटे बच्चों का छीना सहारा

ग्रामीणों का कहना है कि बलराम ही अपनी बुजुर्ग मां की देखभाल करता था उसकी मौत के बाद बुजुर्ग मां और बलराम के चार छोटे छोटे बच्चें बेसहारा हो गए। गांव की महिलाओं ने बच्चों को संभालने की कौशिश की लेकर बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने बताया पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की है। पत्नी को हिरासत में लिया गया है, फरार आरोपी की तलाश जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## सात फेरा और सात वचनों पर भारी पड़ा प्यार

**अंकित पाण्डेय**

पुवायां। प्यार का परवान रिश्तों को मौत के घाट उतार रहा है। समाज मे इस तरह की हत्या अधिकतर हो रही है। कभी प्रेम प्रसंग में पति पत्नी की हत्या कर रहा है तो कभी पत्नी अपने प्रेमी के संग मिलकर पति को मौत के घाट उतार रही है। सात जन्मों तक साथ निभाने की कसम खाने वाली पत्नी पर प्यार भारी पड़ा और प्रेम प्रसंग में पति को मौत के घाट उतार दिया।

ऐसा ही मामला गांव भटपुरा चंदू का है जहां एक 25 वर्षीय महिला पूजा का करीब 4 वर्ष से अपने पति बलराम के भांजे आदेश निवासी सलीमपुर थाना पिहानी हरदोई के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। धीरे धीरे प्रेम प्रसंग में नजदीकी बढ़ती गई ओर वह अपनी मामी के प्रेम के बंधन में पूरी तरह बंध गया ओर वह भटपुरा चंदू में मामा के घर करीब एक एक महीने रुकने लगा। लेकिन बलराम को अपनी पत्नी और भांजे के प्रेम प्रसंग की जानकारी नही हुई। भांजे ओर पत्नी में नजदीकियां इतनी बढ़ गई कि वह अपनी मामी को दो तीन बार भगा भी ले गया था लेकिन परिवार की इज्जत के कारण ओर बच्चों की परवरिस के कारण बलराम ने अपनी पत्नी को दोबारा स्वीकार किया। जिसके बाद जब बलराम को भांजे ओर पत्नी के बीच नाजायज सम्बंध की जानकारी हुई तो वह अपनी पत्नी पर रोक टोक करता था। ऐसा कहिए बो उन दोनों के प्रेम प्रसंग में खलल डाल रहा हो। पत्नी ओर भांजे का मिलन नही हो पा रहा था। जिसके बाद पूजा ने अपने आशिक भांजे आदेश के साथ पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।

बुधवार की रात भांजे के साथ मिलकर पत्नी ने पति बलराम की गर्दन में धारदार हथियार के साथ बारदात को अंजाम दिया। यह सारी घटना मृतक बलराम के 5 वर्षीय पुत्र ने देखी ओर सुबह पुलिस के सामने पिता की हत्या की बात बताई। जिसके बाद पुलिस ने पत्नी को गिरफ्तार कर लिया प्रेमी फरार चल रहा है।

## तीन दिन के अंदर पूरी करे फॉर्मर रजिस्ट्रीः डीएम

- कई गांव में अभी भी लंबित है फॉर्मर रजिस्ट्री

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जनपद की प्रत्येक तहसील के अत्यधिक लम्बित फार्मर रजिस्ट्री वाले ग्रामों (पुवायां के बण्डा एवं नाहिल खास तथा तिलहर के जरगवां एवं वौरी तथा सदर के शाहबाजनगर बांगर, घुसगवां बांगर एवं कुर्रिया कलां तथा जलालाबाद के गुलरिया एवं वरूआ तथा कलान के पृथीपुर ढाई एवं खजुरी) के लेखपालों को बुलाकर समीक्षा की गयी तथा उन ग्रामों के उपस्थित लेखपालों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री लम्बित रहने के सम्बन्ध में कोई भी स्पष्ट कारण अवगत नहीं कारण कराया जा सका, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नराजगी व्यक्त कर चेतावनी देते हुये 03 दिवस में शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए की यदि 3 दिवस में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो सम्बन्धित कार्मिक के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### सड़क सुरक्षा के स्वर्णिम नियमों की दी गई जानकारी



**शाहजहांपुर।** सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महिला थाना तारीन जलालनगर शाहजहांपुर की एस.एच.ओ. रश्मि अग्निहोत्री, महिला कांस्टेबल राखी तथा ट्रैफिक प्रभारी विनय कुमार पांडे द्वारा बच्चों को यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को सड़क सुरक्षा के स्वर्णिम नियम बताते हुए कहा कि सभी को यातायात नियमों और संकेतों का पालन अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में बताया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। साथ ही सवारी वाहनों में ओवरलोडिंग न करने की भी सख्त हिदायत दी गई। इसके अतिरिक्त अन्य कई महत्वपूर्ण सुरक्षा नियमों के बारे में भी बच्चों को विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर मदरसा अत्तारिया तारीन जलालनगर शाहजहांपुर के सामिया खान, ऐमन खान, शिफा, एवं अलिफा, ज़ाएमा, आलिया आदि बच्चे उपस्थित रहे तथा मदरसा प्रबंधक मोहम्मद रिज़वान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# 31 जनवरी को विशेष अभियान में बूथ लेवल एजेंटों की उपस्थिति अनिवार्य

- 18 वर्ष पूर्ण करने वाले तथा छूटे हुए मतदाताओं से भरवाए जाएंगे फार्म-6

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के संबंध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचन नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 31 जनवरी, शनिवार को एक विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि उक्त तिथि को अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान के दौरान 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं तथा अन्य छूटे हुए पात्र मतदाताओं से फार्म-6 अवश्य भरवाए जाएं, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 फरवरी निर्धारित की गई है। साथ ही, वर्तमान में चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति प्रतिदिन जनपद के डीईओ पोर्टल पर देखी जा सकती है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं, जिनमें 2810 मतदेय स्थल तथा 1792 मतदान केंद्र स्थापित हैं। प्रकाशित आलेख्य (6 जनवरी 2026) के अनुसार जनपद में पुरुष मतदाताओं की संख्या 10,08,599, महिला मतदाता 8,02,921, तृतीय लिंग मतदाता 96 तथा कुल मतदाता 18,11,616 हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु 06 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 30 सहायक निर्वाचक अधिकारी, 2810 बीएलओ तथा 285 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बीडीओ पर 20 लाख रुपए रिश्वत मांगने का आरोप

- ब्लॉक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठी महिला

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जलालाबाद विकास खंड कार्यालय के बाहर बुधवार को एक महिला ने धरना दिया। महिला ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) पर अपने घर तक सड़क बनवाने के बदले 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि, बीडीओ ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। हालंकि मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को समझा बुझाकर घर भेजा साथ ही जांच कर कार्यवाही करने की बात की। बता दे कि जलालाबाद थाना क्षेत्र के खंडहर गांव निवासी मालती कश्यप ने बताया कि वह टिकैत गुट की महिला जिलाध्यक्ष हैं। मालती कश्यप के अनुसार, वह बुधवार को सड़क बनवाने के लिए जलालाबाद ब्लॉक कार्यालय पहुंची थीं। महिला का आरोप है कि खंड विकास अधिकारी विकास किशोर ने उनसे कहा कि यदि वह ग्राम प्रधान खंडहर और ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ लिखित शिकायत करती हैं, तो उन्हें 20 लाख रुपये देने होंगे। इसके बदले उनके घर तक इंटरलॉकिंग या डामर रोड बनवा दी जाएगी। यही नहीं महिला ने ग्राम विकास अधिकारी रेनू यादव पर भी गंभीर आरोप लगाए है। महिला ने ग्राम विकास अधिकारी पर भी गाली गलौज करने और किन्ही अज्ञात महिलाओ से धक्का मुक्की कराने का आरोप लगाया है।

### आए दिन विवादों मे घिरी रहती है ग्राम विकास अधिकारी रेनू यादव

आपको बता दे कि विकास खंड जलालाबाद मे तैनात ग्राम विकास अधिकारी रेनू यादव आये दिन सुर्खियों मे बनी रहती है। बता दे बीते कुछ दिन पहले ही ब्लॉक की एक ग्राम पंचायत को लेकर रेनू यादव के खिलाफ भारत परिषद नाम के संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था। और ग्राम विकास अधिकारी की तबादले की मांग की गयी थी। जिसके बाद कोई कार्यवाही ने होने से वो मांग ठंडे बस्ते मे चली गयी। लेकिन आज फिर एक महिला द्वारा ग्राम विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए गए है।

### पहले से चल रहा है सड़क निर्माण विवाद

मालती कश्यप का कहना है कि करीब एक साल पहले ग्राम प्रधान निधि से सड़क निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन उनकी गली से ईंटें हटाकर काम रोक दिया गया। इस मामले में उन्होंने उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी, जिसके बाद जांच कमेटी गठित हुई थी। महिला ने आरोप लगाया कि जांच कमेटी में शामिल अधिकारियों ने शिकायत जारी रखने पर गंभीर परिणाम भुगतने और फर्जी मुकदमे दर्ज कराने की धमकी दी थी। उन्होंने रिश्वत मांगने और धमकी देने वाले अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### बीडीओ ने आरोपों को बताया बे बुनियाद

खंड विकास अधिकारी विकास किशोर ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि महिला के मकान के बाहर पहले से खड़ंजा सड़क मौजूद है और वह उस पर इंटरलॉकिंग कराना चाहती हैं। बीडीओ के अनुसार, उन्होंने महिला से लिखित शिकायत मांगी थी ताकि नियमानुसार जांच कराई जा सके, लेकिन इसके बजाय महिला ने उन पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा दिया।उन्होंने कहा कि लगाए गए आरोप पूरी तरह से बे बुनियाद और तथ्यहीन हैं।

# भाकियू भानु के कार्यकर्ता का टोल कटाने पर विवाद, कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

- दोबारा गलती नहीं करने के आश्वाशन पर माने भाकियू नेता, प्रदर्शन किया समाप्त

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भाकियू भानु गुट के कार्यकर्ता की गाड़ी का टोल कर्मियों ने टोल काट दिया। जिसके बाद नाराज कार्यकर्ताओं ने टोल प्लाजा पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। जिसके बाद टोल प्लाजा के असिस्टेंट मैनेजर ने कार्यकर्ता की गलती बताकर मामले को रफा दफा किया। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के कार्यकर्ता निर्मल सिंह अपनी गाड़ी लेकर जा रहे थे तभी टोल प्लाजा के पास पहुँचे तो वहां टोलकर्मियों ने उनकी गाड़ी का टोल काट दिया। जब निर्मल सिंह ने जिलाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यादव को जानकारी दी तो वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ टोल प्लाजा के पास पहुँचे जहां उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया साथ ही टोल फ्री करा दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस ने कार्यकर्ताओं को शांत किया। उसके बाद टोल प्लाजा के असिस्टेंट मैनेजर विकास शुक्ला मौके पर पहुँचे ओर उन्होंने अपने कर्मचारियों की गलती बताई साथ ही कहा कि दोबारा ऐसा नही होगा। उसके बाद भाकियू भानु गुट ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया उसके बाद टोल शुरू कर दिया गया है।

# सीएचसी सिधौली में आशा कार्यकर्ताओं का धरना नौवें दिन भी जारी

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



समुदाय स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में आशा कार्यकर्ताओं का धरना नौवें दिन भी जारी रहा। आशा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विभिन्न मदों का मानदेय व प्रोत्साहन राशि अभी तक उनके खातों में नहीं भेजी गई है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरने में शामिल आशा प्रिया मिश्रा, गीतादेवी, रुचिदेवी, कुसुमलता, सुधा वर्मा, मनोरमा, सुनीता देवी व लक्ष्मी देवी ने बताया कि उनका आंदोलन बकाया भुगतान समेत अन्य मांगों को लेकर चल रहा है। आशा प्रिया मिश्रा ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो दसवें दिन धरना समुदाय स्वास्थ्य केंद्र से हटाकर जिला मुख्यालय स्थित जीआईसी मैदान में किया जाएगा और जिलाधिकारी से भी मुलाकात की जाएगी। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. जफर सैफी ने आशा कार्यकर्ताओं से वार्ता की। उन्होंने आश्वासन दिया कि कुछ मदों की राशि शीघ्र ही उनके खातों में भेज दी जाएगी। आश्वासन के बाद कुछ मांगों पर सहमति बनी, हालांकि आशा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक सभी बकाया भुगतान नहीं होता, उनका धरना जारी रहेगा, चाहे वह सिधौली में हो या जिला स्तर पर। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जफर सैफी से बात की गई तो उन्होंने बताया आशा कार्यकर्ताओं से वार्ता हुई है कुछ मदो का पैसा उनके खाते में भिजवा दिया जाएगा अब धरना यहां से समापन की ओर है।

### नोटिसों की सुनवाई के लिए अलग कांउटर लगाने के निर्देश

**शाहजहांपुर।** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के चल रहे, कार्यों के अन्तर्गत वर्तमान में नो-मैंपिग वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई का कार्य चल रहा है। डीएम ने इसके क्रम में अटर नगर आयुक्त, डीआईओएस, डीपीआरओ, सभी ईओ को पत्राचार कर निर्देश दिए हैं कि मतदाताओं द्वारा आयोग के निर्धारित अभिलेखों को जमा किया जा रहा है। मतदाताओं द्वारा उपलब्ध कराएं जा रहे अभिलेखों यथा जन्म प्रमाण-पत्र, परिवार रजिस्टर, शैक्षिक अभिलेख आदि की सत्यता की जांच सम्बंधित विभागों से कराए जाने के उद्देश्य से संबंधित अपने कार्यालय में अभिलेखों की जांच के लिए एक अलग से काउंटर तथा उस पर एक उत्तरदायी कार्मिक की तैनाती तत्काल कर जानकारी उपलब्ध कराएं।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर नगर निगम सख्त

- महापौर अर्चना वर्मा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




शहर को फाइलेरिया जैसी गंभीर एवं विकलांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी से मुक्त कराने के उद्देश्य से नगर निगम सभागार में महापौर अर्चना वर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त डॉ विपिन मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा नगर निगम के पार्षदगणों की उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र में संचालित फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की प्रगति की समीक्षा करना, कम कवरेज वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष रणनीति लागू करना तथा अभियान में जनसहभागिता को और अधिक मजबूत करना रहा। बैठक के दौरान विस्तार से चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि शहर के लो-कवरेज एरिया में पार्षदों के सक्रिय सहयोग से अभियान को सशक्त किया जाएगा। वार्ड चौपालों के माध्यम से आम नागरिकों को फाइलेरिया से बचाव, दवा सेवन की अनिवार्यता एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा, जिससे सामाजिक सहभागिता बढ़ सके। इसके अतिरिक्त शहर के प्रमुख एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, वार्ड कार्यालयों एवं भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) सामग्री का व्यापक प्रदर्शन कराया जाएगा। एमडीए राउंड तक लगातार माइकिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि महापौर एवं नगर निगम के सोशल मीडिया हैंडल्स के माध्यम से फाइलेरिया उन्मूलन से जुड़ी जानकारियों का व्यापक प्रसार किया जाएगा। साथ ही झुग्गी-झोपड़ी एवं स्लम क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अतिरिक्त सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा सेवन से वंचित न रहे। संपूर्ण फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की निरंतर निगरानी नगर आयुक्त द्वारा की जाएगी, जिससे कार्य में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे। बैठक में डॉ. मनोज मिश्रा (एनएसए), डॉ. नूपुर रायजादा (डीओ-पीसीआई), श्वेता सक्सेना (एसएमसी-पीसीआई) सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बिना अनुमति के कोई अधिकारी, कर्मचारी नहीं लेगा अवकाशः डीएम



**शाहजहांपुर।** जनपद में चल रहे विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 एसआईआर के महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्यों के दृष्टिगत जनपद के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रगाढ़ पुनरीक्षण सम्बंधी कार्यों की समाप्ति तक किसी भी प्रकार का कोई अवकाश बिना अनुमति के स्वीकृत नहीं किया जाएगा। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जानकारी डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने दी।

### चार लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** कोतवाली सिंधौली में एक युवक ने गांव के चार युवकों पर उसकी नाबालिग भतीजी का पीछा करने, महिलाओं से अभद्रता करने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पीड़ित युवक थाना सिंधौली क्षेत्र के एक गांव का निवासी है। उसने बताया कि उसकी भतीजी गांव के ही एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा है। आरोप है कि गांव का ही एक युवक लगातार उसका पीछा करता था, जिससे परेशान होकर वह पिछले एक महीने से भतीजी को स्कूल नहीं भेज रहा था। आरोप है कि इसके बाद आरोपी युवक घर के सामने बनी दुकान पर बैठकर घर की महिलाओं पर फब्तियां कसने और मजाक करने लगा। 24 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे जब इसका विरोध किया गया तो तालिब, सलमान, सुहेल और रिजवान ने लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे पीड़ित को कई जगह चोटें आईं। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरिफ व तालिब पुत्र शमीम, सलमान व सुहेल पुत्र अय्यूब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

### प्राइवेट वाहनों से बच्चों को विद्यालय न भेजें: एडीएम प्रशासन

**शाहजहांपुर।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला विद्यालय परिवहन यान समिति अर्द्ध बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि प्राइवेट वाहनों से बच्चों को विद्यालय में न भेजा जाए, ई रिक्शा में 5 से अधिक बच्चों को विद्यालय न लाया जाए। एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने बताया कि विद्यालय के सभी वाहन मानक के अनुरूप होने चाहिए वहां में फर्स्ट एड बॉक्स लगा होना चाहिए।


### कैंप लगाकर नो मैपिंग श्रेणी के मतदाताओं के जमा कराए जा रहे हैं फॉर्म

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** एसआईआर प्रक्रिया में वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट में जिन मतदाताओं के नाम नहीं होने पर नोटिस जारी किए थे उनके लिए गुरुवार को नगर पंचायत परिसर में कैंप लगाकर सुनवाई की गई। इसके साथ ही उनके फार्म और पहचान के रूप जमा किए गए कैंप में बूथ संख्या 60 से बूथ संख्या 98 तक के मतदाताओं ने जारी किए गए नोटिस के लिए जरूरी फॉर्म जमा किए वहीं दूसरी ओर ब्लॉक सभागार में भी आज बूथ संख्या 20 से 59 तक के मतदाताओं ने जारी किए नोटिसों के लिए जरूरी फॉर्म जमा किए उप राजस्व अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार ने बताया है कि यह प्रक्रिया अभी 10 फरवरी तक चलेगी जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं वह अपने सभी जरूरी प्रूफ समय से जमा कर दें कैंप में मतदाताओं को प्रूफ इकट्ठा करने के लिए बहुत ही मशक्कत करनी पड़ रही है।

### युवा अधिवक्ताओं ने आवारा गोवंशों की समस्या को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** तहसील जलालाबाद के युवा अधिवक्ता ने गावों में आवारा गायों की समस्या को लेकर गुरुवार दोपहर 1:00 बजे उप जिलाधिकारी प्रभात राय से मिले और आवारा गायों की समस्या को लेकर उन्हें विंता जताई और ज्ञापन देकर निराकरण की मांग की। ज्ञापन देकर बताया विकासखंड जलालाबाद में निराश्रित पशु लगातार किसानों की फैसले नष्ट कर रहे हैं किसानों पर आए दिन हमला कर कर घायल कर रहे हैं अत्यंत अति दुखी है इन गौ वंश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने बताया कि राम गंगा व वहगुल नदी दोआब क्षेत्रफल में आवारा पशुओं का भयंकर आतंक है फासले नष्ट कर रहे हैं ग्राम पंचायत थाथर मई संगहा, चितरउ व मैइया गुजरान गांव में आवारा पशुओं को शीघ्र गौशाला में भिजवाया जाए नहीं तो आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में सूरजपाल मोरपाल गंगा सिंह जयवीर सिंह बलिस्टर आदि अधिवक्ता का मौजूद है।

### वन विभाग की लापरवाही, तेंदुए ने बुजुर्ग किसान पर किया हमला, हाथ बुरी तरह जख्मी



**पूरनपुर, पीलीभीत।** वन विभाग की कथित लापरवाही के चलते एक बार फिर तेंदुए ने मानव जीवन पर हमला बोल दिया। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के दुर्जनपुर कला निवासी बुजुर्ग किसान निंदर सिंह साइकिल पर सवार होकर जोगराजपुर जा रहे थे, तभी रास्ते के किनारे गन्ने के खेत में छिपे तेंदुए ने अचानक उन पर झपट्टा मार दिया। हमले से किसान सड़क पर गिर पड़े और उनका दायां हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के दौरान आसपास के ग्रामीणों ने शोर-शराबा मचाकर तेंदुए को भगाया, जिसके बाद वह फिर से गन्ने के खेत में घुस गया। हमले का वीडियो किसी ग्रामीण ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मंगदपुर और आसपास के इलाकों में कई दिनों से तेंदुए की चहलकदमी देखी जा रही थी। तेंदुए के मूवमेंट की सूचना पहले ही वन विभाग को दी जा चुकी थी। ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन भी किया था और तेंदुए को पकड़कर गांव से दूर भेजने की मांग की थी, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने कहा, वन विभाग की सुस्ती और लापरवाही के कारण बुजुर्ग किसान की जान खतरे में पड़ गई। अगर समय रहते कार्रवाई की जाती तो यह घटना टल सकती थी। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी लापरवाही जारी रही तो कभी भी किसी की जान जा सकती है। घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तेंदुए को पकड़ने या ट्रैक करने में अभी तक सफलता नहीं मिली है।

### यूजीसी कानून को लेकर पूरनपुर में विरोध-प्रदर्शन



**पूरनपुर, पीलीभीत।** यूजीसी कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं पीलीभीत में विरोध प्रदर्शन के बाद पूर्व तहसील स्तर पर उग्र कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया विरोध प्रदर्शन करने वालों ने प्रधानमंत्री संबंधित उप जिलाधिकारी को सौंपा जिस ज्ञापन में यूजीसी नए कानून पर रोक लगाए जाने की मांग की। गुरुवार को ब्राह्मण महासभा पूरनपुर में गांधी पार्क स्थल पर कार्यकर्ता एकत्र हुए गांधी पार्क स्थल से ब्राह्मण महासभा के कार्यकर्ताओं ने यूजीसी में कानूनी बदलाव किए जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया कार्यकर्ताओं के द्वारा गांधी पार्क स्थल से तहसील तक विरोध जुलूस निकल गया तहसील पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया जिस ज्ञापन के माध्यम से यूजीसी कानून का सवर्ण विरोधी बताते हुए रोक लगाये जाने की मांग की।

### शादी हुई तो लड़के व ससुर को जान से मारने की धमकी

**तिलहर - शाहजहांपुर।** शादी तय होने के बाद चचेरे भाइयों ने शादी न होने देने तथा लड़के व उसके होने वाले ससुर को जान से मार देने की धमकी दिए जाने को लेकर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए ऑडियो रिकॉर्डिंग भी दी है। बंथरा निवासी विचित्र सिंह पुत्र विशाखा सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव शाहबाज नगर निवासी रंजीत सिंह की बेटी के साथ तय हुई है। आरोप है कि उसके चचेरे भाई खुटार थाना क्षेत्र के गांव लौगापुर निवासी जीवन सिंह व रंजीत सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह उसकी शादी नहीं होने दे रहे हैं। आरोप है कि उक्त दोनों ने उसे तथा उसके होने वाले ससुर रंजीत सिंह को जान से मारने की धमकी दी है जो उसके मोबाइल में रिकॉर्ड है। पीड़ित ने धमकी भरी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सुनवाते हुए दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रैक्टर-ट्राली से ढाईघाट गंगास्नान को जा रहे बुजुर्ग की गिरकर दर्दनाक मौत

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** बृहस्पतिवार को अपराह्न करीब पांच बजे जिले के बंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बरी बरा निवासी 55 वर्षीय पृथ्वीराज सिंह अपनी ट्रैक्टर ट्राली पर परिवार के साथ ढाईघाट गंगास्नान को जा रहे थे। रास्ते में ढाईघाट रोड पर ग्राम जरियनपुर में उनकी ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर दर्दनाक मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को सीएससी जरियनपुर में रखवाकर पंचनामे की कार्यवाही की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बरी बरा निवासी 55 वर्षीय पृथ्वीराज सिंह पुत्र सुबेदार सिंह अपनी ट्रैक्टर ट्राली पर परिवार के साथ ढाईघाट गंगास्नान करने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक ट्रैक्टर और ट्राली के बीच टूल बॉक्स पर पैर रखकर उतर रहा था, तभी ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर आगे बढ़ा दिया। जिससे वे नीचे गिर गए और उनके ऊपर से ट्राली का पहिया उतर गया। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली में सवार अन्य लोगों से जानकारी करके शव को सीएससी जरियनपुर भेज दिया। पुलिस शव का पंचनामा तैयार करने के पोस्टमार्टम करवाए जाने की तैयारी कर रही है।

# देश और धर्म के प्रति समर्पण से ही भारत बनेगा विश्व गुरुः रवि शर्मा

- विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ी भीड़

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



हिंदू जन जागरण समिति के आयोजकत्व में अग्रवाल सभा धर्मशाला में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने देश , धर्म के प्रति जागरूक करते हुए सक्रियता का आह्वान किया । गुरुवार को मध्यान्ह एक बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिंदू जन समिति का हिंदू स्वाभिमान सम्मेलन संजय गुप्ता की अध्यक्षता में शुरू हुआ। सम्मेलन में संघ के रवि मिश्रा ने कहा की हमारे पास पहले भी धन , बुद्धि, कौशल और शौर्य था। लेकिन एकता के अभाव के चलते हमें गुलाम होना पड़ा । इस लिए नए भारत के निर्माण और विश्वगुरु बनाने के लिए हमें जाति बंधन को दरकिनार कर की हिंदू समाज को एकजुट करना होगा । तभी देश और विश्व का कल्याण होगा। विजयपाल सिंह आर्य ने कहा कि अब समय आ गया है जब हम अपने गौरवपूर्ण इतिहास और महापुरुषों को स्मरण कर आगे बढ़ना है। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के आलोक शर्मा, अर्चना जी ने भी हिन्दू एकता पर वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में पंडित शिव ओम मिश्रा व विजयपाल आर्य ने भजनों के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया। सम्मेलन में भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा, व्यापारी नेता प्रदीप गुप्ता सर्राफ, चंद्रकांता त्रिवेदी, सौरभ गुप्ता रवि, सुरेश शर्मा पप्पू,मनोज शर्मा, युवराज सिंह,राजदीपक शर्मा, झब्बू सिंह यादव, सहित सैंकड़ों नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन में अंकित अग्रवाल, अनुज राठौर, वैभव रस्तोगी उपेंद्र अग्रवाल, सेठी कश्यप, अनुराग सिंह, सुशील बाबू गुप्ता, सुनील गुप्ता चोटी बाला, तुषार रस्तोगी आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह ने किया।

# 15 दिन से घायल पड़ा सांड, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में एक आवारा सांड पिछले 15 दिनों से सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा है। तिलहर-दातागंज स्टेट हाईवे पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने एक ट्रक की टक्कर से उसे गंभीर चोटें आई थीं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि सांड का कुल्हा टूट गया है। यह घटना राजकीय पशु चिकित्सालय से मात्र 50 मीटर और विकासखंड कार्यालय से 100 मीटर की दूरी पर हुई है। उल्लेखनीय है कि विकासखंड कार्यालय में आवारा पशुओं को गौशाला ले जाने के लिए एक ट्रॉली भी उपलब्ध है। कस्बे के निवासी बाल गोविंद गुप्ता ने बताया कि उन्होंने तीन दिन तक पशु चिकित्सालय जाकर सांड का इलाज करवाया था।लगातार भूख और प्यास के कारण उसकी हालत बिगड़ती जा रही है।कस्बे के सुनील यादव, मदनपाल सिंह, बलराम सिंह, नन्हे सिंह, संजीव मिश्रा,पूरन लाल मिश्रा नें कहा क्षेत्र में आवारा पशु दुर्दशा का शिकार हैं और दुर्घटना में घायल होने पर अक्सर तड़प-तड़प कर दम तोड़ देते हैं। सभी ने प्रशासन से बैंक ऑफ बड़ौदा के पास घायल पड़े इस सांड को गौशाला में भिजवाकर समुचित इलाज कराने और उसकी जान बचाने की अपील की है। इस बारे में जब सहायक विकास अधिकारी पंचायत पवन कुमार से बात की तो मामला उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग पर टाल दिया।कहा हमारा काम तो सिर्फ अंतिम संस्कार करने का है।अगर सांड मृत होता तो उसका अंतिम संस्कार करा देते। वहीं जैतीपुर के राजकीय पशु चिकित्सालय के प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशल कुमार से बात की तो उन्होंने बताया मेरा काम सिर्फ इलाज करने का है जो किया जा रहा है। सांड को गौशाला में भिजवाने का काम बीडीओ और सचिव का है। अब सवाल यह है क्या जख्मी सांड खुले आसमान के नीचे भूखा- प्यास दम तोड़ देगा।

# नोटिस में स्वयं नहीं तो परिवारी दे सकते हैं दस्तावेज

- निर्वाचन आयोग ने व्यक्तिगत सुनवाई से दी छूट

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एसआईआर में नोमैपिंग न हो पाने के कारण जारी किए गए नोटिस मामले में व्यक्तिगत सुनवाई से छूट दे दी गई है। अब परिवार का कोई भी सदस्य नोटिस की बाबत दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेगा। गौर तलब है कि एसआईआर के दौरान दस्तावेजों के प्रस्तुत न कर पाने के कारण बीएलओ द्वारा समयावधि में नोमैपिंग होने के कारण जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। उनके द्वारा पुष्टि हेतु स्वयं नोटिस का जवाब और निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई गाइड लाइन में निर्धारित किए 13 प्रकार के दस्तावेज में से कोई भी प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया को अब निर्वाचन आयोग ने सरल करते हुए नोटिस संबंधी सुनवाई में उक्त व्यक्ति के स्वयं न जाकर उसके स्थान पर परिवार का कोई भी सदस्य सुनवाई स्थल पर जाकर दस्तावेज उपलब्ध करा सकता है। इस बाबत संबंधित बीएलओ द्वारा बूथों तथा सोशल साइडों पर जानकारी साझा की गई है।

# शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी तथा जनहित को सर्वोपरि रख कर होः सीडीओ

- जनसुनवाई के समय जनपद स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रहे लाइव

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकास भवन में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान गुरुवार को सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान डीएम की नवीन पहल के अंतर्गत जनसुनवाई के समय जनपद स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव जुड़े रहे, जिससे प्राप्त शिकायतों का त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। सीडीओ ने प्राप्त प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, समयबद्ध तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए किया जाए। तहसील, ब्लाक मुख्यालय से जनता को जिला मुख्यालय के लिए न दौड़ना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। अगर कोई फरियाद लेकर बार बार आएगा तो संबधित अधिकारी की जबाबदेही तय की जाएगी।

**सूचना**

समाचार एवं विज्ञापन हेतु संपर्क करें।

**मोहम्मद नईम अंसारी**

ब्लाक-संवाददाता खुदागंज, शाहजहांपुर

मो.8858692117

# सर्व समाज मोर्चा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सर्व समाज हिताय मोर्चा ने मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद नबी आजाद तथा जिलाध्यक्ष गुलाम गॉस के नेतृत्व में मोर्चा के कांट स्थित नगर कार्यालय से बड़ी संख्या में नगरवासियों के साथ नगर पंचायत कांट के कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन तथा नारेबाजी करते हुए जनहित से संबंधित तीन बिंदुओं के समाधान हेतु अधिशासी अधिकारी कुमारी नूरजहां तथा चेयरमैन पुत्र राईस मियां को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बिन्दुवार वार्ता हुई। नगर पंचायत कांट में कोटेदारों द्वारा की जा रही अवैध घटतोली को रोककर राशन कार्ड धारकों को पूरा राशन दिलवाने की मांग की गई, पीएम आवास मे की जा रही अवैध वसूली को रोके जाने तथा पात्रों को निशुल्क आवास दिलाने की मांग की गई, वर्षो से सफ़ेद हाथी बनी पानी की टंकी बने होने के बाबजूद अभी तक नगरवासियों को स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो सका है, जिसको तत्काल चालू कराकर जनता को स्वच्छ जल मुहैया कराने की मांग की गई। उक्त जनहित की बिन्दुवार समस्याओं के समाधान हेतु आक्रोशित वार्ता हुई, मोर्चा ने शीघ्र समाधान न होने की स्थिति में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। तब उक्त अधिशासी अधिकारी तथा चेयरमैन पुत्र दोनों ने शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया, जिस पर मोर्चा ने चेतावनी देते हुए कहा यदि 15-20 दिनों के अंदर उक्त तीनों जनहित की जनसमस्याओं का निस्तारण कराकर मोर्चा को लिखित में अवगत न कराने पर मोर्चा नगर पंचायत कांट के प्रांगण में अनिश्चितकालीन उग्र जनान्दोलन करने को बाध्य होगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व नगर पंचायत कांट का होगा। धरना प्रदर्शन में नगराध्यक्ष आशु वाल्मीकि, जिला सचिव मोहम्मद नाजिम, साजिद अली, सदाब खान, जिला कोषाध्यक्ष अच्छन खान, मोहम्मद यूनुस, कामरान, आरिफ, इर्शाद, फुरकान, डॉ राईस, संतोष, अमर पाल, लालन, नीरज, अवधेश, संजीव, रंजीत, प्रमोद, रेहाना बेगम आदि तमाम लोग शामिल रहे।

### प्रधानाचार्यों के लिए शैक्षिक संगोष्ठी और मण्डलीय सम्मेलन का आयोजन आज

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के तत्वावधान में माध्यमिक शिक्षा के संवर्द्धन में प्रधानाचार्यों की भूमिका पर शैक्षिक संगोष्ठी और मण्डलीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे एस. एस. लॉ कॉलेज, मुमुक्षु आश्रम, में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश कुमार, संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली मण्डल, बरेली उपस्थित होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री हरिवंश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक और अध्यक्षता स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती, पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री एवं मुख्य अधिष्ठाता, मुमुक्षु आश्रम, शाहजहाँपुर द्वारा की जाएगी।

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं0-यूपी076 20160017741में त्रुटिवश बीरेश्वर पुत्र रामऔतार निवासी नदौरा मेरापुर जनपद फर्रुखाबाद अंकित हो गया है, जबकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में सही नाम बीरेश्वर सिंह पुत्र राम औतार सिंह निवासी नगला बहादुर पो0 नदौरा थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद दर्ज है। संशोधन कर मेरे सही नाम ड्राइविंग लाइसेंस में दर्ज किया जाये। **बीरेश्वर सिंह पुत्र राम औतार सिंह निवासी नगला बहादुर पो0 नदौरा थाना मोहम्मदाबाद, जनपद फर्रुखाबाद।**

### महिला ने घर में घुसकर छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कथित तौर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात जब वह घर पर अकेली सो रही थी, तभी पड़ोस के मगटोरा गांव का केपी पुत्र आसाराम उसके घर में घुस आया। आरोप है कि उसने महिला को पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ की, साथ ही गलत काम करने का प्रयास भी किया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने तमंचा निकाल लिया और गाली-गलौज करते हुए वहां से भाग गया। आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने बताया प्रथम दृश्य मामला झूठा लगता है फिर भी पुलिस मामले की जांच कर रही है खबर गुरुवार दिन के 11:00 बजे की है।

# एनसीसी कैडेटों द्वारा सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की गई



**शाहजहांपुर।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में श्री फूलसिंह शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज में छात्र व छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों के माध्यम से समाज में भी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरिओम, यात्री-माल कर अधिकारी आरपी गौतम, यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय व अन्य स्टाफ मौजूद रहा। इसके अतिरिक्त सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक विकास कुमार यादव व सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरिओम द्वारा जनपद के विभिन्न मोटर ट्रेनिंग स्कूल का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं को नियमानुसार कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सवर्ण समाज के लोग तहसील परिसर में पहुंच कर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी पूरनपुर को सौंपा

**पीलीभीत/पूरनपुर, समृद्धि न्यूज़।**




यूजीसी द्वारा लागू किये गए काले कानून के विरोध में सवर्ण समाज गाँधी पार्क पूरनपुर में एकत्रित हुआ। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, माहौर वैश्य समाज, कुमार तनय सभा, चित्रांश परिवार, क्षत्रिय संघ आदि संगठनों ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर के नये कानूनों के खिलाफ आवाज बुलंद की। गाँधी पार्क में एकत्रीकरण के पश्चात सवर्ण समाज के लोग तहसील परिसर में पहुँचे जहाँ पर प्रधानमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह को सौंपा। इस ज्ञापन में सवर्ण समाज ने मांग की त्वष्ट के एक-पक्षीय सवर्ण समाज विरोधी ड्राफ्ट रेगुलेशन को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। इसके अतिरिक्त नीति निर्धारण समितियों में सभी सामाजिक वर्गो का संतुलित और पारदर्शी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए एवं त्वष्ट के प्रस्तावित काले कानून को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया कि देश के युवाओं के भविष्य, सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा हेतु अति शीघ्र इस समस्या का निराकरण किया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पं.हरगोविंद बाजपेई, नवनीत मिश्रा, डॉ. सुधीर शर्मा, पं. राम अवतार शर्मा, पं. निरंकार पाण्डेय, पं.अश्वनी शुक्ला, आलोक मिश्रा, संजय गुप्ता, सौरभ सक्सेना, महेन्द्र सिंह, मनोज गुप्ता, अरविन्द सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह ध्रुव, चैतन्य देव मिश्रा, गोपाल मिश्रा, गौरव दीक्षित, मानस शुक्ला, महेश मिश्रा, पं सतीश मिश्रा, सुशील मिश्रा, अवनीश शुक्ला, अश्वनी मिश्रा, रूद्र मिश्रा, राहुल अवस्थी, अनूप गुप्ता, पंकज गुप्ता, मयंक सक्सेना, गौरव पाण्डेय, पं रजनीश मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांकः1279/ 1-30/ 2025-26 
1 दिनांक 29/01/2026

**-ः ई-निविदा सूचना ः-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ई-निविदा नोटिस के अनुसार 15वाँ वित्त आयोग में उपलब्ध धनराशि से कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा नोटिस संख्या-1279 दिनांक 29/01/2026

1- अपरान्ह का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2- आमंत्रित निविदा दिनांक 20/02/2026 अपरान्ह 4.00 बजे तक उक्त वेबसाइट पर डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
3- अपलोड करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र वॉछित समस्त अभिलेखों एवं मूल जमानत धनराशि के साथ निर्धारित तिथि व समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जा सकती है।
4- निविदाओं की तकनीकी बिड ऑनलाइन दिनांक 20/02/208 को अपरान्ह 4.30 बजे खोली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद**

## ग्राम पंचायत अकबरपुर सदिया, विकास खण्ड-अहिरोरी, हरदोई

पत्रांकः 009/अक.स./2025-26 दिनांकः 27/01/2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अकबरपुर सदिया, वि.ख.अहिरोरी, जनपद-हरदोई में रजिस्टर्ड फर्मो/सप्लायर्स/निर्माण से ईट,बालू,मौरंग, इंटरलॉकिंग ईट,सीमेन्ट, पत्थर,गिट्टी आपूर्तिकर्ताओं से निविदा आमंत्रित की जाती हैं।निविदा दिनांक 29/01/2026 से 02/02/2026 तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाओं को उनके प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 03/02/2026 को पंचायत घर अकबरपुर सदिया में समय 3:00 बजे सायंकाल खोली जाएंगी।

1 अरविन्द के घर से राम कुमार के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य 1,35,837/- राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त
2 सीसी रोड से नाली ग्राम अकबरपुर 1,67,871/- तदैव
3 सदियापुर में रमाकांत के घर से इंटरलॉकिंग तक इंटरलॉकिंग कार्य 1,58,773/- तदैव

**अंकुर शुक्ल**
प्रधान-
अकबरपुर सदिया, अहिरोरी, हरदोई

**रीतू कुशवाहा**
ग्रा.वि.अधिकारी
अकबरपुर सदिया, अहिरोरी, हरदोई

## कार्यालय-नगर पालिका परिषद कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः1319/न0पा0परि0का0/सार्व0सू0/2025-26 दिनांक 29/01/2026

**सार्वजनिक सूचना/आपत्ति आमंत्रण/दावा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा जारी अधिसूचना सं0-912/ नौ-9-2024-85 ज/05टी0सी0-01 लखनऊ दिनांक 28 जून, 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि दोनों के वर्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 को अन्तिम रूप से प्राख्यापित कर दिया गया है। यह नियमावली उ0प्र0 के समस्त नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों पर लागू होगी उक्त नियमावली के नियम-5 (1) के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी को प्रदत्त शाक्तियों का प्रयोग करते हुये नगर पालिका परिषद् कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद की भौगोलिक सीमाओं में स्थित प्रत्येक समूह के लिए फर्शी क्षेत्रफल (कारपेट एरिया) की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट में) हेतु न्यूनतम मासिक किराये की दर या प्रत्येक भूमि समूह के लिए क्षेत्रफल की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट में) हेतु न्यूनतम मासिक किराये की दर निर्धारित करती है। नियमावली के नियम-5 (2) के अनुसार अन्य अनावासिक भवनों और भूमि के मामले में आच्छादित क्षेत्रफल और भूमि का प्रति ईकाई क्षेत्रफल मासिक किराये की दर नियमावली के नियम 05 उप नियम (1) अधीन नियत किराये मासिक दर का गुणांक होगा जैसा कि नियमावली के नियम 05 (2) की अनुसूची की श्रेणी 1,2,3 एवं 4 में उल्लेखित है। नियमावली के नियम-7 के उप नियग (2) के प्राविधानुसार भवनों या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर वार्षिक मूल्य से किसी भी दशा में 10% से कम नहीं होगा। भवनों या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर जलकर 10ः से कम नहीं होगा और जलनिकास कर वार्षिक मूल्य 2.5% से कम न होगा। नियमावली के नियम-07 (1) प्राविधानुसार कर का निर्धारिण वार्षिक मूल्य की गणना के अनुसार किया जायेगा। नियमावली के अनुक्रम में निर्धारित न्यूनतम मासिक किराया दर के अनुसार द्विवर्षीय कर निर्धारण 2025-26 से 2026-27 हेतु नगर पालिका परिषद् कायमगंज सीमान्तर्गत सभी 25 वाड़ों का सर्वे पूर्ण कर वार्डवार कर निर्धारण पंजिका/सूची तैयार कर ली गयी है। उक्त मूल्यांकन से सम्बन्धी आपत्ति/आमत्रंण/दावा को जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं वार्डवार आपत्तियों प्राप्त करने हेतु प्रकाशित किया जाता है। प्रस्तावित नियमावली के सम्बन्ध में आपत्तियों नगर पालिका परिषद् कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में व्यक्तिगत या पंजीकृत डॉक, स्पीड पोस्ट या ई-मेल-eokaimganj123@gmail.com के माध्यम से सूचना प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर की जायेगी। प्राप्त समस्त आपत्तियों का अधिशासी अधिकारी द्वारा वार्डवार निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज द्वारा किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**(डॉ0 लव कुमार मिश्र)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद**

**(डॉ0 शरद गंगवार)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद**

## दुखद हादसा

बुधवार सुबह बारामती के पास हुई एक विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार व चालक दल के सदस्यों समेत पांच लोगों की दुखद मृत्यु हो गई। मुंबई से बारामती आ रहा चार्टर विमान मौसम की खराबी के कारण रनवे के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के कारणों का असली पता जांच के बाद ही चलेगा, मगर प्रथम दृष्टया धुंध के कारण दृश्यता में कमी ही बताया जा रहा है। महाराष्ट्र में छह बार उप मुख्यमंत्री रहे अजित पवार के राज्य में राजनीतिक योगदान को नकारा नहीं जा सकता। राज्य में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व अन्य विपक्षी दलों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है। हालांकि, ममता बनर्जी ने उनकी मौत को लेकर कुछ सवाल खड़े किए हैं, लेकिन उनके राजनीतिक गुरु व चाचा शरद पवार ने उनकी मृत्यु को लेकर राजनीतिक बयानबाजी को खारिज किया है। निश्चय ही महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी के नेता अजित पवार की असामयिक दुर्घटना में मृत्य ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक शून्य जरूर पैदा कर दिया है। वहीं डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी डीजीसीए के मुताबिक दुर्घटना क्रैश लैंडिंग के दौरान हुई। रनवे के निकट हुए हादसे में विमान में आग लग गई और स्थानीय लोगों के प्रयासों के बावजूद किसी को बचाया नहीं जा सका। विमान लियरजेट-45 सोलह साल पुराना था। घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फ़्ड़णवीस ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। निःसंदेह, अजित पवार जनता के नेता थे और जमीनी स्तर पर लोगों से उनका गहरा जुड़ाव था। बताया जाता है कि प्रशासनिक मामलों में उनकी समझ गहरी थी। वे वंचित वर्ग को सशक्त करने के प्रयासों के लिये जाने जाते रहे हैं। बहरहाल, अजित पवार को महाराष्ट्र की राजनीति में उनके बदलते दांव-पेचों के लिये याद किया जाता रहेगा। उनके बारे में कहा जाता रहा है कि वे उस कहावत को हकीकत बनाते रहे हैं कि राजनीति में कोई स्थायी दोस्त नहीं होता और ना ही स्थायी दुश्मन। वे अपनों के साथ तो रहे, गैरों को भी रास आए। उन्होंने चाचा और अपने राजनीतिक गुरु शरद पवार से राजनीति के गुर सीखे। शरद पवार को महाराष्ट्र की राजनीति का चाणक्य कहा जाता रहा है, लेकिन अजित पवार ने उनसे अलग होकर अपनी नई राह भी बनायी। यूं तो उन्होंने चाचा शरद के साथ राजनीतिक पारी शुरू की लेकिन साल 2023 आने तक वे एकला चलो की राजनीति करने लगे। हालांकि, उन्होंने चाचा शरद पवार की छत्रछाया में राजनीति का ककहरा सीखा लेकिन एक समय वे पार्टी का सिंबल भी ले जाने में कामयाब रहे। फिर शरद पवार को नई पार्टी बनाकर उपस्थिति दर्ज करानी पड़ी। बारहवीं तक पढ़ाई के बावजूद वे अनुभवी नीतिकारों की सहायता से एक बेहतर प्रशासक भी साबित हुए। सहकारी चीनी मिलों से राजनीति की शुरुआत करने वाले पवार विधायक से लेकर सांसद तक चुने जाते रहे। वे राज्य में छह बार उप मुख्यमंत्री बने। साल 1991 में पहली बार बारामती से कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने, लेकिन चाचा शरद पवार के लिये बाद में सीट खाली भी की। वे सबसे पहले 1995 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने। उनकी लोकप्रियता का आकलन इस बात से किया जा सकता है कि वे सात बार विधायक चुने गए। फिर वे विलासराव देशमुख की कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन सरकार में पहली बार सिंचाई मंत्री बने। फिर ग्रामीण विकास मंत्री भी रहे। बाद में वे एनसीपी-कांग्रेस गठबंधन में जल संसाधन मंत्री भी रहे। साल 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उनके अचानक भाजपा गठबंधन के साथ आने और उप मुख्यमंत्री बनने ने सबको चौंकाया था। फिर पवार साल 2023 में महायुति गठबंधन का हिस्सा बनकर पांचवीं बार उप मुख्यमंत्री बने। हालांकि, एनसीपी में विभाजन के बाद शरद पवार परिवार से संबंध बनाये रखे। इसके बावजूद कि उन्होंने एनसीपी का नाम और सिंबल तक ले लिया था। महाराष्ट्र की राजनीति में अजित पवार को कई मायनों में हमेशा याद किया जाएगा।

# पर हे भारत! बचके रहना जयचंदी मक्कारों से



(अरविंद कांत त्रिपाठी)



*लगभग एक दशक पहले तक अपनी सकारात्मक सोच और रचनात्मक कार्यों से जनमत तैयार करते हुए सत्ता परिवर्तित करने की स्वस्थ परम्परा थी। उसी परम्परा को कायम रखना जरूरी है।... मोदी सरकार को हटाने का उद्देश्य गलत नहीं हो सकता लेकिन जब यह उद्देश्य विदेशी शक्तियों का भी हो और उसमें किसी भी तरह हटाने का तत्व जुड़ जाए तो वह, प्रजातंत्र और राष्ट्र दोनों की हिफाजत के लिए खतरनाक है। एक आम भारतीय (हिंदू, मुसलमान, ईसाई आदि) को बेनजुएला, चीन, टर्की, पाकिस्तान, अमेरिका, नाटो, यूएनओ और ट्रंप की सनक से खास मतलब नहीं। कौतूहलवश वह इन मुद्दों पर आपस में गाल बजाकर अपनी रोजी-रोटी में लग जाता है। उसके दिल में सुरक्षित भारत की कामना। इस कामना पूर्ति के लिए हर भारतीय को हर समय जागरूक रहना पड़ेगा क्योंकि शासन की कोई भी पद्धति हो संपूर्ण शक्ति हमेशा जनता में ही बसती है। नायक कितना ही योग्य क्यों न हो, अपने पीछे जनशक्ति के बिना वह शून्य हो जाता है। विश्व के अनेक देशों के हालात सामने हैं।*

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनिश्चित व्यवहार से पूरा विश्व असुरक्षा की आशंकाओं बीच गुजर रहा है। कहीं एक-दूसरे का वजूद मिटा देने वाला युद्ध है, कहीं सरकारों के तख्ता पलट करवाने का क्रम, तो कहीं दादागिरी के बल पर किसी राष्ट्रध्यक्ष का अपहरण। नाटो और यूरोपीय संघ की पुरानी वचनबद्ध मित्रता को भी दरकिनार करते हुए ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की जिद भी है। जो अपने स्वार्थ के लिए नाटो और यूरोपीय संघ जैसे अपने विश्वास पात्रों से भी घात करने को तैयार है, दूसरों के साथ वह कितना वफादार होगा? इसे समझना कठिन नहीं है। संयुक्त राष्ट्र संघ का लगभग अपाहिज स्थिति में पहुंच जाना सबसे अधिक चिंताजनक है क्योंकि इसकी स्थापना, विश्व की सबसे बड़ी ताकत के रूप में विश्व शांति सुनिश्चित करने के लिए हुई थी।

अमेरिकी प्रभाव से मुक्त, अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप शासन करने वाले देश और नेता अमेरिका को बर्दास्त नहीं। वियतनाम, क्यूबा, इराक, अफगानिस्तान एवं सीरिया आदि देशों का हस्र दुनिया देख चुकी है। अब नेपाल, बांग्लादेश के बाद ईरान में गृहयुद्ध करवाकर, वहां तख्ता पलट करवाना या करवाने की कोशिश, फिर गृहयुद्ध में तबाह हो चुके देश को पुनर्निर्माण के नाम पर अपने झंडे के नीचे लाने की महत्वाकांक्षा जारी है।

भारत में भी ऊपर से सब ठीक है। लेकिन तहखाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरोध की सोच यहां तक पहुंच चुकी है कि अगर देश में आग लगाकर या देश को तोड़कर भी मोदी को हटाया जा सके, तो हटाया जाना चाहिए। वैश्विक और आंतरिक राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक शक्तियां इस सोच की झंडाबरदार हैं।...वैश्विक शक्तियां तेजी से बढ़ रही भारत की ताकत से बेचैन हैं तो वहीं, अपने से दूर हो चुके दिल्ली सिंहासन के कारण बौखलाई आंतरिक राजनीति मोदी विरोध से आगे जाकर घोर ईर्ष्या और नफरत तक पहुंच चुकी है।

प्रधानमंत्री को नीच, घटिया, खून का दलाल आदि कहना, उनको मां की गाली देना, उनके मृत्यु की कामना और उनकी कब्र खोदने का नारा ; खतरे तक पहुंच चुकी ईर्ष्या और दुर्भावना का सबूत तो है ही, साथ ही यह सब प्रजातंत्र में भाषाई-मर्यादा की अंत्येष्टि का भी दृश्य है।

विदेशी ताकतों के लिए देश में आग लगाने को जातीय, धार्मिक, सांप्रदायिक, क्षेत्रीय और भाषाई मुद्दे पहले से विद्यमान हैं। तो वहीं देश से घात करने वाली जयचंद और मीरजाफरी नस्लें भी मौजूद हैं। इस फेहरिस्त में - सम्प्रदाय विशेष के बारे में विषैला बयान देने वाले सत्ताधारी नेता, राष्ट्रीय भावनाओं के विपरीत कार्य करने वाला कांग्रेसी नेतृत्व, चीनी पक्षकार के रूप में सक्रिय कम्युनिस्टी कामरेड, घुसपैठियों से हमदर्द वाली तुक्ष्य सियासत, भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए मजमा लगाने वाले कथित धर्मगुरु और धर्म को राष्ट्र से ऊपर बताकर मुस्लिम युवाओं के मन में जहर भरने वाले मौलाना लोग - शामिल हैं।...

फिलहाल बहुसंख्य जनता के मन में भारत बसने, कानून-व्यवस्था के अपेक्षाकृत सख्त होने और प्रशासन की मुस्तैदी से देश में हालात बांग्लादेश, नेपाल और ईरान जैसे नहीं हो पा रहे हैं। अन्यथा भारत को श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश बनाने का ऐलान, इसके लिए जेन-जी से सड़क पर उतरने की अपील, चिकन नेक को काटकर पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की मंशा आदि का खुलेआम इजहार तो हो रहा ही है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के बेहद अहम मुद्दों (एनआरसी/ सीएए/ एसआईआर) को सूली पर टांगा जा रहा है। भारतीय संवैधानिक संस्थाओं (ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग आदि) के प्रति अविश्वास पैदा करने की खतरनाक कोशिश हो रही है। भारत में सिख तथा मुस्लिम समाज की आजादी खतरे में है, ऐसी अवधारणा बनाने के लिए विदेशों में प्रेस वार्ता आयोजित की जा रही हैं।

सबसे ऊपर, भारत में गृहयुद्ध के लिए सड़कों पर जेन-जी को उतरने को उकसाना है। इसके अलावा भारत तेरे टुकड़े होंगे वाले नारेबाजों के समर्थन में कांग्रेस व कम्युनिस्ट पार्टी के बड़े नेताओं का जेएनयू में उपस्थित होना, नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों के 56 जवानों की हत्या पर जेएनयू में आयोजित उत्सव पर विपक्षी दलों की खामोशी, डोकलाम और गलवान झड़प में भारतीय सेना की अदम्य बहादुरी पर गर्व करने की जगह ऐसी बातें करना जिससे चीन का पक्षपोषण होता हो, उसी समय रात के अंधियारे में कांग्रेस के बड़े नेता का चीनी राजदूत से गुपचुप मिलना, बालाकोट एयर स्ट्राइक के समय सेना पर भरोसा न करके सबूत मांगना, अपने सैन्य जनरलों के बयानों को दरकिनार कर युद्ध विराम पर ट्रंप के बयानों को प्रचारित करना, आपरेशन सिंदूर में भारत के कितने फाइटर गिरे? जैसा उल्टा सवाल पूछकर भारतीय सेना के मनोबल को तोड़ने की कोशिश, डोनाल्ड ट्रंप के दिवालिएपन का अनुसरण करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी बता कर देश को हताश करने का प्रयास आदि चित्त-भ्रम की ऐसी अवस्था है जिसमें विपक्ष, मोदी विरोध और राष्ट्र विरोध के बीच अंतर कर पाने में असमर्थ दिखने लगा है। विपक्ष की ऐसी कारगुजारियां विदेशी ताकतों (अमेरिका, चीन, टर्की, पाकिस्तान आदि) के मनोनुकूल है। तभी तो भारतीय नेताओं और अन्य भारतीयों के असहज बयान पाकिस्तानी टीवी पर दिन-रात प्रसारित किए जाते हैं।

तीसरे कार्यकाल में भी प्रधानमंत्री के उसी वजन, उसी कद, उसी सक्रियता और लोकप्रियता से जब विश्व शक्तियां (अमेरिका, चीन आदि) डाह में हैं तो देश के अंदर मोदी विरोधियों के संताप (जलन) को समझना कठिन नहीं है। मोदी सरकार को हटाने की हर कोशिश के बाद भी जनता ने तीसरी बार नरेंद्र मोदी के हाथों में राष्ट्र की कमान को सौंपा है। ऐसा इसलिए कि भारतीय जनता भोली और भावुक अवश्य है लेकिन निर्बुद्ध नहीं। वह व्यक्ति के आचरण की मर्यादा और चरित्र की संपदा को अपने हृदय की कसौटियों पर कसने के बाद ही उसे अपना नायक घोषित कर उसके हाथों में अपना सारा भविष्य सौंपती है।

इस सच्चाई का आंकलन करने की जगह अनाप-शनाप बकना आत्मघाती है। ऐसी स्थिति में आत्मसंयम और आत्मनिरीक्षण बेहद आवश्यक है अन्यथा यह स्थिति विक्षिप्तावस्था तक ले जाती है। जो पूर्ण पतन और नाश (अंत) का कारण भी हो सकता है।

ध्यान रहे, भारत में मतदाताओं की वह भारीभरकम जनसंख्या भी है, जिसके हृदय में कोई पार्टी नहीं, केवल राष्ट्र बसता है। यह जनसंख्या राष्ट्र विरोधी लगने वाली हर सियासत को नामंजूर करते हुए मोदी के पक्ष में मतदान करती है। मोदी के पक्ष में हिलोरा लेते इसी भारी मतदान को राजनीति की भाषा में लहर कहा जाता है और जनता का समर्थन पाने में असफल विपक्ष इस स्थिति को वोट चोरी का नाम देकर अपने बौनेपन को छिपाने की कोशिश करता है। वोट चोरी का यही यथार्थ है।

लगभग एक दशक पहले तक अपनी सकारात्मक सोच और रचनात्मक कार्यों से जनमत तैयार करते हुए सत्ता परिवर्तित करने की स्वस्थ परम्परा थी। उसी परम्परा को कायम रखना जरूरी है।... मोदी सरकार को हटाने का उद्देश्य गलत नहीं हो सकता लेकिन जब यह उद्देश्य विदेशी शक्तियों का भी हो और उसमें किसी भी तरह हटाने का तत्व जुड़ जाए तो वह, प्रजातंत्र और राष्ट्र दोनों की हिफाजत के लिए खतरनाक है।

एक आम भारतीय (हिंदू, मुसलमान, ईसाई आदि) को बेनजुएला, चीन, टर्की, पाकिस्तान, अमेरिका, नाटो, यूएनओ और ट्रंप की सनक से खास मतलब नहीं। कौतूहलवश वह इन मुद्दों पर आपस में गाल बजाकर अपनी रोजी-रोटी में लग जाता है। उसके दिल में सुरक्षित भारत की कामना। इस कामना पूर्ति के लिए हर भारतीय को हर समय जागरूक रहना पड़ेगा क्योंकि शासन की कोई भी पद्धति हो संपूर्ण शक्ति हमेशा जनता में ही बसती है। नायक कितना ही योग्य क्यों न हो, अपने पीछे जनशक्ति के बिना वह शून्य हो जाता है। विश्व के अनेक देशों के हालात सामने हैं। इसलिए

सपूत मातृभूमि के - रुको न शूर साहसी!
प्रवीर हो, जयी बनो - बढ़े चलो, बढ़े चलो
(जयशंकर प्रसाद)।

*(लेखकर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)*

विचार

# शिक्षा बजट में समाज-विज्ञानों पर ध्यान देने की जरूरत

*गिरीश्वर मिश्र*

अंग्रेज़ों से स्वतंत्रता मिलने के समय भारत को एक पिछड़ा और तीसरी दुनिया का देश मान कर उसके लिए 'विकास' को जरूरी कदम ठहराया गया। इस क्रम में विकास को पश्चिमी देशों की स्थिति के अनुसार पहचाना और परिभाषित किया गया। इसके अनुरूप विकसित भारत के रूपांतरण के लिए आधुनिक भारत में शिक्षा की योजना में प्राकृतिक विज्ञानों और प्रौद्योगिकी पर ज़्यादा बल दिया जाता रहा। इसी बात को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण या मनोवृत्ति (साइंटिफ़िक टेम्पर) अपनाने की बात भी की जाती रही है। इसके लिए अभियान भी चले। आज भी यह फैशन में है और बहुतों की नजर में भारतीयता या भारतीय ज्ञान संपदा वैज्ञानिक मनोभाव के लिए खतरा है। साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी के अध्ययन पर भी विशेष बल दिया गया। इसी क्रम में व्यावसायिक शिक्षा के विविध पक्षों (जैसे-कानून, चिकित्सा, प्रबंधन आदि) की ओर भी ध्यान दिया गया, अनेक संस्थाएं खड़ी हुईं और अनेक उच्चस्तरीय शिक्षा संस्थानों की नींव पड़ी और इसका क्रम आगे भी जारी है।

आम जनता में भी यही क्रम प्रचारित-प्रसारित होता रहा और यही छवि स्वीकार की गई। विज्ञान और प्रौद्योगिकी को आर्थिक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण माना गया। इस कारण छात्रों और उनके अभिभावकों की रुझान भी इसी दिशा ओर बढ़ती रही। इसी वरीयता क्रम के साथ सरकार की ओर से शिक्षा के लिए संसाधन भी मुहैया किए जाते रहे। सामाजिक विज्ञानों और मानविकी पर अध्ययन-अनुसंधान के लिए कोई ख़ास तवज्जो नहीं रहा। इसके परिणामस्वरूप सामाजिक विज्ञानों के लिए आवश्यक सुविधा और अनुदान के लिए सहयोग भी अपेक्षाकृत कम मात्रा में मिलता रहा।

गौरतलब है कि समाज हर तरह के विकास की कसौटी है और लक्ष्य भी। अंततः सारी योजनाएं और आयोजन समाज की स्थिति को सुधारने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने से जुड़ी होती हैं। सामाजिक परिवर्तन को किसी तरह नजरअंदाज़ नहीं किया जा सकता। हर समाज में निरंतरता और परिवर्तन दोनों होते रहते हैं। ऐसे में समाज की गतिविधि और उसकी संस्थाओं को समझना और उनमें सुधार की निरंतर जाँच पड़ताल होती रहनी चाहिए।

दरअसल, समाज का उद्विकास (इवोल्यूशन) होता है, यानी जो है उसमें से फिर पनपता है। बाहर से आरोपित होने पर वह आत्मसात नहीं हो पाता है। इसलिए बिना जाने-समझे परम्परागत ज्ञान की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। केवल प्राकृतिक विज्ञानों से ही सामाजिक विकास का लक्ष्य नहीं पूरा हो सकता। समाज भी कई स्तरों पर संचालित होता है। समुदाय, देश के अंदर, देश के बाहर, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले परिवर्तन एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। इसलिए समाज विज्ञानों और मानविकी का अध्ययन आवश्यक है।

समाज गतिशील संरचना है। इसलिए समय के साथ सहयोग और संघर्ष भी बढ़ते हैं।

शिक्षा समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता होती है और भारत में अति प्राचीनकाल से इसकी समृद्ध परम्परा रही है। यहाँ विश्व प्रसिद्ध शिक्षा केंद्र और गुरुकुल रहे हैं। जब अंग्रेज़ आए थे तो उन्हें भारत में एक अच्छी शिक्षा मौजूद मिली थी। परंतु उन्होंने अपने शासन को स्थापित करने के लिए देश के मानस को बदलने की




ज़रूरत महसूस की और ऐसी शिक्षा को यहाँ रोपा जो समाज को उसकी संस्कृति से काट दे। इसलिए औपनिवेशिक शिक्षा में अंग्रेजों ने अपने हित के अनुसार भारतीय शिक्षा को उखाड़ दिया था। वह हाशिए पर पहुँच गई और उसकी जगह पश्चिमी शिक्षा को स्थापित किया था। औपचारिक रूप से उसे आजीविका से भी जोड़ दिया गया। शिक्षा का माध्यम भी विदेशी भाषा अंग्रेज़ी को बना दिया गया। इसका अभ्यास लगभग दो सदियों में इस तरह सुदृढ़ किया गया कि भारतीय भाषाएँ अनौपचारिक प्रयोग का विषय बनकर रह गईं और शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए अंग्रेज़ी अनिवार्य हो गई। इस तरह विषय वस्तु, सिद्धांत और उसके अध्ययन और शोध के लिए माध्यम के रूप में अंग्रेजी का प्रचार-प्रसार लगातार बढ़ता गया। इस प्रक्रिया ने अंग्रेजी की प्रतिष्ठा को ठोस आधार प्रदान किया। इसने लोगों की सांस्कृतिक अभिरुचि और सांस्कृतिक ज्ञान दोनों को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। उसी की व्यवस्था में भारतीय शिक्षा जकड़ती चली गई।

इस पाश्चात्य मॉडल की शिक्षा को वैश्विक मान लिया गया और उसी रूप में इसके प्रति हमारी श्रद्धा बनती गई जबकि सभी विकसित देशों में शिक्षा का आयोजन स्वाभाविक रूप से उनकी अपनी भाषा और उनकी अपनी संस्कृति से जुड़ कर ही किया जाता रहा। भारत द्वारा स्वीकार की गई नई शिक्षानीति समावेशी दृष्टि अपनाते हुए देश की सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को बौद्धिक और सामाजिक संसाधन की तरह देखती है। इसके अंतर्गत स्थानीय और राष्ट्रीय परिदृश्य को स्थान दिया गया है। यह भी एक महत्वपूर्ण संकल्प किया गया है कि मातृभाषाओं को शिक्षा प्रक्रिया के केंद्र में लाया गया है। देश में संपर्क, सौहार्द और समरसता लाने के लिए त्रिभाषा सूत्र को अमल में लाने के लिए यत्न किया जा रहा है। साथ ही शिक्षा नीति में भारत की विशाल सांस्कृतिक विरासत के साथ सक्रिय संवाद स्थापित करने का अधिकाधिक अवसर बनाया गया है। इन बातों को ध्यान में रखकर नए बजट में शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अब तक शिक्षा के लिए नगण्य प्रावधान होता रहा है। युवा भारत को कुशल और सक्षम मानव संसाधन में रूपांतरित करने के लिए उदारतापूर्वक संसाधन उपलब्ध कराने होंगे। आशा है भारत सरकार इस दिशा में ज़रूरी व्यवस्था करेगी।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

साहित्य



## चमक में खोता योगदान...!

**संजय एम तराणेकर**

*वर्तमान में मिल रहा हैं काग़ज़ी सम्मान,*
*इससे चमक खोता वास्तविक योगदान।*
*आज ये राष्ट्र के आत्ममंथन का अवसर,*
*प्रशंसा-पत्रों को पाने के लिए सब तत्पर।*

*ये उत्कृष्ट कार्यों के सार्वजनिक स्वीकृति,*
*भले ही न मिले सबको इनकी प्रतिकृति।*
*निस्वार्थ भाव से राष्ट्र, समाज व व्यवस्था,*
*इनको बेहतर बनाने में योगदान अवस्था।*

*चयन पद्धतियों पर गंभीर प्रश्न ना हो खड़े,*
*राष्ट्रीय पर्व पे प्रशंसा-पत्रों के सम्मान बढ़े।*
*इनके लिए ना हो आवश्यक आवेदन देना,*
*सम्मान वहीं जो स्वतः मिले स्वीकार लेना।*





## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। कल्पनाओं में न जियें।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। आलस्य त्यागें।

**धनुः-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभः-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति के लिए प्रयत्न तीव्र होगा।

# समय रहते भूल सुधारे यूजीसी



*इन्द्र दमन तिवारी*

पिछले दिनों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अधिसूचित उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु विनियम, 2026 भारतीय उच्च शिक्षा व्यवस्था में भेदभाव-निरोध और संस्थागत समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप के रूप में उभरा है। यह रेगुलेशन, 2012 के एंटी-डिस्क्रिमिनेशन (भेदभाव-रोधी) दिशानिर्देशों का स्थान लेते हुए समानता को केवल नैतिक आग्रह से आगे बढ़ाकर एक विधिसम्मत, बाध्यकारी और दंडात्मक ढांचे में परिवर्तित करता है। जाति, धर्म, लिंग, नस्ल, जन्म-स्थान और दिव्यांगता जैसे बहुआयामी आधारों पर भेदभाव को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए यह नीति उच्च शिक्षा संस्थानों को संवैधानिक मूल्यों के प्रति उत्तरदायी बनाती है, इस रेगुलेशन का केंद्रीय स्तंभ समान अवसर प्रकोष्ठ (ईओसी) है, जिसे बहु-कार्यात्मक संस्था के रूप में परिकल्पित किया गया है। इसका दायित्व केवल शिकायत निवारण तक सीमित नहीं है, बल्कि समावेशी नीतियों का निर्माण, विविधता प्रबंधन, संस्थागत संवेदनशीलता का विकास तथा भेदभाव रोधी वातावरण को सुदृढ़ करना भी इसके दायरे में आता है। इसके साथ ही इक्विटी कमेटी (समानता समिति), हेल्पलाइन, मोबाइल स्क्वाड और इक्विटी एंबेसडर जैसे तंत्र यह संकेत देते हैं कि यूजीसी अब समानता को नैतिक अपील नहीं, बल्कि प्रशासनिक और संस्थागत उत्तरदायित्व के रूप में देख रहा है। इस नीतिगत हस्तक्षेप की पृष्ठभूमि उच्च शिक्षा परिसरों में बढ़ती जाति आधारित शिकायतों से जुड़ी है, हालिया आंकड़ों के अनुसार विश्वविद्यालयों में भेदभाव संबंधी मामलों में 118 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने गत वर्ष जनवरी में इस प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए यूजीसी को प्रभावी और संरचनात्मक उपाय करने का निर्देश दिया था।

इस दृष्टि से यह रेगुलेशन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 17 और 21 में निहित समानता, गरिमा और सामाजिक न्याय के आदर्शों को संस्थागत व्यवहार में रूपांतरित करने का प्रयास है। हालांकि इस रेगुलेशन ने व्यापक सामाजिक प्रतिक्रिया को भी जन्म दिया है, विशेषकर सवर्ण समुदाय के कुछ वर्गों में असंतोष और असुरक्षा की भावना देखी जा रही है, यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि इक्विटी-आधारित ढांचे का दुरुपयोग संभव है, जिससे अकादमिक स्वायत्तता, प्रशासनिक निर्णय प्रक्रिया और मेरिट की अवधारणा प्रभावित हो सकती है। समाजशास्त्रीय दृष्टि से यह प्रतिक्रिया परसेप्शन आफ थ्रेट की उस प्रक्रिया से जुड़ी है, जिसमें ऐतिहासिक रूप से अपेक्षाकृत विशेषाधिकार प्राप्त समूह समानता के उपायों को अपने अवसरों में संभावित कटौती के रूप में देखने लगते हैं। वस्तुतः यह बहस सामाजिक न्याय की नीतियों को जीरो-सम गेम के रूप में देखने की प्रवृत्ति को उजागर करती है, जहां एक समूह को मिलने वाला संरक्षण दूसरे की प्रत्यक्ष हानि के रूप में समझा जाता है। जबकि समावेशी नीतियां संसाधनों के पुनर्वितरण से अधिक संस्थागत आचरण और शक्ति-संतुलन में परिवर्तन की मांग करती हैं। उल्लेखनीय है कि यूजीसी का यह रेगुलेशन किसी सामाजिक समूह को पूर्वाग्रहपूर्ण रूप से दोषी नहीं ठहराता, बल्कि उस संरचनात्मक भेदभाव को संबोधित करता है, जो प्रायः अदृश्य और सामान्यीकृत रूप में संस्थानों के भीतर विद्यमान रहता है। राजनीतिक दृष्टिकोण से यह रेगुलेशन एक संवेदनशील संतुलन साधने का प्रयास है, सत्ताधारी दल के लिए यह सामाजिक न्याय की संवैधानिक वैधता को सुदृढ़ करने का माध्यम है, वहीं विपक्ष के लिए इसका खुला विरोध राजनीतिक जोखिम से भरा हुआ है। परिणामस्वरूप नीति-विमर्श प्रायः दुरुपयोग की आशंका, निष्पक्ष क्रियान्वयन और संतुलन जैसे शब्दों तक सीमित रहता है। यह स्थिति दर्शाती है कि उच्च शिक्षा नीति भी व्यापक राजनीतिक पूंजी और वोट-आधारित गणनाओं से अलग नहीं है। अंततः इस रेगुलेशन की वास्तविक प्रभावशीलता उसके क्रियान्वयन की गुणवत्ता पर निर्भर करेगी, यदि ईओसी केवल औपचारिक अनुपालन की संस्था बनकर रह गया, तो यह संस्थागत अविश्वास को और गहरा कर सकता है। इसके विपरीत यदि निष्पक्ष प्रक्रियाएं, पारदर्शिता, समयबद्ध जांच और दोनों पक्षों को उचित सुनवाई सुनिश्चित की गई, तो यह रेगुलेशन उच्च शिक्षा को संवैधानिक मूल्यों के अधिक निकट ले जा सकता है। मूल प्रश्न यह नहीं है कि यह नीति किसे लाभ या हानि पहुंचाती है, बल्कि यह है कि क्या भारतीय विश्वविद्यालय समानता, गरिमा और न्याय को अपने संस्थागत आचरण का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए वास्तव में तैयार हैं? यह भी आवश्यक है कि इस रेगुलेशन के क्रियान्वयन में संवैधानिक नैतिकता और प्रक्रियात्मक न्याय के बीच संतुलन साधा जाए।

किसी भी शिकायत की जांच पारदर्शी, समयबद्ध और तथ्याधारित होनी चाहिए ताकि न तो पीड़ित पक्ष को हतोत्साहित किया जाए और न ही किसी निर्दोष को पूर्वाग्रह का शिकार बनाया जाए। इसके लिए विश्वविद्यालयों में विधिक विशेषज्ञों, समाजशास्त्रियों, मनोविज्ञानियों और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त भागीदारी से बहु-विषयक दृष्टिकोण विकसित किया जाना चाहिए। साथ ही, नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संवेदनशीलता कार्यशालाओं और अकादमिक संवाद के माध्यम से संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों में समानता-बोध को सुदृढ़ करना अनिवार्य होगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि इक्विटी का अर्थ केवल संरक्षण नहीं, बल्कि अवसरों की वास्तविक समानता सुनिश्चित करना है, जिसमें मूल्यांकन की निष्पक्ष प्रणालियां, संसाधनों की समान उपलब्धता और गरिमामय अकादमिक वातावरण की स्थापना शामिल है। यदि यह रेगुलेशन केवल नियंत्रण और निगरानी के उपकरण के रूप में सीमित रह गया तो इसका प्रभाव सीमित होगा किंतु यदि इसे संस्थागत संस्कृति के परिवर्तन का माध्यम बनाया गया तो यह भारतीय उच्च शिक्षा को अधिक लोकतांत्रिक, समावेशी और न्यायसंगत दिशा में अग्रसर कर सकता है।

*(अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा



**महोबा।** आंगनवाड़ी संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश महोबा द्वारा प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिला को देकर लंबे उचित मांगों का शीघ्र ही समाधान किए जाने की मांग की है। आंगनवाड़ी संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश महोबा की जिला अध्यक्ष फूलवती राजपूत तथा महामंत्री मंजू चौरसिया के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को देते हुए कहा कि कई दशकों से महिला एवं बाल विकास विभाग की आधारशिला के रूप में हम सभी कार्य करते हुए पोषण ,स्वास्थ्य, शिक्षा टीकाकरण, मातृ शिशु देखभाल सहित राज सरकार की अनेकों योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करती चली आ रही है इसके बावजूद भी आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कर्मचारियों को न तो पूर्ण कालिक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त है और ना ही उन्हें वैधानिक ,सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मानजनक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी दर्जा दिए जाने जिसमें वेतनमान ,भविष्य निधि, पेंशन, महंगाई भत्ता दिया जाए। रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष की जाए व्यवस्था के आधार पर नियमित एवं पदोन्नति शासनादेश के अनुसार की दी जाए ,मोबाइल खरीद के लिए 20 हजार ,किराए की भावनो का किराया बढ़ाया जाए, पूरे 365 दिन गुणवत्तायुक्त पोषाहार उपलब्ध कराये जाने आदि जैसी प्रमुख मांग रखी गई है । उन्होंने मुख्यमंत्री से शीघ्र ही न्यारा उचित मांगों का समाधान किए जाने की मांग की है।

### ऋषभ कबीर ने रक्तदान कर बचाई जान

**हमीरपुर।** जिला अस्पताल में भर्ती निवासी कुरारा विराट सोनकर की पुत्री सीता को खून की जरूरत पड़ने पर बुंदेलखंड रक्तदान समिति हमीरपुर के सदस्य ऋषभ कबीर ने B+ पॉजिटिव 1 यूनिट रक्तदान करके बचाई जान बुंदेलखण्ड रक्तदान समिति रक्तदानी महादानी का दिल से आभार व्यक्त करती है जुनून है रक्तदान महादान।

### जिलाधिकारी की जनसुनवाई में आयीं 90 शिकायतें, अधिकांश का मौके पर निस्तारण

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### रैली निकाल कर सड़क सुरक्षा के लिए किया जागरूक



**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे के रेलवे फाटक के पास बांदा रोड पर राजकीय महाविद्यालय जिला परिवहन विभाग के सहयोग से सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।अधिकारियों ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विद्या वर्मा ने वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग से होने वाले खतरों की जानकारी दी और हेलमेट पहनने वालों का गुलाब देकर स्वागत किया। एआरटीओ अमिताभ राय ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को प्रतीकात्मक रूप से फूलमाला पहनाकर संदेश दिया। इस मौके पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान भी काटे गए। इस मौके पर पीटीओ चंदन पांडेय,यातायात निरीक्षक हरविंदर सिंह,कालेज के प्रवक्ता डॉ.शक्ति गुप्ता, डॉ.नरेंद्र चौधरी ने भी जागरूक किया। इस मौके पर मीरा गुप्ता, देवेंद्र चौहान, आशीष गुप्ता राम मूर्ति मौजूद रहे।

### जिला सेवा प्राधिकरण के सचिव ने चाइल्ड हेल्पलाइन का किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** जिला सेवा विधिक प्राधिकरण सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा वन स्टाप सेन्टर व चाइल्ड हेल्पलाइन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों यूनिटों में मास्टर रजिस्टर देखे गये, सभी दस्तावेज सही क्रम में मिले व शेल्टर रूम व वॉशरूम भी देखे गये। दोनों यूनिटों में सभी कार्मिक उपस्थित मिले राजीव कुमार सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी ने यह जानकारी दी।

### लव जिहाद धर्मांतरण के दबाव के चौथे आरोपी ने अदालत में दाखिल की जमानत की अर्जी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** लव जिहाद धर्मांतरण का दबाव, गैंगरेप के चौथे आरोपी ने गिरफ्तार का दबाव पड़ते ही अग्रिम जमानत के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की। इसमें 30 जनवरी को सुनवाई होनी है। पीड़िता के वकील इस जमानत अर्जी का विरोध करेंगे। इसकी तैयारी की जा रही है पीड़िता के अधिवक्ता आलोक मिश्रा कानपुर ने बताया कि कस्बे में 15 जनवरी को हुए लव जिहाद, गैंगरेप, धर्मांतरण के दबाव के चौथे आरोपी फहीमुद्दीन उर्फ लाला ने पुलिस का दबाव पड़ने पर गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत में अग्रिम जमानत की अर्जी प्रस्तुत की है। इस अर्जी में 30 जनवरी को सुनवाई नियत की गई है। उन्होंने बताया कि वह पीड़िता की तरफ से इस अर्जी का अदालत में पुरजोर विरोध करेंगे। उसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। अधिवक्ता के अनुसार यह जमानत अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश हमीरपुर के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

### दीपक अवस्थी के पिता का निधन

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा निवासी दीपकअवस्थी पत्रकार दैनिक जागरण कुरारा के पिता हरिप्रसाद अवस्थी का देहांत हो जाने पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन कुरारा द्वारा शोक सभा आयोजित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दो मिनट का मौन रहकर दी गई तथा इस दुखद घटना को सहन करने की क्षमता प्रदान करने की कामना ईश्वर से की । इस अवसर पर सभी पत्रकार मौजूद रहे।

### विशाल भण्डारें में हजारों भक्तों ने छका प्रसाद

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के छिमौली गांव में कलशयात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा पुराण, केवट संवाद और संत सम्मेलन गुरुवार को विशाल भण्डारे के साथ सम्पन्न हो गया इस दौरान हजारों भक्तों ने प्रसाद छका कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली में गोसाईं बाबा धाम पर लगभग तीन दशक से चला आ रहा दस दिवसीय धार्मिक आयोजन इस साल भी हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बीते 19जनवरी को निकाली गई कलशयात्रा के साथ एक सप्ताह भागवत कथा पुराण का आयोजन किया गया जबकि 26जनवरी को धाम के समीप बह रही चंद्रावल नदी में केवट संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूरे गांव के सहयोग से किया गया जबकि ब्लॉक प्रमुख सुशीला निषाद, प्रतिनिधि लाला राम निषाद और ग्राम प्रधान सहित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मीलू निषाद सहित गांव के युवा दिनरात मेहनत करते रहे।

### कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में हुए शामिल

**हमीरपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के अंतर्गत हमीरपुर विधानसभा के हमीरपुर नगर मंडल में वार्ड संख्या-2, बूथ संख्या-129 के प्रवास कार्यक्रम में प्रकाश पाल ने सहभागिता की इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, पार्टी पदाधिकारियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहकर बूथ स्तर पर फॉर्म-6 भरवाकर जमा कराए गए, जिससे छूटे हुए योग्य मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा जा सके एवं नए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम जुड़ना हमारा संकल्प है सभी सम्मानित कार्यकर्ता बंधुओं से अनुरोध किया कि पार्टी द्वारा SIR के लिए तय किए गए तिथि 29 और 30 जनवरी को अपने-2 बूथ पर फार्म-6 भरकर जमा कराएं। ताकि छूटे हुए मतदाता को जोड़ा जा सके और साथ में नए मतदाता बनाया जा सके इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शकुन्तला निषाद सहित पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से करें: पुलिस अधीक्षक

▸ पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

# सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन



**समृद्धि न्यूज, महोबा।**

जिलाधिकारी महोबा गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद महोबा में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय इंटर कॉलेज, महोबा में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान ए आर टी ओ महोबा एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थियों एवं विद्यालय के शिक्षकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित छात्र-छात्राओं को हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा पैदल यात्रियों के अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई, जिससे वे स्वयं सुरक्षित रहें एवं दूसरों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सकें। कार्यक्रम के उपरांत स्काउट्स एवं गाइड, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा–जीवन रक्षा, हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं जैसे नारों के जरिए आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया।जनपद प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके एवं सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।

# लेखपाल संघ ने उत्पीड़न को लेकर उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

▸ फार्मर रजिस्ट्री कार्य में अन्य विभागों द्वारा रुचि नहीं लेने पर ज्ञापन में दर्ज कराया अपना विरोध

**समृद्धि न्यूज,महोबा।**



उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील इकाई महोबा द्वारा बैठक में आक्रोश प्रकट कर संवर्ग के उत्पीड़न को लेकर उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है। लेखपाल संघ तहसील महोबा इकाई के महामंत्री तसउवर हुसैन के नेतृत्व में लेखपालों ने उपजिलाधिकारी महोबा को ज्ञापन देकर अवगत कराया है कि फार्मर रजिस्ट्री हेतु नोडल कृषि विभाग है पीएम सम्मन निधि पा रहे कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री सत प्रतिशत करने हेतु निर्देश दिए गए हैं । इस कार्य को पूर्ण कराए जाने के लिए कृषि विभाग, पंचायत विभाग को निर्देश दिए गए लेकिन धरातल पर इन विभागीय कर्मचारियों द्वारा इस कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है और ना सहयोग किया जा रहा है जब कि समीक्षा तहसील स्तर पर प्रतिदिन की जाती है ।कार्य न होने पर लेखपाल को कार्रवाई की धमकी दी जाती है ।उन्होंने ज्ञापन में कहा कि संस्था द्वारा बैठक में निर्णय लिया गया है कि ग्राम स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री का पंचायत, कृषि विभाग कर्मचारी को कड़े निर्देश जारी किया जाए तथा संवर्ग शासनादेश में नियमित भूमिका निर्वहन करेगी ।उन्होंने कहा कि इस संबंध में कोई उत्पीड़न करवाई की जाती है तो संस्था उसका विरोध करेगी और लेखपाल आंदोलन को बाद होगे , जिसका उत्तरदायित्व शासन प्रशासन का होगा । उन्होंने कहा कि रविवार के दिन भी कार्य को बुलाया जाता है उसके विरुद्ध कार्रवाई की धमकी दी जाती है संस्था द्वारा निर्णय लिया है कि रविवार अवकाश पर देवी आपदा तथा निर्वाचन के कार्यों को छोड़कर कोई अन्य कार्य नहीं करेगा।

### यूजीसी के विरोध में बूथ अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**भरुआ सुमेरपुर।** भाजपा के टेढ़ा बूथ अध्यक्ष ने मंडल अध्यक्ष पूर्वी को त्यागपत्र भेजकर स्पष्ट किया है कि वह यूजीसी के लागू किए जाने से बेहद आहत है भाजपा के टेढ़ा गांव के बुथ अध्यक्ष रोहित सिंह ने मंडल अध्यक्ष पूर्वी को भेजे इस्तीफे में स्पष्ट किया है कि उन्होंने अपने जीवन काल में हमेशा भाजपा को वोट दिया है लेकिन सरकार द्वारा ले गए यूजीसी से भावना आहत हुई है। हम अपने आने वाले पीढ़ी के बच्चों का भविष्य बर्बाद होते नहीं देखना चाहते हैं लिहाजा वह बूथ अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने अपना त्याग पत्र सोशल मीडिया में भी वायरल किया है। जिसमें लोगों ने तरह-तरह की कमेंट्स किये है। बूथ अध्यक्ष का त्याग पत्र चर्चा का विषय बना हुआ है पूर्वी मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि बूथ अध्यक्ष का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। उसे समझा बुझाकर पार्टी में कार्य करने को तैयार किया जा रहा है।

# यमुना का जल भर कर निकाली गई कलश यात्रा



**भरुआ सुमेरपुर।** स्वामी रोटीराम महाराज की तपोस्थली गुफा प्रांगण में स्थापित पंचमुखी हनुमान मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाल गांव के देवस्थलों का भ्रमण किया गया सुमेरपुर विकासखंड के पत्योरा गांव में यमुना नदी किनारे स्थित स्वामी रोटीराम महाराज की तपोस्थली गुफा प्रांगण में पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्री राम कथा का आयोजन शुक्रवार से होना है। कथा के उपलक्ष्य में गुरुवार को यमुना नदी से कलशों में जल भरकर युवतियों व महिलाओं ने अपने सिर पर रखकर पूरे गांव का भ्रमण किया। भव्य कलश यात्रा में डीजे की धुन में जहां भक्त झूमते दिखे तो वहीं भांगड़े की धुन पर घोड़े जम कर थिरके। गांव भ्रमण के दौरान देवस्थानों में जाकर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान ग्रामीणों व भक्तों की भारी भीड़ उपस्थित रही।

# परिवार परामर्श केंद्र की पहल से 2 दंपतियों के परिवार में लौटी खुशियां

▸ जनपद में संचालित परिवार परामर्श केंद्र के प्रयासों से अब तक कई विखरते परिवारों को टूटने से बचाया जा चुका है

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। संवाद, समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई।पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना उ.नि. निकिता शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के 7 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था, की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान हेतु संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप 2 पति-पत्नी (दंपत्ति) पुनः आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुनः काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया गया है। परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद महोबा पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। परामर्श कार्यक्रम के दौरान म.कां. विभा सिंह, म.कां. आरती यादव सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर अंशु शिवहरे, विभा पुरवार, नेहा चंसौरिया, रामजी गुप्ता, शिव कुमार गोस्वामी, सुरेश चन्द्र जायसवाल एवं मो. हनीफ आदि सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह: जागरूकता गोष्ठी आयोजित

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

▸ जागरूकता के चलते पिछले वर्ष की तुलना में इस माह कम हुए हादसे: एसपी



जेके सीमेंट में आयोजित 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता गोष्ठी एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा ने फैक्ट्री कर्मियों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाकर बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली फैक्ट्री से चलकर इंगोहटा गांव पहुंची और वापस आकर फैक्ट्री में संपन्न हुई 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत गुरुवार को जेके सीमेंट में जागरूकता गोष्ठी एवं बाइक रैली का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ने किया। जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जागरूकता बढ़ती है। यही कारण है कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष जनवरी माह में हादसे कम हुए हैं। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री का यह कार्यक्रम सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रम होना बेहद जरूरी है। इस मौके पर उन्होंने यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाकर बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया फैक्ट्री के यूनिट हेड पंकज त्रिवेदी ने सभी के प्रति आभार जताते हुए बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन समय समय पर सुरक्षा के प्रति कर्मियों को जागरूक करके नियमों का पाठ पढ़ाता रहता है। इस मौके पर प्रबंधक द्वारा फैक्ट्री कर्मियों को हेलमेट बांटे गए। जागरूकता गोष्ठी को सीओ सदर राजेश कमल, एआरटीओ अमिताभ राय ने भी संबोधित किया। इस मौके पर यातायात प्रभारी हरेंद्र सिंह, पीटीओ चंदन पांडे, प्रधान प्रतिनिधि गुरु प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह, नीरज ओझा, अविनाश, अंकित पालीवाल, विनय यादव, बाबा रंजन फरीदा, जय कुमार, अभिषेक तिवारी आदि फैक्ट्री कर्मी मौजूद रहे।

# बाइक सवार फैक्ट्री कर्मी को अनियंत्रित डंपर ने मारी टक्कर



**भरुआ सुमेरपुर।** गुरुवार को सुबह सिसोलर से फैक्ट्री आते समय बाइक सवार फैक्ट्री कर्मी को मुंडेरा के समीप अतरैया मोड़ के पास अनियंत्रित डंपर टक्कर मारता हुआ सड़क किनारे जा घुसा। इस घटना में फैक्ट्री कर्मी की बाइक चकनाचूर हो गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया गुरुवार को सुबह करीब 9:00 बजे से अनुज प्रजापति 23 वर्ष कस्बे की उद्योग नगरी में संचालित एक बहुराष्ट्रीय फैक्ट्री में ड्यूटी करने बाइक से आ रहा था। मुंडेरा के पास अतरैया मोड़ के समीप सिसोलर की ओर से जा रहे अनियंत्रित डंफर ने जोरदार टक्कर मार दी और सड़क किनारे जा घुसा। इस घटना में बाइक सवार फैक्ट्री कर्मी को गंभीर चोटें लगी। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

### पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफतार

**मौदहा, हमीरपुर।** अपनी बहन के तिलक के लिए नगर में खरीदारी करने आए दो सगे भाइयों को तीन बाइक सवार युवको ने तमंचे की नोक पर मारपीट घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों को मय तमंचों के गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम सिजवाही निवासी राहुल सिंह पुत्र कल्लू सिंह अपने सगे भाई शिवम सिंह के साथ बुधवार को कस्बे में अपनी बहन के तिलक हेतु कस्बे में सामान खरीदने आए थे तभी बाइक सवार अरबाज पुत्र खालिद जमाल, मोहम्मद सलमान पुत्र इफ्तखार अहमद व फरीदुद्दीन पुत्र जलालुद्दीन निवासी गन मौदहा ने उनसे शराब पीने के लिए रूपयों की मांग की। भाइयों द्वारा रुपया ना देने पर आरोपियों ने तमंचे लहराते हुए उनके साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने घायल भाइयों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज आनन फानन तीनों आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो दद तमंचे बरामद कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**खड़ेही लोधन, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



महेरा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर विद्यालय में पढ़ने बाले बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वही कार्यकम में सफल हुए छात्रो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के महेरा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव कार्यक्रम मनाया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में आये मुस्करा ब्लाक प्रमुख वीरनारायण राजपूत ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पूजा अर्चना कर शुरुआत कराई, उसके बाद उमेश कुमार ब्लॉक व्यायाम शिक्षक व अनिल कुमार अनुदेशक के देखरेख में बालक बालिकाओं को लेकर खेल उत्सव के अंतर्गत 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ की दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें बालक वर्ग में सतीश ने प्रथम स्थान नीरज द्वितीय स्थान हासिल किया अनीश तृतीय स्थान पर रहे वही बालिका वर्ग में खुशी देवी प्रथम स्थान, प्रिया द्वितीय स्थान व सृष्टि ने तृतीय स्थान पर रही वही विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुखदेव की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।उनके साथ पूर्व अध्यक्ष शब्बीर खान व विशिष्ट अतिथि अजयपाल राजपूत प्रबंधक श्री पीएनबी इंटर कॉलेज चिल्ली व लखन राजपूत आयरन स्टोर मुस्करा व अरविंद सिंह राजपूत समाज सेवी आदि उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना स्वागत गीत के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, देशभक्ति नाटक, गीत व नृत्य प्रस्तुत किये गए। जिसमे अभिभावकों गणमान्य नागरिकों का मन मोह लिया विद्यालय के प्रभारी प्रधान अध्यापक बाबूराम चक्रवर्ती ने बताया कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिसमें कक्षा शिक्षण के साथ-साथ पाठ्य सहगामी गतिविधियां जैसे खेलकूद, विज्ञान की प्रतियोगिताएं, लेखन, गायन, वाद-विवाद आदि सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के अंदर विशिष्ट क्षमताओं को उनके ज्ञान में एक सकारात्मक परिणाम देता है। इसके उपरांत प्रतिभागी छात्राओं को विशिष्ट अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया जिसमें शिक्षक राजकुमार, अमर सिंह, विनोद कुमार, बृजेंद्र कुमार, करनसिंह, मुकेश कुमार ने व्यवस्थाएं बनाई रखी साथ ही सत्येंद्र यादव, सुजीत कुमार, अजय कुमार, देवेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग किया। नागरिकों व अभिभावकों में कार्यक्रम की सराहना की, मंच का संचालन जीतेन्द्रसिंह व शिव शंकर विश्वकर्मा शिक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा घर का पुकार नाम विष्णु रहा है, जो मेरे पालसी नम्बर 293161267 में दर्ज है। सरकारी अभिलेखों में अभिषेक मिश्रा अंकित है। विष्णु व अभिषेक मिश्रा दोनों मेरे ही नाम हैं। उक्त नाम परिवार रजिस्टर में भी अक्षरशः अंकित है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

अभिषेक मिश्रा, पुत्र-ब्रह्मानंद मिश्रा, ग्राम-फरेंदा बुर्जुग, पो.-लोक विद्यापीठनगर, जनपद-महराजगंज।

# पक्षी के शिकारियों पर वन विभाग ने कसा शिकंजा, दो शिकारी गिरफ्तार

**फतेहपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रतिबंधित पक्षियों के शिकार एवं अवैध तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन के कुशल पर्यवेक्षण एवं वन क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह के नेतृत्व में देवा रेंज अंतर्गत अमरसंडा वन ब्लॉक के पास रेठ नदी के किनारे कार्रवाई करते हुए दो शिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 29 जनवरी 2026 को गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने पक्षियों का शिकार कर रहे अभियुक्तों को मौके से धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान शंकर पुत्र मैकू निवासी ग्राम कुर्सी दक्षिणटोला थाना कुर्सी तथा सोहनलाल पुत्र मनोहर निवासी ग्राम पड़री थाना कुर्सी, जिला बाराबंकी के रूप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से शिकार में प्रयुक्त जाल एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री के साथ कुल 13 पक्षी जीवित अवस्था में बरामद किए गए।




बरामद पक्षियों में राम चिरैय्या/किंगफिशर के 2, टिटहरी का 1 तथा काला फाख्ता/कछुआ कबूतर के 10 पक्षी शामिल हैं। सभी पक्षी संरक्षित श्रेणी में आते हैं। इस संबंध में देवा रेंज में रेंज केस संख्या 78/2025-26 भारतीय वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 09, 39, 50 एवं 51 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है। प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है।

इस कार्रवाई में प्रशांत कुमार डिप्टी रेंजर, मनोज कुमार दरोगा, गौरव पाठक, सुरेन्द्र नाथ सैनी वन रक्षक तथा करन कुमार वन कर्मी शामिल रहे। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीवों के संरक्षण के लिए ऐसी कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

## अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर गंभीर घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली अंतर्गत ताले सिंह पुरवा गाँव के निकट बाइक के अनियंत्रित होकर गिर जाने से बाइक सवार घायल हो गया। गंभीर अवस्था में घायल हुए युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ताले सिंह पुरवा गांव निवासी रोडवेज बस चालक संतोष सिंह किसी कार्य से हैदरगढ़ आए थे और अपना कार्य निपटाकर घर वापस जा रहे थे, कि तभी गांव के करीब स्थित दूध डेयरी के निकट उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल लेकर आये।

## यूजीसी कानून पर सुप्रीम कोर्ट के स्थगन का स्वागत, किसान नेता राम सुरेश तिवारी बोले : जनभावनाओं की हुई जीत

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए यूजीसी कानून के विरोध में देशभर में सामान्य वर्ग के लोगों द्वारा व्यापक स्तर पर प्रदर्शन किए जा रहे थे। इसी बीच माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस कानून पर स्थगन आदेश दिए जाने के बाद क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रियाएँ तेज हो गई हैं। क्षेत्र के वरिष्ठ किसान नेता राम सुरेश तिवारी ने कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए इसे जनभावनाओं की जीत बताया है। राम सुरेश तिवारी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह कानून समाज को जोड़ने के बजाय जातियों और वर्गों में बांटने का काम कर रहा था। उन्होंने कहा, 'माननीय सुप्रीम कोर्ट ने समय रहते हस्तक्षेप कर जनता की भावनाओं को समझा है। यह कानून पूरी तरह से गलत था और सामाजिक समरसता के खिलाफ था। ऐसे किसी भी कानून को थोपना लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है। किसान नेता ने आगे कहा कि यूजीसी कानून के खिलाफ जो आंदोलन चल रहा था, वह किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं था, बल्कि इसमें किसान, छात्र, शिक्षक और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल थे। सभी को यह आशंका थी कि यह कानून भविष्य में सामाजिक असमानता को और बढ़ावा देगा। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि वह किसी भी नए कानून को लागू करने से पहले सभी वर्गों से व्यापक संवाद करे। बिना जनसहमति के बनाए गए कानून लंबे समय तक नहीं टिकते।

## सम्मानित हुए औद्यानिक खेती करने वाले किसान



**शाकभाजी, मसाला, मशरूम शहद उत्पादन को बढ़ावा देने की अनूठी पेशकश**

**बाराबंकी।** उद्यान विभाग के तत्वाधान में निमित्त सिंह मधुमक्खी वाला के रजौली ग्राम स्थिति प्रक्षेत्र पर एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अन्तर्गत दो दिवसीय कृषक संगोष्ठी एवं भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज रानी रावत ने अपने सम्बोधन में औद्यानिक फसलों पर परिचर्चा करते हुए जनपद में फल, शाकभाजी, मसाले, मशरूम एवं शहद उत्पादन में उद्यान विभाग द्वारा कराए गए कार्यक्रमों की प्रसंशा करते हुए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हेतु कृषको को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी हरि गोबिंद सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि औद्यानिकी के क्षेत्र में पहले से अधिक प्रगति हुई है जिससे अधिक से अधिक कृषक लाभान्वित हो रहे हैं।जो प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सपनों के अनुरूप है। संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा रिंकी सिंह चौहान ने आम फ़सल पर लगने वाले रोग व्याधियों एवं उसके बचाव की जानकारी कृषकों को दी?। डा अर्चित शुक्ल ने मत्स्य पालन की जानकारी दी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने पौध रक्षा सुरक्षा के संबंध में कृषकों को अवगत कराया । जिला उद्यान अधिकारी प्रज्ञा उपाध्याय ने सम्मानित अतिथियों, सम्मानित कृषकों का स्वागत करते हुए जनपद में चल रही योजनाओं की जानकारी देते हुए सम्मानित कृषको से अनुरोध किया कि वे उद्यान विभाग के कार्यक्रमों से अधिक से अधिक लाभान्वित हो। समारोह में निमित्त सिंह मधुमक्खी वाला, अमरेंद्र प्रताप सिंह ,औषधिय कृषक हरीश कुमार, औद्यानिक कृषक हरीश कुमार वर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, शैलेंद्र मौर्य, दिनेश वर्मा, उमाशंकर वर्मा, मनोज वर्मा, संदीप वर्मा, गीता देवी आदि कृषकों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शाल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

## अतिक्रमण विरोधी अभियान में फुटपाथों से हटाए गए कब्जे



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नगर प्रशासन द्वारा गुरुवार को कस्बे में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया । नगर प्रशासन ने पुलिस बल के साथ लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे के दोनों तरफ फुटपाथ पर हुए कब्जों को हटवाया।

अभियान के दौरान अधिशासी अधिकारी इंद्र बहादुर सफाई कर्मियों व जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचे और फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाना शुरू करवाया। प्रशासन की कार्यवाही से दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई और उन्होंने स्वयं अपनी दुकानें हटानी शुरू कर दीं। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण राहगीरों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने यह भी बताया कि फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने के लिए सभी दुकानदारों को इसके पहले चेतावनी दी गई थी।इसके बावजूद कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानें नहीं हटाई थीं, जिसके बाद आज पुलिस प्रशासन के सहयोग से फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति दोबारा फुटपाथ पर अतिक्रमण करता पाया गया, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानों में मचा हड़कंप

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे मे एक बार पुनः अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमे सड़क किनारे स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण के साथ अवैध रूप से लगी होर्डिंग को हटाया गया। जिससे अतिक्रमणकारियो मे हड़कंप मचा रहा। ज्ञात हो कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार नगर पंचायत जैदपुर मे नगर पंचायत व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण के खिलाफ एक बार फिर गुरूवार करीब 12:30 बजे अभियान चलाया।इस दौरान कस्बे के मुख्य मार्ग से दर्जनो की संख्या मे अवैध कब्जों को हटाया गया।साथ ही मुख्य मार्गो पर लगी तमाम होल्डिंग भी हटाई गयी।यह अभियान थाना चौराहे के पास से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए वसीनगर तक चला।कार्यवाही को देखते हुए कुछ अतिक्रमणकारियो ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया तो किसी के द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने में नगर पंचायत की जेसीबी का भी प्रयोग किया गया।इस दौरान नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी राम जनक तिवारी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।दर्जनों अतिक्रमणकारियों के कब्जे हटाए।कई स्थानो पर अतिक्रमण हटाने के लिये जेसीबी का भी प्रयोग किया गया।इस संबंध में इओ राम जनक तिवारी ने बताया कि अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जायेगा।उन्होने चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी की जायेगी, अभियान आगे भी चलता रहेगा।



## खबरें एक नजर में

### निर्वाण महोत्सव 1 फरवरी को

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ में आगामी 1 फरवरी को निर्वाण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा बड़ा मठ डलमऊ के 22 वें महंत रहे श्री 108 स्वामी बद्री नारायण गिरी जी महाराज के निर्वाण दिवस पर विशाल भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद गिरि जी महाराज ने बताया कि स्वामी जी ने अंतर ध्यान होकर अपने शरीर का त्याग किया था वह बहुत ही सिद्ध पुरुष थे उनकी याद में हर वर्ष बाद मठ डलमऊ द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है दिव्यानंद जी ने बताया कि बड़े महाराज गंगा जी के परम भक्त थे उन्हें गंगा जी सिद्ध थी वर्ष 1954 में महंत बद्रीनारायण गिरी जी महाराज द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें प्रसाद बनाते समय देसी घी की कमी हो गई थी तब महंत ने मां गंगा से प्रार्थना की और भंडारे के प्रसाद के लिए गंगाजल का उपयोग किया गया जो देसी घी बन गया जिसमें पूडी सब्जी बूंदी हलवा एवं अन्य पकवान बनाए गए थे मां गंगा के परम भक्त रहे स्वामी बद्री नारायण गिरी जी महाराज के आवाहन के बाद से आज भी गंगा का जल बड़ा मठ के समीप से बहता है प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जनपद के साथ-साथ गैर जनपदों से भारी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन बड़ा मठ डलमऊ पहुंचते हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में तीन दुकानों में लगी आग

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार की देर रात लालगंज कस्बे के सरेनी रोड पर स्थित दो दुकाने कॉस्मेटिक और एक कपड़े की दुकान में भयंकर आग लग गई जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित को इसकी जानकारी सुबह जल्दी हुई तो अपनी जलती दुकानें देख कर तंग रह गए और रोने लगे। वहां मौजूद लोगों का कहना है कि किसी ने पेट्रोल डालकर दुकानों को आग के हवाले किया गया है। जिससे लाखों का नुकसान हो गया है। कमलेश कुमारी पत्नी छोटेलाल निवासी सूदन खेड़ा की दो दुकान है जो कॉस्मेटिक की थी जिसमें रखा 6 से 7 लाख का सामान जलकर राख हो गया, वहीं दूसरी दुकान संदीप पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी बिचू का पुरवा की थी जिसमें भी लगभग 4 से 5 लाख रुपए का रखा सामान जल गया जैसे ही इसकी सूचना क्षेत्र के लोगों को हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क किनारे काटे गए शीशम के पेड़ की लकड़ी बरामद

**सलोन रायबरेली।** सड़क किनारे लगे बेशकीमती शीशम का पेड़ अवैध तरीके से काटने का मामला प्रकाश में आया है।सूचना पर पहुंची सचल दस्ता व वन विभाग की टीम ने लकड़ी बरामद कर लिया है। मामला सलोंन क्षेत्र के सूची डीह मार्ग का है।जहां पांच दिन पहले सड़क किनारे लगे वन विभाग के शीशम के पेड़ को अज्ञात लोगों ने अवैध तरीके से काट लिया है।जिसकी सूचना किसी ने वन विभाग को दे दिया।फिलहाल वन विभाग ने लकड़ी को बरामद कर जांच शुरू कर दी है।जिम्मेदारों ने भले ही सक्रियता दिखाते हुए लकड़ी बरामद कर लिया है।लेकिन प्रतिबंधित हरे पेड़ों की बेखौफ हो रही कटान पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। वहीं इस पूरे मामले में सलोन रेंजर ने बताया काटे गए शीशम के पेड़ की लकड़ी बरामद कर लिया गया है।आगे की जांच चल रही है।जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## शांति, सुरक्षा बनाये रखने के लिए पुलिस ने की पैदल गश्त



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु बुधवार को देर शाम पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, 'मिशन शक्ति' नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग की गयी।

## मंदिर में मूर्तियां तोड़ने और शिवलिंग उखाड़ फेंकने से तनाव

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र इन्हौना के रामनगर कॉलोनी मजरे भीखीपुर गांव में स्थित सार्वजनिक मंदिर में तोड़फोड़ और शिवलिंग उखाड़कर फेंकने का मामला सामने आने से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर परिसर में लक्ष्मी-भगवान शिव सहित कई देवी-देवताओं की टाइल्स लगी थीं, जिन्हें अराजक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया। आरोप है कि मंदिर परिसर में पेड़ के नीचे स्थापित शिवलिंग को भी उखाड़कर फेंक दिया गया।

ग्रामीणों ने गांव निवासी शिव कैलाश, गुड्डू, जगदीश, राधेश्याम, रामदेव और मनीराम पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है।

## आपरेशन रक्षा के तहत मुक्त कराए गए बाल श्रम में लिप्त तीन नाबालिग



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बच्चों के दुर्व्यापार एवं बाल श्रम से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए 'आपरेशन रक्षा' अभियान संचालित किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार एवं उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम में पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सदस्य तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम शामिल रही। मुसाफिरखाना कस्बे में निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों/दुकानों पर नाबालिग बालक एवं बालिकाओं से कार्य कराए जाने का मामला सामने आया। जिनमें 2 बालिकाएं एवं एक बालक बाल श्रम में लिप्त पाए गए। टीम द्वारा संबंधित बच्चों के माता-पिता को बाल श्रम न कराने के लिए कड़ी चेतावनी दी गई तथा उन्हें बच्चों को उचित शिक्षा से जोड़ने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं, संबंधित प्रतिष्ठानों के मालिकों को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में बाल मजदूरी न कराने की हिदायत दी गई। इस अभियान में बाल कल्याण समिति, पुलिस टीम, मानव तस्करी रोधक इकाई एएचटीयू तथा चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की सक्रिय भूमिका रही।

## पिकअप वाहन सहित तीन कछुआ तस्करों को पुलिस ने दबोचा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**




बृहस्पतिवार को थाना मुंशीगंज पुलिस टीम व प्रभारी स्वाट टीम उ.नि. अनूप कुमार सिंह मय टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान अमेठी-मुंशीगंज रोड पर मुंशीगंज चौराहे की तरफ से आ रही महिन्द्रा मैक्स पिकअप वाहन सं. यूपी 46 टी 7135 को रोककर पिकअप पर सवार तीनों व्यक्तियों से नाम व पता पूछा गया तो पहले ने अपना नाम रमेश पुत्र हजारी निवासी ग्राम गांधीनगर मजरे पालपुर थाना जगदीशपुर, दूसरे ने अपना नाम राजेश पुत्र गिरधारी निवासी ग्राम गांधीनगर मजरे पालपुर तथा तीसरे ने अपना नाम वीरेन्द्र विक्रम पुत्र प्रेमी प्रसाद निवासी ग्राम भगवानपुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती बताया। संदिग्ध प्रतीत होने पर कड़ाई से पूछताछ करने पर रमेश ने बताया कि पिकअप में ऊपर की ओर केला लदा हुआ है तथा नीचे की ओर कछुआ लदे हुए हैं जिन्हें वह तीनों लोग जगदीशपुर से लादकर बनारस बेंचने के लिए जा रहे थे। पिकअप की तलाशी लेने पर कुल 1203 कछुए प्रतिबन्धित वन्य जीव बरामद हुए। रमेश की जामा तलाशी से बरामद साठ हजार रुपये के संबन्ध में पूछने पर उसने बताया कि उन्होंने कुछ कछुओं को राह चलन्तू व्यक्तियों को बेंच दिया था जिससे रुपये प्राप्त हुए हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुंशीगंज पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शिवाकान्त त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना मुंशीगंज, उ.नि. लक्ष्मन सिंह चन्देल, उ.नि. सुरेशचन्द यादव, हे.का. सच्चाराम राजभर, का. दीपक गुप्ता, का. आनन्द यादव तथा स्वाट टीम से अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम, हे.का. आलोक सिंह, का. सिकन्दर, का. जयहिन्द यादव व का. शिवराम शामिल रहे।

## उतेलवा में एसडीएम ने लगाई ग्राम चौपाल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विकास खण्ड जगदीशपुर अंतर्गत ग्राम उतेलवा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

ग्राम चौपाल में उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया द्वारा ग्रामीणों की समस्याएँ गंभीरता से सुनी गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

ग्राम चौपाल के दौरान राजस्व, विकास एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। ग्रामीणों द्वारा 15 शिकायतें प्रस्तुत की गई, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही करना है, जिससे उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। ग्राम चौपाल के सफल आयोजन तथा समस्याओं के त्वरित समाधान से ग्रामवासियों में प्रसन्नता का माहौल रहा।



## डीएम ने महेशनाथ मंदिर में कराये जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डा० राजागणपति आर० ने आज तहसील सिधौली में पर्यटन विभाग द्वारा जनपद सीतापुर के महेशपुर सिधौली में स्थित महेशनाथ के मंदिर कराये जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में बिछायी गयी इंटरलाकिंग सड़क की ईंट उखड़वाकर मिट्टी के माप को देखते हुये गुणत्ता चेक की। पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित कराये जा रहे शौचालय का भी देखा। तत्पश्चात स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा निर्मित कराये जा रहे उप निबन्धक कार्यालय सिधौली के भवन को देखा एवं भवन में लगाये जा रही मौरंग, सीमेन्ट आदि सामग्रियों के बारे में जानकारी ली। निर्माणाधीन भवन के पीछे जलभराव की स्थिति को देखते हुये निर्देश दिये कि बेहतर सामग्री का उपयोग किया जाये, जिससे जलभराव के कारण सीलन जैसी स्थिति भवन में न उत्पन्न हो। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि कार्यों की टी0पी0आई0 से जांच कराते हुये एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं कार्यों को पूरी गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप ससमय पूर्ण किया जाये।



## राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थित में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम संपन्न कराया

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने बताया कि उ0प्र0 शासन / निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा गणतन्त्र दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद सीतापुर में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थित में गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रमों में छात्रावासवार में राजकीय अनुसूचित जाति (बालिका) छात्रावास, सदर सीतापुर में मा0 सभासद श्री सुरेश चन्द्र कनौजिया जी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, सीतापुर। राजकीय अनुसूचित जाति (बालक) छात्रावास, तरीनपुर सीतापुर में मा0 सभासद श्री किशोरी लाल जी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, सीतापुर। राजकीय अनुसूचित जाति (बालक) छात्रावास, महोली सीतापुर में प्रधानाचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र त्रिवेदी जी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, सीतापुर। राजकीय अनुसूचित जाति (बालक) छात्रावास, बिसवाँ सीतापुर में प्रधानाचार्य श्री सुरेश चन्द्र मौर्या जी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, सीतापुर। बाबू जगजीवनराम (बालक) छात्रावास, महमूदाबाद सीतापुर में प्रधानाचार्य श्री अमित कुमार बघेल एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, सीतापुर उपस्थित रहे।

## मछरेहटा सचिव और एडीओ प्रभारी पर डीपीआरओ हो गए विशेष मेहरबान, दे दिया संरक्षण

**डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू शासनादेश को नहीं मानते, सचिव को दे रहे प्रभारी एडीओ का चार्ज**

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** सीतापुर जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू के द्वारा शासनादेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं डीपी डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू अभी भी मछरेहटा प्रभारी सहायक विकास अधिकारी संदीप कुमार पर इतना मेहरबान है कि उनको कई ग्राम पंचायत भी दे रखी हैं और प्रभारी सहायक विकास अधिकारी का चार्ज भी दे रखा है एक ही अधिकारी को दो-दो पावर देना शासनादेश की धज्जियां उड़ाने के बराबर दिख रहा है निदेशालय के द्वारा सिर्फ शासनादेश जारी होता है डीपीआरओ निरीश चंद साहू शासनादेश की धज्जियां उड़ाने में महारत प्राप्त किए हुए क्योंकि उनको सिर्फ कमाओ पुत ही चाहिए उसके आगे उन्हें कुछ नहीं दिख रहा है क्योंकि सहायक विकास अधिकारी के पास जो ग्राम पंचायत भी होगा तो जमकर भ्रष्टाचार कर पाएगा और जमकर शासनादेश की धज्जियां उड़ा भी पाएगा आखिर सीतापुर जिला प्रशासन इस मामले पर क्यों नहीं ले रहा संज्ञान यह कार्यवाही के नाम पर नोटिस देकर सिर्फ फाइल दबाने का कार्य किया जाएगा।



# खाद-बीज,बिजली की समस्याओं का निराकरण पहली प्राथमिकता

**भाकियू (अवधेश) की किसान महापंचायत**

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



विशुनगढ़ रोड स्थित लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की किसान महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी ने कहा खाद, बीज, बिजली की समस्याओं का निराकरण हमारे संगठन की पहली प्राथमिकता है। राष्ट्रीय महामंत्री रत्नेश दुबे व छोटू दुबे ने खेत की मिट्टी, खाद संबंधी जानकारी दी। राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान ने संगठन के संबंध में अवगत कराया।। राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने पदाधिकारियों एवं किसानों की समस्याओं को सुना और कहा खाद बीज एवं बिजली की समस्याओं का समाधान नहीं होगा तो किसान हित में संघर्ष किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष मजदूर प्रकोष्ठ सरवन सिंह राजपूत ने अंकुश राजपूत, राम निवास दिवाकर, प्रेमचंद कठेरिया, अवनीश राजपूत, मंजीत राजपूत, सुरेश, शमशाद, श्याम मोहन राजपूत, विद्याराम राजपूत, भगवत दयाल राजपूत, राजेंद्र राजपूत, हेमराज राजपूत, अमोद कुमार राजपूत, रामवतार राजपूत एवं जगन्नाथ राजपूत को संगठन में शामिल किया। गया। मुकेश पांडेय प्रदेश महासचिव व यतेंद्र मिश्रा उर्फ बजरंगी प्रदेश उपाध्यक्ष ने जनपद मैनपुरी से बीरबल, राकेश श्रीवास्तव, राधेश्याम, जगवीर, महेंद्र साहब, रामबीर पाल राशिद खान पंकज कुमार, शैलेंद्र मोहन, अनुज पांडेय, मनोज कुमार, विनोद कुमार, सौरभ त्रिपाठी, देव सिंह पाल आदि को संगठन का सदस्य बनाया। सुमित कुमार मिश्रा को प्रदेश प्रभारी हरियाणा नियुक्त किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, प्रदेश महासचिव मुकेश पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष यतेंद्र मिश्रा उर्फ बजरंगी, प्रदेश सचिव डॉ बृजेश, मंडल अध्यक्ष आशीष सक्सेना, उपाध्यक्ष बंटी मिश्रा, जिलाध्यक्ष मजदूर प्रकोष्ठ सरवन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राम प्रकाश सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदर्शनी पर रोक लगने से दुकानदारों के सामने खड़ा हुआ रोजी-रोटी का संकट

**कालपी,जालौन।** स्थानीय प्रशासन ने कालपी नगर में संचालित प्रदर्शनी पर माननीय न्यायालय के गाइडलाइन के मुताबिक रोक लगा दी है। तथा परमिशन को भी निरस्त कर दिया गया है। विदित हो कि एमसी इंटर कॉलेज कालपी के ग्राउंड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रदर्शनी व मकर संक्रांति मेला का 14 जनवरी 2026 से 1 माह के लिए संचालित हो रहा था। विद्यालय ग्राउंड में प्रदर्शनी के संचालक को लेकर अनिल पुरवार ने शिकायत की थी। मामले को संज्ञान में लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को प्रदर्शनी हटाने के निर्देश दिए गए थे। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने भी प्रदर्शनी को बंद कराने के आदेश दिए थे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी लगाने की अनुमति को भी निरस्त कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने आदेशों के अनुपालन के तहत प्रदर्शनी बंद करवा दी है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा सभी का मन

**मां भगवती महाविद्यालय में विजेता छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत**

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मां भगवती परास्नातक महाविद्यालय सलेमपुर में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि सतीन्द्र अग्निहोत्री, विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश शुक्ल अज्ञात, एक्सिस बैंक नोएडा के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट शुभम त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्रबंधक सचिन दुबे ने माल्यार्पण एवं पटुका पहना कर अतिथियों का स्वागत किया। गया। इसके उपरांत प्रतियोगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। संगीत गायन, सोलो डांस, ग्रुप डांस, ड्रामा तथा अंतिम प्रतियोगी कार्यक्रम के दौरान खुशी, अर्चिता ने सरस्वती, भारत माता फैंसी ड्रेस की प्रस्तुति दी। वर्ष पर्यंत महाविद्यालय में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया गया तथा चाणक्य अशोक तथा बुद्ध ग्रुप के प्रतिभागियों को प्राचार्य अनुपमा सिंह ने मेडल, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। ल प्रबंधक सचिन दुबे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय में संचालित एसएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग के संबंध में छात्र छात्राओं को अवगत कराया। वनस्पति संकाय के अंकित दुबे व छात्रा श्रद्धा तिवारी के संचालन में हुए कार्यक्रम में समस्त शैक्षणिक स्टाफ, कर्मचारी, अभिभावक तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने माहौल को गरिमामय एवं हर्षोल्लास से परिपूर्ण बनाए रखा।

# धार्मिक आयोजन समाज में लाते हैं नैतिक जागरूकता: प्रिया शाक्य

**ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में बढ़ती है भाईचारा और समरसता**

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के सिंगपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने भगवान बांके बिहारी का पूजन कर क्षेत्रवासियों की सुख-सम्पन्नता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और कथावाचक आचार्य पंडित अम्बुज त्रिपाठी का माल्यार्पण करके सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। इन आयोजनों को संरक्षित करना और आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जैसे आयोजन हिंदू समाज में धार्मिक और नैतिक जागरूकता लाते हैं, जो लोगों को सकारात्मकता और एकता की ओर प्रेरित करते हैं। प्रिया शाक्य ने अपने संबोधन में आगे कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और समरसता बढ़ती है। ये आयोजन हमें अपने मूल्यों और संस्कृति से जोड़े रखते हैं। प्रसिद्ध कथावाचक अम्बुज त्रिपाठी जी के श्रीमुख से कृष्ण रुक्मणी विवाह, कृष्ण सुदामा की मित्रता और उद्धव गोपी संवाद का वर्णन सुनकर कथा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। कथा में परीक्षित का दायित्व मनीषा शाक्य एवं प्रमोद शाक्य ने निभाया। ग्राम प्रधान पिंकी तिवारी ने राधा कृष्ण का चित्र भेंट करके प्रिया शाक्य को सम्मानित किया। इस दौरान सूरज, अंशु शर्मा, शोभित दुबे, गौतम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति में विवाह केवल अनुबंध नहीं बल्कि एक पवित्र संस्कार

**सरस्वती शिशु मंदिर जलालाबाद में संपन्न हुआ सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम गुड्डी मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में बीना कनौजिया ने भारतीय दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में विवाह केवल अनुबंध नहीं बल्कि एक पवित्र संस्कार है। कहा कि परिवार में वरिष्ठों से कनिष्ठों को संरक्षण और चिंता मिलती है, जबकि कनिष्ठों से वरिष्ठों को विश्वास प्राप्त होता है। मुख्य वक्ता ने कहा कि विस्तारित परिवार की अवधारणा आत्मवत् सर्वभूतेषु के दर्शन पर आधारित है, जिसमें समस्त चराचर जगत को रिश्तों में बाँधकर देखा जाता है। इसी भाव से भारत माता, गंगा मैया, चंदा मामा और बिल्ली मौसी जैसे संबोधन हमारी संस्कृति में प्रचलित हैं। उन्होंने परिवार में संस्कारक्षम वातावरण, राष्ट्र चिंतन, समाज कल्याण के कार्यों में सहभागिता, नागरिक कर्तव्यबोध, बड़ों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार तथा स्वभाषा, स्वभूषा, स्वभवन, भोजन और भजन में भारतीयता के गौरव को जाग्रत करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि दिखावे पर होने वाले खर्चों को रोककर समाज हित में उपयोग करना भारतीय दृष्टि है। कार्यक्रम का संचालन रजनी पाल मंडल अध्यक्ष भाजपा ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना पल्लवी दुबे ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा वीरांगनाओं के रूप में सजीव झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। कार्यक्रम में उपस्थित संगीता चौरसिया, सुधा मिश्रा सहित आदि विशिष्ट महिलाओं का स्वागत शाल उड़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रताप नारायण मिश्र ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करती महिला

## मार्च तक हर हाल में पूरे हो स्कूलों के निर्माण कार्य : डीएम

**कन्नौज।** जिले में शिक्षा विभाग से जुड़े निर्माण कार्यों और योजनाओं की प्रगति को लेकर कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिक्षा समिति के अंतर्गत संचालित सभी निर्माण कार्य मार्च 2026 तक हर हाल में पूरे किए जाएं अन्यथा जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों, मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, दिव्यांगजन-सुलभ शौचालय, कंप्यूटर लैब्स खेल मैदान और विद्यालयों के पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। निर्माण कार्यों की धीमी गति पर डीएम ने कार्यदाई संस्था पर नाराजगी जताई और कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि जिले के 5 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राओं को आईआईटी कानपुर शैक्षिक भ्रमण के लिए प्रति विद्यालय 1.72 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। भ्रमण कार्यक्रम 15 से 25 फरवरी 2026 के बीच कराया जाएगा।

# खबरें एक नजर में

## वार्षिक रजाये मुस्तफा कान्फ्रेंस आज



**गुरसहायगंज कन्नौज।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर मे स्थित मदरसा अलजामेअतुल रजविया मजहरुल उलूम का सालाना जलसा आगामी तीस जनवरी को आयोजित होने जा रहा है। उपरोक्त जानकारी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी ने देते हुए बताया कि आयोजित होने वाली रजाये मुस्तफा कॉन्फ्रेंस मे दूर दराज के कई मौलाना तशरीफला रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित होने वाले जलसे के लिए तैयारीयां शुरू हो गई हैं। उन्होंने ने बताया कि जलसे मे यू के से अल्हाज डॉ रोगुल कादरी मध्य प्रदेश से सय्यद आदिल मियां प्रतापगढ़ से डॉ आसिफरजा सैफी कानपुर से इसराईल अख्तर मसऊदी दिल्ली से महबूब जफर झारखंड से शमीम फैजी शायरे इस्लाम नईम अख्तर फिरोजाबादी तथा मदरसे के सभी अध्यापको के अलावा कार्यक्रम के आयोजक हाजी बजीरुद्दीन पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी सपा नेता अरशद जमाल सिद्दीकी पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी जिला पंचायत सदस्य जुनैद सिद्दीकी आदि उपस्थित रहेंगे।

## विकास के नाम पर भ्रष्टाचार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम रामपुर निगोह में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधियों पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा, शौचालय निर्माण और इंटरलॉकिंग सड़कों के नाम पर सरकारी बजट का दुरुपयोग किया गया है। ये कार्य केवल कागजों पर दिखाए गए हैं, जबकि वास्तव में गांव में कोई ठोस काम नहीं हुआ। इसके अलावा स्कूल के पास अवैध होटल संचालित होने से छात्राओं को परेशानी हो रही है। शिकायत में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे और गरीबों से पेंशन के नाम पर अवैध वसूली के भी आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान कौशलेंद्र सिंह, राहुल सिंह, मदनपाल, सतीश चंद, शिवा गुप्ता, हिरदेश कुमार, रंजीत, राजेंद्र, संजीव कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## दुकान से हुई बाइक चोरी

**जालौन ,उरई समृद्धि न्यूज।** चुंगी नंबर चार के पास स्थित दुकान से बाइक चोरी होने की सूचना पीड़ित वाहन स्वामी ने पुलिस को दी है। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोरों की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी चौलापुर निवासी जैनेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी चुंगी नंबर चार के पास दुकान है। बुधवार को वह दुकान के बाहर बाइक खड़ी कर ग्राहकों को सामान देने लगे। दोपहर में किसी समय बाइक चोरों ने उनकी बाइक दुकान के बाहर से चोरी कर ली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित वाहन स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## अवैध कब्जा करने से रोका तो दबंग दे रहे धमकियां

**जालौन (उरई)।** गांव में गाटा संख्या 90 पर विपक्षी द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए जाने एवं मना करने पर झगड़े पर आमादा होने व धमकाने की शिकायत पीड़ित ग्रामीण ने छिरिया मलकपुरा चौकी में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी सुनील कुमार ने छिरिया मलकपुरा चौकी में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उनके गांव में गाटा संख्या 90 पर उनके पड़ोसी अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं। उन्होंने इस सिान पर टिनशैड डाल लिया है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने बीती 15 दिसंबर को एसडीएम के यहां की थी।

## मुहाना, खरका के हाईस्कूल होंगे उच्चीकृत

**उरई ,जालौन।** सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने डकोर विकासखंड के ग्राम मुहाना व खरका में संचालित हाईस्कूलों को उच्चीकृत कर इंटर कालेज निर्माण की स्वीकृत मिल गयी है। दोनों गांवों में पांच करोड़ की लागत से इंटर कालेज भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। गौरतलब हो कि पूर्व के समय में खरका व मुहाना सहित जनपद के कई गांवों में हाईस्कूल तक विद्यालयों का निर्माण कराया गया था। लेकिन अब सदर विधायक ने उरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खरका व मुहाना में संचालित हाईस्कूल विद्यालयों को इंटर कालेज में उच्चीकृत होने की स्वीकृत प्रदेश सरकार द्वारा दिये जाने के बाद दोनों गांवों में 5 करोड़ की लागत से इंटर कालेजों का निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा।

# सरस्वती विद्या मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न

**नारी शक्ति पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक जागरूकता का दिया गया प्रेरक संदेश**




तीर्वा के सरस्वती विद्या मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम सम्पन्न

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के तीर्वा तहसील स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को सप्त शक्ति संगम ;चतुर्थ् कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नारी शक्ति कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक चेतना के विषयों पर विचार रखे गए जिससे उपस्थित जनसमूह प्रेरित हुआ। मुख्य अतिथि जीजीआईसी फतेहगढ़ की प्रधानाचार्य दीपिका ने पंच परिवर्तन एवं कुटुंब प्रबोधन पर प्रभावशाली संबोधन देते हुए कहा कि परिवार समाज की सबसे मजबूत इकाई है और सकारात्मक बदलाव की शुरुआत घर से ही होती है। विशिष्ट अतिथि ब्रह्माकुमारी बहन किरण ने नारी शक्ति के सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए संस्कारयुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योत्सना सिंह ने की। उन्होंने विद्यालय के संस्कारपरक प्रयासों की सराहना की। मंचासीन अतिथियों का विद्यालय परिवार ने पारंपरिक सम्मान किया। अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने अतिथियों आचार्याओं एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन किरण राजपूत व अनामिका ने किया। राष्ट्र व संस्कृति के उत्थान के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# खोजीपुर में जलभराव, ग्रामीणों ने बंद किया निकासी रास्ता



**एसडीएम के निर्देश पर मौके पर पहुंची टीम**

**छिबरामऊ (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।** ग्राम खोजीपुर में कुछ ग्रामीणों द्वारा पानी निकासी का रास्ता बंद कर दिए जाने के कारण सड़क पर गहरा जलभराव हो गया है। इस समस्या की शिकायत मिलते ही एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी के निर्देश पर तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह, लेखपाल अजय कुमार और हलका इंचार्ज दयाशंकर पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की, रास्ता अवरुद्ध होने का जायजा लिया और जल निकासी की समस्या का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। सूचना के बावजूद ग्राम प्रधान रामविलास यादव मौके पर मौजूद नहीं थे। तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि कल दोनों पक्षों को एसडीएम कार्यालय में बुलाया गया है। समस्या का जल्द निस्तारण कराया जाएगा। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र रहे।

# कन्नौज पुलिस की कार्रवाई, 111 खोए मोबाइल बरामद

**सीईआईआर पोर्टल से ट्रेस हुए फोन, करीब 22 लाख की मोबाइल लौटायें**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस ने एक बार फिर तकनीकी दक्षता और सक्रिय पुलिसिंग का प्रभावी उदाहरण पेश किया है। सर्विलांस टीम ने अलग-अलग स्थानों से खोए हुए 111 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 22 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में सर्विलांस टीम ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुमशुदा मोबाइलों को ट्रेस किया। लंबे समय से मोबाइल खो चुके लोगों को जब उनके फोन वापस मिले तो उनकी खुशी देखते ही बनती थी। कई पीड़ितों ने कहा कि उन्हें मोबाइल मिलने की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी थी। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल यूपी कॉप ऐप या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं और सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल को ब्लॉक कराएं ताकि दुरुपयोग रोका जा सके और बरामदगी की संभावना बढ़े। पुलिस की इस कार्रवाई से न सिर्फ लोगों का भरोसा बढ़ा है बल्कि यह भी साबित हुआ है कि तकनीक आधारित पुलिसिंग से अपराध नियंत्रण और जनसेवा को नई गति मिल रही है।

# महिलायें अन्याय का हर स्तर पर विरोध करने को रहें तैयार: संजना

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को रेलवे पुलिस चौकी इंचार्ज महिला सब इंस्पेक्टर संजना सिंह की अगुवाई में मिशन शक्ति अभियान 5.0 चलाया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशनों तथा ट्रेनों में घूम-घूम कर महिलाओं व यात्रियों को जागरूक करके शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारियां देकर जागरूक किया गया।

शासन की योजनाओं के तहत कालपी व उसरगांव रेलवे स्टेशनों में महिलाओं को एकत्रित करके चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक संजना सिंह ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 जागरूकता अभियान व मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत उनके अधिकारों तथा अपने अधिकारों तथा अपने साथ हो रहे, अन्याय का खुलकर विरोध करने के लिए प्रेरित किया है।

शासन की योजनाओं के अंतर्गत चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक संजना सिंह तथा सिपाहियों ने कानपुर-झांसी मेमो, झांसी-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस, बरौनी एक्सप्रेस, झांसी-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन में महिला यात्रियों को बुकलेट वितरित करते हुये सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वालम्वन की जानकारियां दी।

## कालपी कृषि मंडी में रिकॉर्ड हुई वसूली

**कालपी (जालौन)।** कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी के सचिव सतीश कुमार के नेतृत्व में राजस्व तथा मंडी शुल्क वसूली के अभियान के तहत इस वर्ष डेढ़ गुना रिकॉर्ड वसूली में वृद्धि की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न वाहनों से मंडी के बिना वैध प्रपत्रों के माध्यम से माल लोड होकर निकलता रहता है। झांसी के उपमंडी निदेशक कृषि संजय सिंह तथा जिला प्रशासन के निर्देश पर कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी के सचिव सतीश कुमार की अगुवाई में सचल दल गठित किया गया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2024-25 में प्रवर्तन दल के द्वारा विभिन्न जिंस लदे वाहनों को पड़कर 15 लख रुपए राजस्व वसूला था। वहीं चालू वित्तीय वर्ष के 10 माह में सचल दल के द्वारा 23 लाख से अधिक राजस्व वसूली की जा चुका है। इसी प्रकार मंडी परिसर में गत वित्तीय वर्ष 2024- 25 में एक करोड़ 89 लाख रुपए राजस्व वसूला गया था।

# वाद-विवाद से परेशान युवक ने लगायी फांसी

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**



कोंच कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मालवीय नगर में शुक्रवार को एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पत्नी से पारिवारिक विवाद के चलते 29 वर्षीय युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया। मृतक का शव कमरे के अंदर फंदे से लटकता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई और परिवार में कोहराम मच गया। आपको बता दें कि मृतक रवि उर्फहाथी पुत्र मायाराम निवासी मोहल्ला मालवीय नगर का निवासी था। मृतक रवि कारीगरी का कार्य करता था और उसकी उम्र लगभग 29 से 30 वर्ष बताई जा रही है। परिवार में उसकी एक 8 वर्षीय पुत्री भी है। बताया जा रहा है कि बीते कुछ समय से पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, जिससे रवि मानसिक तनाव में था।

इसी तनाव के चलते उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो कमरे के अंदर रवि का शव फंदे से लटकता देख उनके होश उड़ गए। रोते-बिलखते परिजनों का बुरा हाल था। मोहल्ले में भी घटना की खबर फैलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना पर कोंच कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

# नवकुंडीय श्रीराम महायज्ञ समापन पर संतों ने दी पूर्णाहुति

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय ग्राम हीरापुर में नवकुंडीय श्रीराम महायज्ञ एवं भागवत कथा के समापन पर हवन पूजन एवं पूर्णाहूति दी गई। कथा व्यास ने सुदामा चरित का वर्णन किया। क्षेत्रीय ग्राम हीरापुर में सार्वजनिक स्थान पर आयोजित नवकुंडीय श्रीराम महायज्ञ के समापन पर हवन पूजन और पूर्णाहूति दी गई। यज्ञ संचालक रामकुमार दास महाराज व यज्ञाचार्य विकास शुक्ला महारराज ने विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ क्रियाएं संपन्न कराई। रामकुमारदास महाराज के सानिध्य में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ रामश्याम महाराज ने बताया कि यदि जीवन में मित्र हो तो भगवान श्रीकृष्ण जैसा, जिन्होंने सुदामाजी का आपत्ति के समय व दुख के समय भी साथ नहीं छोड़ा। आज जो मित्रता है वह केवल स्वार्थ की है, जब तक लोगों का हमसे स्वार्थ है तब तक की मित्रता है। सुख में सब साथ देते हैं लेकिन दुख में सब साथ छोड़ जाते हैं। आज जिस तरीके से पृथ्वी पर पाप बढ़ रहा है, चारो तरफ अनाचार, पापाचार भ्रष्टाचार और दुराचार फैला हुआ है तो निश्चय ही प्रभु अवतार लेकर इस भूमि के भार को उतारेंगे। इस मौके पर पारीक्षित राममूर्ति देवी, रिटायर्ड मेजर शिवराम कुशवाहा, पुजारी रामशरण तिवारी, महेंद्र अग्निहोत्री, प्रेमा देवी, जगराम कुशवाहा आदि रहे।

# निपुण लक्ष्य एप से कक्षा एक व दो के छात्रों का हुआ आंकलन

**अलीनगर और दानेदार प्राथमिक विद्यालय में डायट द्वारा गठित टीम ने बच्चों का किया मूल्यांकन**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



निपुण भारत मिशन की वास्तविक स्थिति जानने के लिए परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत निपुण कक्षाओं के बच्चों का आंकलन कराया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र के अलीनगर प्राथमिक विद्यालय एवं दानेहार में डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से कक्षा एक व दो के छात्रों का आंकलन किया गया। डायट छिबरामऊ द्वारा गठित टीम संख्या 47 के सदस्य सनोज कुमार यादव एवं निखिल कुमार पटेल ने विद्यालय पहुंचकर निपुण कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चों का मूल्यांकन किया। आंकलन के दौरान विद्यालय में शत- प्रतिशत छात्र उपस्थिति रहे। डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा कक्षा एक एवं कक्षा दो के क्रमशः 12-12 बच्चों का निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से आंकलन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संकुल अबध नारायण सहित सहायक अध्यापक विजय कुमार, प्रगति कुमार, सिराज अहमद, पंकज सिंह, अभिषेक यादव, शैलेन्द्र यादव, प्रीति यादव एवं प्रभाकर सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।





# सीएमओ के ठेगें पर शासनादेश, नियम विरुद्ध लगाए बत्ती व हूटर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हूटर व बत्ती के मानक तय होने के पश्चात भी स्वास्थ्य विभाग के मुखिया सीएमओ अपना निजी शासनादेश चला रहे है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग को कई बार बत्ती व हूटर हटाने के लिए कहा गया, परन्तु सीएमओ की रंगबाजी के आगे शासनादेश भी धराशाही हो गया। दबंग सीएमओ डॉ0 अवनीन्द्र कुमार ने आज तक अपनी गाड़ियों से हूटर व बत्ती नहीं उतारी है। मजे की बात यह है कि हूटर तब भी बजाए जाते हैं जब सीएमओ गाड़ी के अंदर नहीं होते हैं। कई बार लोगों ने देखा कि सरकारी वाहन सीएमओ की फैमली लेकर मार्केट कराती है। उधर एआरटीओ परिवर्तन व स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के कारण शासनादेश की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। सूत्र कहते हैं कि शासनादेश के अनुसार स्वास्थ्य विभाग में केवल अपातकालीन सेवाए यानी एम्बूलेंस के अलावा कोई हूटर व बत्ती नहीं लगा सकता है। फिर भी सीएमओ हूटर बजाते हुए अपने ही उच्चाधिकारियों की बैठकों में जाते है। उनकी गाड़ी जिले के प्रसानिक अधिकारियों से लेकर प्रदेश के मुख्यालय तक हूटर बजाते हुए जाती है। यही नहीं सीएमओ की गाड़ी पर परिवहन विभाग की भी नजरें पड़ती हैं, परन्तु किसी की हिम्मत नहीं की सीएमओ पर कार्यवाही तो दूर गाड़ी से हूटर व बत्ती उतरवा सकें। इस बात की शिकायत कानुपर मण्डल के कार्यवाहक अपर निदेशक से हुई। जिस पर उन्होंने बताया कि मुझे पता ही नहीं कि ऐसा कोई नियम भी है कि सीएमओ हूटर व बत्ती लगा सकते है या नहीं। कार्यवाहक एडी को हूटर व बत्ती के नियम की जानकारी है या फिर जानकर अंजान बना जा रहा है। वही एक व्यक्ति के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आरटीओ कानपुर, प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं व्स्वास्थ्य को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा गया है। ताकि शासनादेश का उल्लघंन करने वाले दबंग सीएमओ डॉ. अवनीन्द्र कुमार के खिलाफ कार्यावाही की जा सके।



सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार व गाड़ी में लगा हूटर व बत्ती

### एआरटीओ बोले, मुझे पता नहीं मैं अभी सीख रहा हूँ

स्वास्थ्य विभाग के दबंग सीएमओ डॉ. अवनीन्द्र कुमार खुलेआम शासन की नियमावली को ताख पर रख अपनी तीनों गाड़ियों में हूटर व बत्ती लगाकर घूम रहे हैं जो कि नियमवाली के विरुद्ध है। इस बात की जानकारी एआरटीओ कृष्ण कुमार यादव से की, तो उन्होंने बताया कि मैंने अभी हाल में पहली बार एआरटीओ का चार्ज संभाला है। मुझे ज्ञात नहीं है कि नियमावली के अनुसार नियम क्या है। मैं अभी सीख रहा है ऐसी बात करने वाले एआरटीओ कृष्ण कुमार यादव को शासन ने जिले का चार्ज दे दिया है। जिसको नियमवाली की कोई जानकारी नही है। वह नहीं जानते हैं कि शासन के द्वारा हूटर व बत्ती की नियमावली क्या है, अब सवाल यह उठता है कि एआरटीओ कृष्ण कुमार को चार्ज संभाले व अन्य जिलों में नौकरी करते हुए इतने समय के पश्चात भी एक जिम्मेदार अधिकारी ऐसी बात कह रहे हैं।

# बरतल स्थित तालाब के दलदल में फंसी गाय

**घंटों मशक्कत के बाद स्थानीय निवासियों ने निकाला बाहर**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को दोपहर बाद नगर के मोहल्ला बरतल में स्थित एक तालाब के दलदल में अचानक एक गया फंस गई। जिसे निकलने के लिए मोहल्लेवासियों ने काफी मेहनत की, लेकिन वह नहीं निकल सकी। सूचना मिलने पर सभासद प्रतिनिधि अनिल शाक्य मौके पर पहुंचे और उन्होंने इसकी जानकारी अधिशासी अधिकारी को दी। इसके बाद कल्लू ठाकुर, अम्बुज भारद्वाज, अजित शर्मा, अंकित राजपूत सहित कई सफाई कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद सूचना नगर पंचायत कार्यालय में दी गयी। सूचना मिलते ही नगर पंचायत के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तालाब से गाय को निकालने के लिए मशक्कत करने लगे।

कई बार नगरवासियों ने नगर पंचायत के कर्मचारियों को कार्यालय की जेसीबी बुलाने की बात कही, लेकिन नगर पंचायत की जेसीबी मौके पर नहीं आ सकी। सूत्रों से पता चला है कि जेसीबी कई दिनों से नगर पंचायत नवाबगंज से बाहर किसी निजी काम के उपयोग में चलवाई जा रही है। काफी मशक्कत के बाद रस्सी की मदद से गाय को बाहर निकाला जा सका। इस दौरान गाय लगभग 2 घंटे तक तालाब के अंदर फंसी रही। गाय को नगर पंचायत की गौशाला भेज दिया गया। इस मौके पर बीनू टेलर, राजेश, गौरव और अनुज के अलावा सभासद प्रतिनिधि अनिल शाक्य मौजूद रहे।


तालाब से गाय को बाहर निकालते स्थानीय लोग

## वृद्ध की हालत बिगड़ी, उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किराये के मकान में रह रहे वृद्ध की हालत बिगड़ गयी। उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के हरपालपुर थाना क्षेत्र निवासी 60 वर्षीय राकेश शहर के मोहल्ला गंगानगर में किराये के मकान में रहकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का काम करते थे। बीती 24 जनवरी को उनकी हालत बिगड़ गयी। उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गुरुवार को उनकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। शव को मोर्चरी में रखवा दिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद गुरुवार शाम को रिश्तेदार लोहिया अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के रिश्तेदारों ने बताया कि राकेश अविवाहित थे। उनके दो भाई थे। जिनमें से एक की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। वह कई वर्षों से शहर की गंगानगर कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे थे।


जांच करती पुलिस

# जया एकादशी पर कड़ाके की सर्दी में श्रद्धालुओं ने लगायी गंगा में डुबकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर गुरुवार को जया एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कड़ाके की ठंड, घने कोहरे और सर्द हवाओं की परवाह किए बिना बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर कथा आदि का आयोजन कराया। जया एकादशी के विशेष पर्व पर स्थानीय लोगों के अलावा दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने भी गंगा स्नान किया। गुरुवार सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ था और शीतलहर चल रही थी। शुरुआत में घाटों पर भीड़ थोड़ी कम रही, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही श्रद्धालुओं की संख्या में भारी इजाफा हुआ। दोपहर 2 बजे तक घाटों पर स्नान करने वालों की भारी भीड़ जमा हो गई। पर्व की संवेदनशीलता और भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए बुधवार रात से ही जिले की सीमाओं पर भारी और मालवाहक वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया था। पुलिस द्वारा लगातार लाउडस्पीकर के माध्यम से अनाउंसमेंट कर श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने की चेतावनी दी जा रही थी। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिसकर्मियों ने दूरबीन से भी घाटों और नदी की निगरानी की। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने स्वयं गंगा घाटों का निरीक्षण किया और तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। प्रशासन की सतर्कता और कड़े प्रबंधों के चलते श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी के स्नान पर्व का लाभ उठाया।


गंगा स्नान करते भक्तगण

# बारिश से सर्दी बढ़ी, नहीं हुए सूर्य भगवान के दर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अचानक हुई वेमौसम बरसात से सर्दी फिर सुर्ख हो गयी। पूरे दिन सूर्य न निकलने से लोग सर्दी से परेशान रहे। बताते चलें कि बसंत पंचमी के बाद मौसम ठीक हो जाता है और धूप निकलने लगती है, लेकिन इस बार सर्दी ने दो बार कवरट ली। वहीं वेमौसम हुई वारिश ने और दिक्कतें बढ़ा दीं। मंगलवार को हुई वेमौसम बरसात से सर्दी और सुर्ख हो गयी। गुरुवार को पूरे दिन सूर्य नहीं निकले और मौसम ठंडा रहा। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गुरुवार सुबह आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलती रहीं। इटावा-बरेली हाईवे और फर्रुखाबाद-कानपुर मार्ग पर वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। लोग सर्दी से बचाव के लिए मफलर और टोपी पहनकर घरों से निकले। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में आर्द्रता 29 प्रतिशत रही। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिनों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। इससे फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका भी जताई गई है।


सुबह छायी कोहरे की चादर

**मिशन शक्ति के नाम पर शर्मनाक खेल...**

# पुलिस बल से धक्का-मुक्की करने के आरोप में भाई-बहन के खिलाफ मुकदमा किया गया दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान की सच्चाई बुधवार दिन के दो बजे उस समय सामने आ गई, जब रोडवेज बस अड्डा चौकी पर पुलिस द्वारा एक नाबालिग युवती और उसके भाई के साथ की गई बर्बरता की परतें खुलने लगीं। पुलिस के मुताबिक रोडवेज बस अड्डे पर कांस्टेबिल यशवीर सिंह ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान उसने प्रशांत राजपूत पुत्र विनोद कुमार को एक नाबालिग युवती के साथ बैठा देखा और टोंका। पुलिस का दावा है कि इस पर प्रशांत राजपूत ने अपनी बहन आकांक्षा को मौके पर बुला लिया और दोनों ने हंगामा किया। इसी आधार पर पुलिस बल से धक्का-मुक्की का आरोप लगाते हुए दोनों भाई-बहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पूरी कहानी पुलिस को शर्मसार करती है यदि ऐसा होता भी तो कोई अपनी सगी बहन को नहीं बुलाता। हकीकत इससे बिल्कुल उलट स्थानीय लोगों और पीड़ित पक्ष युवती से दुर्व्यवहार, भाई को पीटा, फिर झूठी कहानी गढ़ी, जिले में महिला पुलिस कप्तान फिर भी महिला की सरे बाजार हुई पिटाई, पुलिस की यह पूरी कहानी झूठी और गढ़ी हुई है। आरोप है कि सबसे पहले युवती से पुलिस ने अभद्र व्यवहार किया, जब उसने विरोध किया तो मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसके भाई प्रशांत राजपूत को बेरहमी से पीटा। इसके बाद युवती को भी हिरासत में ले लिया गया और मानसिक दबाव बनाया गया। उसका आईफोन भी छीन लिया और उसे उसकी मां के सामने बुरी तरह पीटा और फिर सबको थाना कादरीगेट में भी बंद किया जाकर। जब मामला पुलिस के खिलाफ बनता दिखाए, तब अपनी गर्दन बचाने के लिए कांस्टेबल से मनमानी तहरीर लिखवाकर पूरे मामले को पलट दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम में महिला थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह पर खाकी का दुरुपयोग करने और युवती से दुव्यवहार के गंभीर आरोप लगे हैं। मौके पर थाना प्रभारी दरोगा कपिल चौधरी भी अपनी फोर्स के साथ पहुंचे थे। आरोप है कि मौजूद सभी पुलिसकर्मियों ने मिलकर युवती और उसके भाई को डराया धमकाया। बचाव में गढ़ा गया फर्जी मुकदमा। जब पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने लगे, तो आनन फानन में पूरा मामला फैब्रिकेट कर युवती और उसके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया, ताकि पुलिस की करतूतें उजागर न हों। घटना के बाद महिला संगठनों में भारी आक्रोश है। संगठनों ने स्पष्ट किया है कि वे इस मामले को लेकर महिला आयोग और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात करेंगे। यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि महिला थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह और उनके पति जो जिले में ही इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं, अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना कादरीगेट और कोतवाली सदर समेत महिला थाने पर बिना पैसे कोई काम नहीं होता, जिससे जिले की पुलिस की छवि लगातार धूमिल हो रही है। मिशन शक्ति पर बड़ा प्रश्नचिन्ह यह घटना एक बार फिर सवाल खड़ा करती है कि जब महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर चल रही योजनाओं में ही पुलिस उत्पीड़क बन जाए, तो आम नाबालिग युवती किससे न्याय की उम्मीद करे। गुरुवार को संबंधित थाना पुलिस ने भाई बहन को गिरफ्तार भी कर लिया है।

# चोरों ने मकान से नकदी व जेवर किये पार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमसाबाद थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के आभूषण और हजारों की नगदी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शमसाबाद कस्बे के मोहल्ला कोटला निवासी नाजिम पुत्र आबिद अली अपने परिवार सहित घर में सो रहे थे। देर रात अज्ञात चोर पीछे की दीवार के सहारे मकान में दाखिल हुए। उन्होंने घर के अंदर घुसकर अलमारी का ताला तोड़ा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घर के मालिक नाजिम के मुताबिक चोरों ने बक्से और अलमारी की तिजोरी तोड़कर चांदी के दो जोड़ी तोड़े लगभग 250 ग्राम, सोने की दो जोड़ी झुमकी, सोने की दो जोड़ी कान की बाली और आवश्यक कार्य के लिए रखी 10,000 रुपये की नगदी चुरा ली। कस्बेवासियों का कहना है कि इस चोरी की घटना से पीड़ित गृहस्वामी को भारी नुकसान हुआ है। फिलहाल पीड़ित गृह स्वामी द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ शमसाबाद थाना पुलिस को अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। शमसाबाद थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम घटनास्थल पर जांच-पड़ताल के लिए गई थी। उन्होंने पुष्टि की कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू स्वतंत्र के पदाधिकारी

## भारतीय किसान यूनियन स्वतंत्र ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन स्वतंत्र के कानपुर मंडल महासचिव अनुराग द्विवेदी ने अपने संगठन के साथ तहसील परिसर में पहुँचकर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि कस्बे में दिनभर जाम की समस्या बनी रहती है। दुकानदारों द्वारा फुटपाथों पर अतिक्रमण कर रखा गया है। क्षेत्र में निराश्रित गोवंशों से आम जनमानस काफी परेशान है। परमानंद मिल के पास बना पेशाब घर क्षतिग्रस्त है जिससे वहां लोगों को समस्याएं हो रही हैं। नगर में साप्ताहिक बंदी रविवार पूर्णतया लागू कराई जाए जिससे मजदूरों को अवकाश मिल सके। इस अवसर पर संतोष गुप्ता नरेश, विकास शाह, दिलीप कुमार, शिवम गुप्ता, राम प्रकाश, निशांत रस्तोगी, धर्मवीर, रामरतन, रमेश चन्द, आशाराम, नाहर सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पर दिया धरना

**मुख्यमंत्री को संबोधित दस सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन के बैनर तले बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। उन्होंने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

यह धरना जिला अध्यक्ष किरण मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। दोपहर 2 बजे तक चले इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुईं। ज्ञापन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की प्रमुख मांग शामिल थी। इसके अलावा महंगाई भत्ता, ग्रेच्युटी जैसी वित्तीय सुविधाओं और सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने की भी मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने पोषण ट्रैकर पर ऑनलाइन कार्य के लिए 5जी मोबाइल फोन उपलब्ध कराने की भी मांग की। उन्होंने बीएलओ सहित अन्य विभागों के अतिरिक्त कार्य थोपने पर रोक लगाने और एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया को बंद करने की भी अपील की। जिला अध्यक्ष किरण मिश्रा ने बताया कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो मार्च में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में लखनऊ में एक बड़ा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।


धरना देंती आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिकाएं

# देशी शराब ठेके में दूसरी बार चोरी का प्रयास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र के रामपुर जुगराजपुर में देशी शराब के ठेके पर चोरों ने दूसरी बार चोरी का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। गुरुवार सुबह जब ठेके के मालिक प्रदीप गुप्ता को इसकी जानकारी मिली, तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि ठेके के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने टूटे हुए ताले को ठेके के पास ही फेंक दिया था। हालांकि इस बार चोर शराब निकालने में सफल नहीं हो पाए। इससे पहले इसी ठेके पर 17 जनवरी को भी चोरी हुई थी। तब चोर ताले तोड़कर देशी शराब ले गए थे। इस मामले में राजेपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि 18 जनवरी को देशी शराब की चोरी के मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने पुष्टि की कि दूसरी बार ठेके के ताले तोड़ने की सूचना मिली है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**देशी शराब ठेका**

# बदलते मौसम से मेला श्रीरामनगरिया में बढ़ी मरीजों की संख्या

**सर्दी, खांसी से पीड़ित 221 लोग पहुंचे अस्थाई अस्पताल**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर लगे श्रीरामनगरिया मेले में बारिश के बाद सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है।

मेले में बने अस्थाई अस्पताल में गुरुवार सुबह तक लगभग 221 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। मंगलवार शाम से शुरू हुई रुक-रुककर बारिश बुधवार सुबह तक जारी रही। जिससे क्षेत्र में ठंड बढ़ गई। प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेले में एक अस्थाई अस्पताल स्थापित किया गया है। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर एकांश चतुर्वेदी ने गुरुवार को बताया कि बारिश के कारण सर्दी बढ़ने से खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। अधिकांश मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी जा रही हैं। वहीं चिकित्सकों ने मरीजों को सर्दी के मौसम को देखते हुए विशेष एतियात बरतने की नसीहत दी है। बारिश के चलते सर्दी फिर बढ़ गयी है।


अस्थाई अस्पताल में दवा लेते कल्पवासी

# तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार


गिरफ्तार अभियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना कादरीगेट पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 29.01.2026 को स्थानीय पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त श्याम वर्मा पुत्र आजाद वर्मा निवासी डॉ0 सुषमा अस्पताल थाना मऊदरवाजा के कब्जे से एक देशी तमंचा नाजायज 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 22/2026 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट बनाम श्याम वर्मा पुत्र आजाद वर्मा पंजीकृत किया गया।

## चोरों ने की समरसेबिल व केबिल की चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरों द्वारा समरसेबिल पम्प मय केबिल चोरी कर लिये जाने के संबंध में पीड़ित ने चौकी प्रभारी याकूतगंज को प्रार्थना पत्र दिया है। दिये गये प्रार्थना पत्र में अजय सक्सेना पुत्र विजय प्रकाश सक्सेना निवासी 1/23 भूसामंडी फतेहगढ़ ने कहा है कि उसका खेत नगला बाग याकूतगंज सेंट्रल जेल मार्ग पर स्थित है। इसी खेत में उसका हाल है। पीड़ित के खेत में समरसेबिल लगी थी। जिसे अज्ञात चोरों द्वारा दिनांक 28/29.01.2026 को चुरा लिया गया। पीड़ित ने कहा है कि इससे पूर्व दिनांक 09.12.2024 व 11.12.2024 तथा 18.02.2025 को भी अज्ञात चोरों द्वारा उसके खेत के इसी हाल से चोरी की जा चुकी है।


त्याग पत्र दिखाते शिवम सिंह व अन्य

## यूजीसी के विरोध में कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने पद छोड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** यूजीसी के विरोध में कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। यूजीसी के विरोध में शिवम सिंह मंडल महामंत्री अचरा भारतीय जनता पार्टी विधानसभा कायमगंज ने अपने पद से त्याग पत्र दिया है। इसके अलावा बूथ अध्यक्ष 415 अमित प्रताप सिंह, बूथ अध्यक्ष 416 राम लखन व मंडल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अचरा अभिषेक सिंह ने भी अपना त्याग पत्र दिया है। जिला अध्यक्ष को भेजे त्याग पत्र में उन्होंने बताया शिवम सिंह वर्तमान मंडल महामंत्री अपने समस्त पदों से त्यागपत्र देता हूं, क्योंकि पार्टी के पदाधिकारी द्वारा यूजीसी कानून लागू करके हमारे बच्चों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसको देखते हुए मैं अपनी पद से त्यागपत्र देता हूं।

# गिरिजा देवी पीजी कालेज में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने गिरिजादेवी पीजी कालेज सकवाई मोहम्मदाबाद में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है।

एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि यातायात पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार माह दिसम्बर 2025 तक जनपद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि दिसम्बर 2024 तक जनपद में 390 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई थीं, जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। जनपद में घटित लगभग 65 प्रतिशत दुर्घटनाओं में शामिल कम से कम एक वाहन दो पहिया है तथा मृतकों की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत दो पहिया वाहन सवार है। उन्होंने सभी से अपील की कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। किसी भी स्थिति में यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग ना करें, वाहन के प्रपत्र पूर्ण रखें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। निजी वाहन यथा दो पहिया वाहन, कार आदि के मार्ग पर संचालन के समय वैध ड्राइविंग लाइसेन्स, पंजीयन पुस्तिका, बीमा तथा प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र भौतिक अथवा इलेक्ट्रॉनिक रूप में होना अनिवार्य है। प्रदेश में सभी नये वाहनों में हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना अनिवार्य है। छात्रा शालिनी गुप्ता ने सरस्वती वंदना एवं मिली राजपूत एवं शालिनी गुप्ता ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्या डा0 रानी मिश्रा व रोड सेफ्टी क्लब के जिला संयोजक डॉ0 आलोक बिहारी शुक्ला ने भी छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। एआरटीओ ने सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पंकज चौधरी, सन्तोष हिल्स, पावस के अतिरिक्त कालेज के शिक्षक, स्टॉफ व छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।


सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते शिक्षक

# सीओ ने किया ट्रैफिक नियमों के साथ दुर्घटना सुरक्षा के प्रति जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में पुलिस उपाधीक्षक यातायात अभय वर्मा एवं यातायात प्रभारी सत्येन्द्र कुमार के द्वारा सभी विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि हमें हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाना चाहिए तथा कार में सीट बेल्ट लगाने से हम सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंने बताया कि अगर आपके सामने कोई दुर्घटना में घायल व्यक्ति पड़ा है तो आप सभी का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि आप 108 या 112 नम्बर पर काल कर घायल को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में अपना सहयोग दें। इसके लिए आपसे अस्पताल और थाने में कोई कुछ नहीं कहेगा, बल्कि इस मानवता के लिए सरकार की तरफ से आपको पच्चीस हजार का नकद पुरस्कार मिलेगा और घायल के घर का कोई सम्बन्धी उपलब्ध नहीं है तो उसका भी ढाई लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज किया जायेगा। प्रधानाचार्य संजीव ने आगन्तुक अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त कर पुलिस उपाधीक्षक यातायात अभय वर्मा को पेंटिंग भेंटकर उनका सम्मान किया।


यातायात के प्रति जागरुक करते सीओ आदि

# भूपेश पाठक ने कैशलेस सुविधा घोषणा पर सीएम का जताया आभार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। कहा कि उन्होंने जो शिक्षक व शिक्षामित्र, अनुदेशक आदि के लिए स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधा कैशलेस के लिए जो कदम उठाया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी की कैबिनेट बैठक द्वारा स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधा कैशलेस इलाज 5 लाख रुपए तक भर्ती होने पर शिक्षकों, शिक्षामित्र और अनुदेशकों आदि को इलाज के लिए देना बहुत ही सराहनीय एवं स्वागत योग्य कदम है। हम सब मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं, अगर इस सुविधा द्वारा भर्ती होने से पहले तथा बाद में हुए खर्च का भी भुगतान हो तो अति बेहतर होगा। कैबिनेट बैठक में शिक्षामित्र और अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि का प्रस्ताव पास होता तो इनका भी सामाजिक स्तर बेहतर हो सकता था, 5 सितंबर को मुख्यमंत्री द्वारा इन दोनों वादों की घोषणा की गई थी।


भूपेश पाठक

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

**खिमसेपुर में हटाये जायेंगे निष्क्रिय विद्युत पोल**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माह जनवरी जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक सम्बन्ध बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। कुल 05 प्रकरणों पर चर्चा की गयी। साथ ही ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी /5.0 हेतु विभागवार आवंटित लक्ष्यों की समीक्षा की गयी।

सम्बन्धित विभागों ने अवगत कराया कि जल्द ही आवंटित लक्ष्य पूर्ण करा लिया जायेगा। औद्योगिक आस्थान खिमसेपुर में मै0 आईडीवीबी रिसाइकिलिंग प्रा0लि0 के भूखण्ड पर निष्क्रिय विद्युत पोल हटाये जाने के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड खिमसेपुर ने बताया कि स्टीमेट तैयार कर यूपीसीडा को प्रेषित किया गया है, भुगतान प्राप्त होने उपरान्त एक सप्ताह में पोल हटाने की कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी। उ.प्र. सहकारी कताई मिल्स लि0 कम्पिल की भूमि को प्रदेश में त्वरित रोजगार सृजन एवं नये औद्योगिक आस्थान विकसित करने हेतु कताई मिल की भूमि की समस्याओं पर समीक्षा की गयी।

जिला उद्योग बन्धु समिति द्वारा समस्त बिन्दुओं पर गहन समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि प्रकरणों को एक सप्ताह में निस्तारित कराये।


बैठक लेते सीडीओ मौजूद अधिकारीगण


परीक्षा में भाग लेते बच्चे

# खराब मौसम के बावजूद भी 87 फीसदी बच्चों ने दी परीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में खराब मौसम के बाबजूद 87 फीसदी छात्र परीक्षा में शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी के परीक्षा पे चर्चा की तर्ज पर लगातार अभिभावकों से संवाद स्थापित कर बच्चों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। जिसका परिणाम सकारात्मक रहा। अत्यधिक सर्दी, बारिस के बाबजूद 87 फीसदी बच्चे द्वितीय सत्र परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। केवल 8 बच्चे अस्वस्थ होने के कारण परीक्षा में शामिल नहीं हुए। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली में गणित तथा दूसरी पाली में कला विषय की परीक्षा कराई गई। बच्चों को गुरुवार को अतिरिक्त पोषण में गजक वितरित की गई।

## पीडीए प्रहरियों को सपा ने सौंपी वोटर लिस्ट


वोटर लिस्ट सौंपते चन्द्रपाल यादव व अजीत यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने सदर विधानसभा बूथों पर पहुंचकर पीडीए प्रहरी/बीएलए को नव-प्रकाशित वोटर लिस्ट सौंपीं, ताकि इनका अवलोकन करके पीडीए प्रहरी कटे हुए वोटों को बनवा सकें, फर्जी वोट को कटवा सकें। आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए समाजवादी पार्टी बड़ी तैयारी के साथ वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने के लिए अपने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को बड़ी मुस्तैदी के साथ लगाए हुए है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, जिला सचिव विनीत परमार आदि मौजूद रहे। यह जानकारी स0 प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता ने दी है।

# वैदिक क्षेत्र शिविर में संत सम्मेलन का हुआ आयोजन

**जो स्वयं कष्ट सहकर भी दूसरों को सुख प्रदान करता उसे संत कहते: सोमवारपुरी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। वैदिक क्षेत्र में विशाल सन्त सम्मेलन का आयोजन किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि वेद में दो शक्तियों का वर्णन है ब्रह्मशक्ति और क्षात्रशक्ति। किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए ब्रह्मशक्ति और क्षात्रशक्ति की महती आवश्यकता होती है। जब सन्तों के अन्दर ये दोनों शक्तियां विद्यमान होती हैं तो समाज की दशा और दिशा वेदोक्त होती है। आचार्य ने संत की परिभाषा देते हुए कहा कि श्रेष्ठ सन्त की पहचान, वेद और वेदाङ्ग। वेद रूपी सूर्य से अविद्या रूपी अन्धकार को दूर करने का सन्तों का स्वभाव होता है। जैसे बसन्त पर्व के आने से प्रकृति में सौंदर्य और सुधार होता है, ऐसे ही संतों के आगमन से समाज का सुधार होता है। राजस्थान से आए स्वामी सोमवारपुरी महाराज ने कहा कि गावो विश्वस्य मातरः गाय विश्व की माता है। मानव-जाति के लिए गौ से बढ़कर उपकार करने वाली और कोई वस्तु नहीं है। गौ मानव जाति की माता के समान उपकार करने वाली, दीर्घायु और निरोगता देने वाली है। यह अनेक प्रकार से प्राणिमात्र की सेवा कर उन्हें सुख पहुंचाती है। इसलिए हमें गौ माता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। स्वामी ने बताया कि वेद ईश्वरीय वाणी है। वेद से जो जुड़ जाता है वो वेदना से बच जाता है। सन्त उसे कहते हैं जो स्वयं कष्ट सहकर भी दूसरों को सुख प्रदान करता है। साध्वी रेशमा दासी ने कहा कि नारी जाति पर महर्षि दयानन्द सरस्वती के अनेकों उपकार हैं। ऋषि दयानन्द नहीं होते तो नारी जाति को वेद पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त नहीं होता। संत सम्मेलन में बड़ी संख्या में संत महात्मा उपस्थित रहे। सभी सन्त महात्माओं का शॉल और दक्षिणा देकर सम्मान किया गया। संचालन आचार्य हरिओम शास्त्री ने किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, अरविंद गिरी, रामानंद महाराज, लखनपुरी महाराज, महंत जमुनादास त्यागी, स्वामी देवनानंद, गेंदा गिरि, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य आदि उपस्थित रहे।


सम्मेलन में मौजूद संतगण

# डीएम ने रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष की ली बैठक


बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम के समक्ष प्रस्तुत किये गये प्रकरणों में पॉक्सो एक्ट के 5 प्रकरण को जिला संचालन समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमे प्रत्येक प्रकरण में रु0 03 लाख की सहायता राशि दी जाती है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, जिला प्रोवेशन अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जिलाधिकारी ने लम्बित आवेदनों पर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश


बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजनान्तर्गत की प्रगति अत्यन्त खराब होने के कारण बैंक शाखाओं द्वारा निरस्त किये गये आवेदन पत्रों पर पुनर्विचार तथा लम्बित आवेदनों पर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हेतु विशेष समीक्षा बैंठक जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बैंक ऑफ बडौदा, एक्सिस बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफइण्डिया, इण्डियन ओवरसीज बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया बैंक शाखाओं की समीक्षा की गयी। डीएम ने निर्देशित किया कि उक्त योजनाओं में युद्ध स्तर पर ऋण वितरण की कार्यवाही करायी जाये, जिससे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों को माह फरवरी 2026 तक पूर्ण हो सके।

### व्यापारियों ने की मंगल बाजार पर प्रतिबंध लगाने की मांग


बैठक लेते सीडीओ

**सीडीओ की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु की बैठक सम्पन्न**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि आरटीओ कार्यालय की कार्य प्रणाली संदेह जनक है। आरटीओ ऑफिस के कर्मचारी आवेदक से सीएससी पर जाने को कहते हैं जो उचित व पारदर्शी नहीं है इस पर सीडीओ ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ई-रिक्शा द्वारा तेज आवाज में संगीत बजाने को लेकर आपत्ति के क्रम में सीडीओ ने क्षेत्राधिकारी पुलिस को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। व्यापारियों द्वारा फतेहगढ़ में मंगल बाजार पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने विचार करने के लिए कहा। संपूर्ण नगर में व्याप्त अतिक्रमण को समाप्त करने की मांग की गई। रेलवे रोड पर पुलिया व नाली का सामंजस्य, एक लेवल पर नहीं है इसे ठीक करने की मांग की गई। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद को मौके पर स्थलीय निरीक्षण करके समस्या को हल करने के निर्देश दिए।

# जू.हा.शि. संघ ने समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन


बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त एवं लेखा अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में शिक्षकों की मुख्य समस्याओं के साथ-साथ चल चल संपत्ति मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज किए जाने के संबंध में आपत्ति दर्ज कराई एवं जनवरी माह का वेतन ससमय निर्गत कराए जाने का अनुरोध किया। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उच्च अधिकारियों से तुरंत संपर्क किया गया एवं सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। जिला वित्त लेखा अधिकारी से संगठन का प्रतिनिधिमंडल मिला एवं कहा कि मानव संपदा पर संपत्ति का विवरण दर्ज न करने के कारण किसी का वेतन न रोका जाए। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष अभिनेश मिश्रा, जिला महामंत्री डॉ. वीरेंद्र त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष जगदीश नारायण अवस्थी, मंडल अध्यक्ष हरिओम शुक्ला, मंडलीय मंत्री सुबोध दुबे, संयुक्त मंत्री संदीप, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पाठक, ब्लॉक मंत्री रामप्रताप सिंह परमार, वीरेंद्र प्रकाश अग्निहोत्री आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय शिक्षकों के प्रशिक्षण का हुआ समापन


शिक्षकों के साथ डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी

**डायट प्राचार्य ने शिक्षकों को सौंपे प्रमाण पत्र**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट रजलामई में तीन दिवसीय अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अंग्रेजी विषय के सहायक अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। डाइट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने बताया प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण एवं सहज ढंग से कराया गया। जिसमें अध्यापकों को कक्षा कक्ष में इंग्लिश को बहुत सरल ढंग से पढ़ाना और बच्चों को एनईपी 2020 के तहत समावेशी शिक्षा और इंग्लिश को सरल व वर्तमान के अनुरूप तथा रटाने की बजाय समझाने पर जोर देने को कहा गया। जिससे कि बच्चों में बौद्धिक गुणवत्ता और और समझ के साथ मूल्यों का विकास हो सके। साथ ही इस ट्रेनिंग की प्रशिक्षण प्रभारी डायट प्रवक्ता निधि की देखरेख में यह प्रशिक्षण बड़े बेहतर ढंग से हुआ, और प्रशिक्षण के अंतिम दिन डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रमाण वितरित किए।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्जीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, मन्त्री, प्रतिनिधियों को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रगाढ़ पुनरीक्षण में निर्वाचकों की सुविधा के लिए सुनवाई हेतु चयन किए गए स्थल प्राधिकृत अधिकारी से संबंधित विवरण, सुनवाई की तिथि एवं समय संबंधित तिथि हेतु चयनित भाग संख्याओं के विवरण कार्यवाही के बारे में अवगत कराया। 1 जनवरी के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके या पूर्ण करने वाले मतदाता प्रारूप-6 पर अपना आवेदन कर सकते है। आनलाइन माध्यम से वेब पोर्टल पर जाकर प्रारूप-6 ज्यादा-ज्यादा भरवाने का अनुरोध किया, आयु एवं जन्म के लिये मतदाता को साक्ष्य उपलब्ध कराने होगे। सक्षम स्थानीय निकाय, नगरपालिका प्राधिकरण, जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, चालन अनुज्ञप्ति ड्राविंग लाइसेस, सीबीएसई, आईसीएसई, राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 10 या कक्षा 12 का प्रमाण पत्र आदि कराने होगें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सिंह, भाजपा से मुकेश गुप्ता, बसपा से रामरतन गौतम, सपा से सुभाष चन्द्र शाक्य, आम आदमी से अंकुश सिंह, कांग्रेस से वरूण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


बैठक लेते डीएम मौजूद राजनैतिक दलों के नेता

# पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का सम्मान समारोह आज

**जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार ने दी जानकारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन 24 जनवरी को सम्पन्न हुआ था। प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह 30 जनवरी शुक्रवार को मसेनी चौराहा स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित होगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार ने दी है।

## सत्य साई बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव पर भक्तों ने निकाली रथ यात्रा

उरई (जालौन)। गुरुवार को श्री सत्य साई सेवा संगठन से भगवान श्री सत्य साई बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में धूमधाम के साथ रथ यात्रा निकालकर समाज में प्रेम का संदेश दिया। रथ यात्रा की शुरूआत राजमार्ग स्थित इलाहाबाद बैंक चौराहे से शुरू हुई जो नगर माहिल तालाब, शहीद भगत सिंह पार्क होती हुयी अंबेदकर चौराहा से जिला परिषद पुल से सरदार पटेल चौराहा होते हुये राजमार्ग से जिला अस्पताल, कोतवाली होती हुये टाउन हाल से होती हुयी मुख्य बाजार से गंतव्य स्थान पर पहुंचकर समापन हो गया।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# उद्यमियों की सभी समस्याओं का प्राथमिकता पर किया जाये निस्तारण : डीएम

- औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में पानी की अनुपलब्धता के सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी बॉदा श्रीमती जे0 रीभा की अध्यक्षता में महर्षि बामदेव सभागार कलेक्टेउट में सम्पन्न हुई। उन्होंने समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी योजना, ग्लोबल इनेस्वटर्स समिट औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ के उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में पानी की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में, औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ की साफ-सफाई एवं नालियों व सडक की मरम्मत एवं प्रवेश द्वारा पर बोर्ड एवं गेट लगाये जाने, औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में स्वतंत्र विद्युत फीडर से विद्युत आपूर्ति किये जाने, औद्योगिक क्षेत्र कताईमिल में भूखण्डों के आवंटन के सम्बन्ध में, भूरागढ औद्योगिक क्षेत्र में रिक्त पडी भूमि पर काम्पलेक्स, मॉल सृजित करने के सम्बन्ध में, निवेष मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा, कताई मिल कम्पाउण्ड विषयक प्रस्ताव के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। उक्त बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ की साफ-सफाई एवं सड़क नालियों की मरम्मत, प्रवेश द्वार बोर्ड लगाये जाने हेतु निर्देशित किया साथ ही यह भी निर्देशित किया कि अगली बैठक में यूपीसीडा के आरएम को पत्राचार कर अवश्य बुलाये जाने के निर्देश दिये। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में पानी की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में 33केवी की लाइन घरों के ऊपर से निकली हुई है, जिसमें तत्काल जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता विद्युत राजीव रंजन को निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही स्टोर से पोल पहुंचाकर उक्त कार्य प्राथमिकता पर कराना सुनिश्चित करें। उद्यमी अशोक कुमार गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि भूरागढ क्षेत्र में जलनिगम ग्रामीण द्वारा पाइपलाइन डालने के कार्य में सडक खोदी गयी थी, जिसको अभी तक ठीक नही कराया गया है, जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी बॉदा द्वारा शीघ्र खोदी गयी सडक की मरम्मत का कार्य कराने के निर्देश दिये। औद्योगिक क्षेत्र कताई मिल बॉदा को सरदार बल्लभ भाई पटेल योजना पर योजना पर उद्यमियों की सहमति पर विचार करते हुए शीघ्र शासन को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया गया।

इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय कुमार पाण्डेय द्वारा फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज खोलने पर विचार विमर्श किया और डीएचओ को निर्देशित किया कि इस सम्बन्ध में शीघ्र प्रस्ताव मांगे जायें, जिस पर समस्त उद्यमियों से डीएचओ द्वारा आग्रह किया गया कि यदि किसी किसान या उद्यमी बन्धु को कोल्ड स्टोरेज खोलना है तो सीए से प्रस्ताव बनवाकर ऑफिस में जमा करें, जिससे विचार विमर्श करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजा जा सके।

## एसपी ने निचलौल थाने के नवनिर्मित प्रवेश द्वार का किया उद्घाटन



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** एसपी सोमेंद्र मीना ने निचलौल थाने के नवनिर्मित प्रवेश द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने परिसर का निरीक्षण किया। परिसर की साफ सफाई, अभिलेखों के रखरखाव आदि को देखा। उन्होंने कहा कि थाना का नया प्रवेश द्वार बनने से इसकी सुंदरता बढ़ गई है। इसके लिए उन्होंने एसओ अखिलेश कुमार वर्मा की सराहना की। इस मौके पर सीओ शिवप्रताप सिंह, एसएसआई शैलेन्द्र कुमार, एसआई सकल दीप सिंह, प्रधान यादव, भारत राम मिश्र, अनुराग यादव, नंदलाल यादव, मनीष सिंह, विशाल सिंह, नवीन राय आदि मौजूद रहे।

# नो मैपिंग नोटिस वालों की उमड़ रही है भीड़

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**



नो मैपिंग नोटिस लेकर नौतनवा तहसील जनसुनवाई केंद्र पर बड़ी संख्या में मतदाताओं की लंबी कतार लगी रही। मतदाता मैपिंग नोटिस लेकर अपनी पहचान साबित करने के लिए जरूरी कागजात के साथ अधिकारियों तक पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में नेपाल से विवाह कर आई बहुएं भी उसमें शामिल हैं। जो मतदाता सूची में सम्मिलित होने के लिए जद्दोजहद कर रही हैं। जबकि प्रशासन पूरी तरह से मामले को स्पष्ट करते दिख रहा है कि बिना वैध दस्तावेज के एसआईआर की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकती है। तहसील क्षेत्र के 42 हजार से अधिक नोटिस पा चुके मतदाता अपने दावे और साक्ष्य दस्तावेजों को लेकर लंबी-लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं। दस्तावेजों को पूर्ण करने के लिए जिम्मेदारों के चक्कर लगा रहे हैं और सुबह से शाम तक प्रक्रिया पूर्ण करने को लेकर भाग दौड़ में लगे रह जा रहे हैं। एसआईआर अभियान की शुरुआत होने से ही मतदाता सूची में सम्मिलित होने के लिए भागदौड़ की प्रक्रिया समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। उन परिवारियों की बेचैनी और बढ़ गई है, जिनके घर में नेपाल से शादी कर बहुएं आई हैं। वह यही वर्षों से रह रही है। ग्राम स्तर के चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक में अपनी भागीदारी देने वाली वह महिलाएं आज मतदाता से वंचित होने की बात पर काफी चिंतित हो गई हैं। परिजन पूरी कोशिश में जुटे हैं दिन-रात अधिकारियों के पास दस्तावेजों को लेकर पहुंच रहे हैं। बावजूद किसी भी तरह से चुनाव आयोग द्वारा वैध किए गए दस्तावेजों में पूर्ण करने में असमर्थ हो जा रहे हैं।

# निर्वाचन कार्यालय के रडार पर पंचायत चुनाव के 7.80 लाख डुप्लीकेट मतदाता

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची के पुनरीक्षण में निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी 19.51 लाख मतदाताओं की अनंतिम सूची में 7.80 लाख मतदाताओं को डुप्लीकेट श्रेणी में चिह्नित किया गया है। इन सभी नामों का सत्यापन किया जा रहा है। अभी तक 966 डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम सत्यापन के बाद सूची से डिलीट किए जा चुके हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पुनरीक्षण कार्यक्रम में अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। इस बार राज्य निर्वाचन कार्यालय ने सॉफ्टवेयर के माध्यम से 7 लाख 93 हजार 464 डुप्लीकेट मतदाता पहचान किए गए हैं। इसकी ब्लॉकवार सूची बीएलओ को उपलब्ध करा दी गई है। बीएलओ घर-घर जाकर इन मतदाताओं की उपस्थिति व दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। अभी तक 12 हजार 913 मतदाताओं का सत्यापन किया जा चुका है। सत्यापन के बाद 966 मतदाताओं का नाम डिलीट किया जा चुका है। सत्यापन का यह अभियान 21 फरवरी तक चलेगा। पंचायत चुनाव में 2.60 लाख मतदाता अधिक वर्तमान में जिले की विधानसभा व पंचायत चुनाव की मतदाता सूची के पुनरीक्षण में चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है। पंचायत चुनाव की अनंतिम मतदाता सूची में जहां 19.52 लाख मतदाता दर्ज हैं, वहीं विधानसभा की अनंतिम सूची में यह संख्या मात्र 16.91 लाख है। यह विसंगति इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विधानसभा सूची में नगर निकाय व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के मतदाता शामिल होते हैं।

## खबरें एक नजर में

### गरीब दिव्यांग के मकान पर दबंगों ने किया कब्जा



**बांदा।** जनपद के कमासिन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुमेढ़ा सानी बगलन पुरवा में एक गरीब दिब्यंग व्यक्ति के निजी मकान पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित गया प्रसाद कुशवाहा पुत्र स्व. रामप्यारे ने जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर दबंगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, मोहन लाल पुत्र भूसी निवासी ग्राम कुचारम थाना पहाड़ी, जनपद चित्रकूट तथा राजकुमार पुत्र चुनबाद कुशवाहा, रमेश एवं प्रकाश पुत्रगण चन्द्रपाल निवासी ग्राम कुमेढ़ा सानी ने उसके रहायशी मकान पर जबरन कब्जा कर लिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने घर का सारा सामान बाहर फेंक दिया। घटना के समय गया प्रसाद खेत पर काम कर रहा था, वापस लौटने पर उसने अपने घर पर कब्जा पाया। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में उसने दिनांक 14 जनवरी 2026 को थाना कमासिन में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक उसका मकान खाली नहीं कराया गया। कब्जे के कारण उसका पूरा परिवार बेघर हो गया है और खेत में रहने को मजबूर है। पीड़ित के साथ उसका 10 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र और 5 वर्षीय पुत्री कु. चन्दा भी खुले में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए गया प्रसाद ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर मकान खाली कराने की मांग की है। मामले ने प्रशासनिक संवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### अपनाओ ट्रैफिक रूल जीवन का मंत्र अमूल्य

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व आरटीओ उदयवीर सिंह ने कार्यक्रम को किया संबोधित

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज महाराणा प्रताप चौक शहर बांदा पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज एवं संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन उदयवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, मंडल समन्वयक/ मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा डा. पीयूष मिश्रा, यातायात प्रभारी संजय मिश्रा सड़क सुरक्षा समिति सदस्य सुनील सक्सैना, राम मोहन गुप्ता आदि की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं यातायात नियमों को लेकर सेंट जेवियर स्कूल बांदा के छात्र/ छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं सड़क सुरक्षा गीत के माध्यम से शहर वासियों को जागरूक करने का अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया संभागीय परिवहन अधिकारी उदयवीर सिंह ने रिचा एवं यथार्थ को एक दिन का आर.टी.ओ.बनाकर शहर वासियों को जागरूक कराया गया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में किया जा रहे कार्यों से सभी को परिचित कराया तथा उनके उत्कृष्ट पोस्टरों का प्रदर्शन भी किया इस अवसर पर मंडली समन्वयक/ मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा डॉ पीयूष मिश्रा द्वारा सेंट जेवियर स्कूल के बच्चों को नोडल छात्रों के रूप में कार्य करते हुए एक नेक मददगार बनकर पूरे प्रदेश में एक रोल मॉडल बनने की प्रेरणा दी यातायात प्रभारी ने सभी को यातायात नियमों से परिचित कराया सुनील सक्सेना समिति सदस्य ने सभी का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन कराने के उद्देश्य से ष्ये छोटे-छोटे रूल इनको न जाना भूलष् तथा श्अपनाओ ट्रैफिक रूल जीवन का मंत्र अमूल्य स्लोगन के माध्यम से प्रस्तुति दी गयी।

इस अवसर पर सेंट जेवियर स्कूल के प्रधानाचार्य अल्बर्ट रस्किन ,नोडल शिक्षक अजीत कुमार एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सिविल लाइन चौकी इंचार्ज आनंद कुमार साहू, सेंट जॉर्ज स्कूल के प्रधान चार्य एलबर्ट रस्किन, नोडल टीचर अजीत कुमार नवीन, पूनम सहित छात्र छात्रा पवनी रिचा साक्षी आकृति गरिमा आयुषी अंशिका ज्योति अन्य दीपाछी ,अग्रणी, वैभव लकी शौर्य शैलेंद्र उत्कर्ष आयुष्मान यश राज ,हिमांशु ,सजल,अग्रज, दीपिका ,आयुषी ,आभा ,यथार्थ राजन आदि मौजूद रहे।

## निचलौल और नौतनवां कस्टम टीम ने बार्डर पर केला लदी नौ ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** निचलौल और नौतनवां कस्टम तथा बहुआर पुलिस चौकी की टीम ने निचलौल क्षेत्र के कनमिसवा बार्डर पर कच्चा केला लदी नौ ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा है। पकड़े गए सभी ट्रैक्टर ट्रॉली को निचलौल कस्टम कार्यालय में सीज किया गया है। निचलौल और नौतनवां कस्टम अधिकारियों को अलग अलग सूचना मिली कि बार्डर पर केला लदी ट्रैक्टर ट्रॉली नेपाल की तरफ भेजी जा रही है। इसपर कस्टम अधीक्षक निचलौल भगवान शाह और नौतनवां के कस्टम निरीक्षक विवेक सिंह ने अलग अलग टीम बनाकर मौके पर पहुंच गए। टीम में इनके साथ हवलदार ओमप्रकाश, सुधाकर, हरेंद्र सिंह, बहुआर चौकी इंचार्ज भूपेंद्र प्रताप सिंह, कपिल प्रजापति शामिल रहे।

इस दौरान नेपाल की तरफ जा रही ट्रैक्टर ट्रॉलियों को रोककर देखा गया तो उसमें कच्चा केला लदा हुआ था। इन केला लदी नौ ट्रैक्टर ट्रॉली में चार को निचलौल कस्टम और पांच को नौतनवा कस्टम ने पकड़ा है। इसमें तीन ट्रैक्टर ट्रॉली भारतीय नम्बर की तथा छह ट्रैक्टर ट्रॉली नेपाली नंबर की रही। सभी ट्रैक्टर ट्रॉली को निचलौल कस्टम कार्यालय में सीज किया गया है।

## ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी मिलेगी कान्वेंट स्कूलों की तरह शिक्षा

- योगी सरकार लगातार शिक्षा क्षेत्र में कर रही सार्थक कार्य
- बांदा की 2 तहसील क्षेत्र में बनेंगे मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक कार्य कर रही है। सरकार जनपद स्तर पर मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय बनवाने जा रही है। ये विद्यालय प्री प्राइमरी से लेकर 12वीं तक होंगे। बांदा जिले की दो तहसील क्षेत्र में इन विद्यालयों को खोल जाना है। जिसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है और प्राक्कलन तैयार कर राज्य सूचना कार्यालय लखनऊ भेज दिया गया है। वहीं ग्रांट मिलने के बाद इन विद्यालयों के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह विद्यालय 5 एकड़ से अधिक भूमि पर बनाए जाएंगे और एक विद्यालय को बनाने में लगभग 25 करोड रुपए खर्च होंगे। विद्यालय में 42 आधुनिक कक्ष बनाए जाएंगे जिसमें 1500 बच्चे पठन-पाठन कर सकेंगे।

पैलानी तहसील क्षेत्र के सिंधन कला गांव में व नरैनी तहसील क्षेत्र के भसरौड़ गांव में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय बनाए जाने हैं। सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण इलाकों के बच्चों को भी कॉन्वेंट स्कूलों की तर्ज पर शिक्षा मिले और वह भी अपने सपनो को पंख लगा सकें। प्रस्तावित विद्यालय भवन में छात्र-छात्राओं को आधुनिकतम शैक्षणिक प्रवेश मिले इसको लेकर 42 कक्षाएं यहां बनाई जाएंगीं। साथ ही खेल का मैदान एवं कौशल विकास के संसाधनों को भी यहां पर विकसित किया जाएगा। इन विद्यालयों में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्री प्राइमरी से 12वीं तक अलग-अलग कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा कक्षा 11 एवं 12 के लिए विज्ञान, कला एवं वाणिज्य विषयों के लिए अलग-अलग कक्षाओं को बनाया जाएगा।

### कांग्रेस पार्टी में नही थम रहा इस्तीफों का दौर

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के विकास पुरूष पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने के बाद से पार्टी में लगातार इस्तीफों का दौर जारी है। लगातार कई दिनों से हजारों लोग पार्टी से नसीमुद्दीन सिद्दीकी के समर्थन में इस्तीफा दे रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी नसीम के पार्टी के छोड़ने के बाद लगातार कमजोर होती जा रही है। गुरूवार को पार्टी से हजारों लोगों ने इस्तीफा दिया है।

### सेढ़ू तलैया नाले में गिरने से गाय की मौत

टेंडर होने के बावजूद नगर पालिका परिषद नहीं बनवा रहा है नाला

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** शहर के सेढ़ू तलैया अलीगंज स्थित नाला वर्तमान समय में अत्यंत जीर्ण क्षीण अवस्था में है। नगर पालिका परिषद के द्वारा 6 महीना पहले टेंडर कराकर ठेकादार को ठेका देने के बावजूद भी संबंधित ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है जिसके कारण पिछले 6 महीने में नाले में गिरने से तीन गायों की मौतें हो चुकी है ज्ञात हो कि वर्तमान सेढ़ू तलैया नाला लोहिया पुल से लेकर विराट पैलेस अतर्रा चुंगी तक जाता है जो 20- 25 वर्ष पहले बनाया गया था तथा बीच बीच में कई जगह नाला निर्माण नहीं किया गया नाले की दीवारें बहुत ही नीची है तथा नाला कई जगह से टूटा है सेढ़ू तलैया छोटी काली देवी मंदिर की मुख्य सड़क पर जल संस्थान के द्वारा नाले के बीचो-बीच से पानी की पाइपलाइन डालने से लोग गंदा पानी पीने को मजबूर है कई बार शिकायत करने के बावजूद पानी की पाइपलाइन को विभाग नहीं हटा रहा है बारिश के बाद नाले की सफाई भी नहीं कराई गई है ठेकेदार के द्वारा नाले की निकासी भी पूरी तरह बंद कर दी गई है जिसके कारण नाले में पानी भरा हुआ है और जानवर लगातार मौत के शिकार हो रहे हैं इस संबंध क्षेत्रीय नागरिकों के द्वारा नगर पालिका परिषद में दर्जनों बार लिखित एवं मौखिक शिकायत की गई परंतु संबंधित विभाग नाले एवं पुलिया का निर्माण नहीं करा रहा है न ही नाले का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

समस्त जनपद व क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस एवं महाशिवरात्रि की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

'स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी,
एक कदम स्वच्छता की ओर'
अल्पना श्रीवास्तव
स्वच्छता प्रभारी नगर निगम
शाहजहांपुर।

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की ढ़ेरों शुभकामनाएं
स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी, एक कदम स्वच्छता की ओर
विपिन कुमार

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत गंगापुर
विकासखंड गोंदलामऊ

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की ढ़ेरों शुभकामनाएं
स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी, एक कदम स्वच्छता की ओर
सर्वेश कुमार

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत विजान
ग्रन्ट विकास खण्ड
गोंदलामऊ




आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

अमित पाठक
प्रधान प्रतिनिधि विकासखंड
पड़री कृपाल गोंडा

सुरेश चंद्र पाठक
ग्राम प्रधान खैरा विकासखंड
पड़री कृपाल गोंडा

कार्यालय नगर पंचायत, बेनीगंज, हरदोई
पत्रांक मेमो/न.पं.बे./विज्ञापन/2025-26 दिनांक 24/01/2026
77वें गणतंत्र दिवस एवं महाशिवरात्रि पर नगर पंचायत बेनीगंज के सम्मानित नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें अपीलः नगर पंचायत आपसे निम्न अपेक्षाएं करता है।
1. नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। 2. गीला सूखा कूड़ा अलग-अलग रखें।
3.जलकर एवं गृहकर समय पर जमा करें। 4.जन्म मृत्यु का पंजीकरण समय पर करायें।
5.सरकारी संपत्ति (शौचायलयों) को नुकसान न पहुंचाएं।



(संजय कुमार अग्रहरी)
उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी
(शिव प्यारी)
अध्यक्ष, नगर पंचायत बेनीगंज,हरदोई
सभासदः 1. रामदुलारी 2. शशि कला 3. रामकिशन 4.पूनम वर्मा 5.बद्री विशाल 6. रामशंकर 7. अमन कुमार 8.राजीव कुमार त्रिपाठी 9.ममता गुप्ता 10.अमित कुमार